स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी


लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शनिवार
17 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 5
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -265 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



ट्रंप ने कहा पुतिन से जल्द मिलूंगा, अब सीधी बात जरूरी

## ब्रह्मोस ने रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया



**भुज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। इस एयरबेस

### भुज से रक्षा मंत्री ने पाक को दिखाया आईना

को पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना की ओर से निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, उनके नापाक मंसूबों पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पानी फेर दिया था। राजनाथ की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर की यात्रा, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के एक दिन बाद हुई। भुज में उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मोस की ताकत पूरी दुनिया ने देख ली है। पाकिस्तान पर हमारी मिसाइल कहर बनकर बरसी है। उन्होंने कहा कि यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है।

### पाक को एक अरब डॉलर की मदद पर फिर सोचे आईएमएफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को दी गई एक अरब डॉलर की मदद पर फिर से पुनर्विचार करने की अपील की है। केंद्रीय मंत्री ने आशंका जताई है कि पाकिस्तान इस राशि का दुरुपयोग आतंकी गतिविधियों को संचालित करने में कर सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत नहीं चाहता कि आईएमएफ को दिए जाने वाले उसके धन का इस्तेमाल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान या किसी अन्य देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचा तैयार करने में किया जाए।

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

## रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ रुपए बढ़ाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के

### आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस

दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपए दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े देश भारत का सैन्य खर्च 1.6 प्रतिशत बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर (7.19 लाख करोड़) हो गया है। वहीं, पहलगाम हमले के बाद से न्यूक्लियर मिसाइल दागने की धमकी दे रहे पाकिस्तान का सैन्य खर्च 10.2 बिलियन डॉलर यानी करीब 85,170 करोड़ रहा।

## यूपी में प्रचंड गर्मी का कहर, 22 जनपदों में लू का अलर्ट




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। शुक्रवार को प्रदेश के आगरा और झांसी में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। वहीं प्रयागराज, वाराणसी, अमेठी, सुल्तानपुर आदि जिलों में

### आगरा समेत कई जिलों में पारा 45 डिग्री पार

दोपहर में ही तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार और शनिवार को दक्षिणी यूपी, बुंदेलखंड के साथ ही आगरा और अलीगढ़ डिविजन में गर्मी और लू प्रकोप ज्यादा संभावित है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के पूर्वी दक्षिणी और बुंदेलखंड के 22 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी किया है। साथ ही शुक्रवार से लेकर शनिवार के दौरान, प्रदेश के पूर्वी हिस्सों के 32 जिलों में लू की चेतावनी और 15 जिलों में उष्ण रात्रि की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक नया विक्षोभ और वेदर सिस्टम सक्रिय हो रहा है।

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी है।

## एशिया में फिर बढ़े कोविड-19 के मामले



**सिंगापुर।** एशिया में एक बार फिर से कोविड-19 के मामलों में तेजी देखी जा रही है। घनी आबादी वाले हांगकांग और सिंगापुर में पिछले दिनों कोविड के मामले अचानक बढ़ गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह नया उछाल

### चीन, सिंगापुर, थाईलैंड और हांगकांग में बढ़ रहे केस

पूरे क्षेत्र में एक नई लहर का संकेत दे सकता है। हांगकांग में वायरस की गतिविधि काफी हाई स्तर पर पहुंच गई है, जबकि सिंगापुर में भी हाल के सप्ताह में मामलों और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हांगकांग के सेंटर फॉर हेल्थ प्रोटेक्शन के प्रमुख अल्बर्ट औ ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शहर में कोविड-19 की गतिविधि अब काफी हाई है। कोविड से संक्रमित लोगों के पॉजिटिव टेस्ट का प्रतिशत एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, 3 मई तक के सप्ताह में 31 गंभीर मामले दर्ज किए गए, जो पिछले एक साल में सबसे ज्यादा है। सिंगापुर में भी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 3 मई को समाप्त हुए सप्ताह में अनुमानित मामलों में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 14,200 तक पहुंच गए। इसके साथ ही, दैनिक अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में भी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सिंगापुर अब केवल तभी मामले की संख्या की रिपोर्ट करता है जब उनमें उल्लेखनीय वृद्धि होती है। चीन और थाइलैंड में भी कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। चीन में नई लहर पिछले साल की गर्मियों जितनी तेज हो रही है।

# मॉडल के रूप में विकसित होंगे श्रमिक अड्डे : योगी

### सीएम ने कहा- कैंटीन में मिलेगा 5 से 10 रु में चाय, नाश्ता और भोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य



सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। यह उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईसी से जोड़ा जाए। इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

## सोने तक नहीं देते थे, जासूसों की तरह करते थे टॉर्चर



**कोलकता।** पाकिस्तान से 21 दिनों के बाद रिहा होकर भारत लौटे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ ने अपनी पत्नी रजनी से फोन पर बातचीत में कैद के दौरान के अपने अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी को बताया कि पाकिस्तान में कैद के दौरान

### पाकिस्तान से लौटे बीएसएफ जवान ने सुनाई आपबीती

उन्हें रात को सोने तक नहीं दिया गया। लगातार पूछताछ की जाती थी। पाकिस्तानी ऐसी हरकत करते थे कि जैसे पीके शॉ कोई जासूस हों।

23 अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में ड्यूटी के दौरान पूर्णम कुमार शॉ गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश कर गए थे। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अगले ही दिन यह घटना घटी। पाकिस्तान की सेना ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया था। भारत सरकार ने कूटनीतिक चैनल के जरिए दबाव बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद पाकिस्तान से उसकी रिहाई हुई। पति से बात करने के बाद रजनी शॉ ने कहा, उन्होंने बताया कि उन्हें शारीरिक यातना नहीं दी गई, लेकिन मानसिक रूप से वे पूरी तरह थक चुके हैं। उन्हें हर रात पूछताछ के लिए उठाया जाता था। वह बोले कि उन्हें खाना तो मिलता था, लेकिन दांत साफ करने की अनुमति भी नहीं दी गई। उनकी आवाज में थकावट साफ झलक रही थी। रजनी ने यह भी बताया कि पूर्णम शॉ को तीन अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया। उनमें से एक जगह संभवतः किसी एयरबेस के पास की जगह थी, क्योंकि वहां हवाई जहाजों की आवाजें आती थीं। यह सब उनके मानसिक तनाव को और बढ़ाने वाला अनुभव था।

## सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उदघाटन किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर

### गृह मंत्री ने किया मल्टी एजेंसी सेंटर का उद्घाटन

### रॉ-सेना-सीएपीएफ सहित कई एजेंसियां साझा करती हैं इनपुट

पीएम मोदी की दृढ़ राजनितिक इच्छाशक्ति, आसूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत खुफिया सूचना जुटाने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो




(आईबी) के बाज, यानी मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) पर गृह मंत्री अमित शाह का खास फोकस है। ये खुफिया मल्टी एजेंसी सेंटर 24 घंटे बाज की तरह सतर्क रहता है। सेना-सीएपीएफ, एनआईए, ईडी और सीबीआई सहित लगभग 26 केंद्रीय एजेंसियां मल्टी एजेंसी सेंटर में अपने सीक्रेट इनपुट साझा करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ एक एकीकृत एक्शनेबल सिस्टम बनाना होगा। आतंकवाद के वित्तपोषण, क्रिप्टो जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों के पुलिस थानों से लेकर पुलिस महानिदेशक के कार्यालय तक समन्वित अप्रोच अपनानी होगी। उन्होंने नीड टू नो से ड्यूटी टू शेयर की ओर बढ़ने का आह्वान किया था। अब मैक में इन सभी बातों पर काम शुरु हो गया है। देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य के बीच आतंकवादी नेटवर्क और उनके सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिल रहा है। शाह के अनुसार, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सातों दिन और 24 घंटे सतर्क रहना बहुत जरूरी है।

## अब एमपी के डिप्टी सीएम के बयान पर विवाद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह का कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है। इसी बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के एक बयान पर विवाद हो गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई कार्रवाई को लेकर डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि देश की सेना और सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक हैं, पूरा देश उनके चरणों में नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। दरअसल, इस वाक्य से पहले वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र कर रहे थे। इस वजह से कांग्रेस ने उन पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दावा है कि उपमुख्यमंत्री देवड़ा पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक होने की बात कर रहे थे। मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम बीते गुरुवार को जबलपुर के दौरे पर थे। जहां, एक कार्यक्रम को संबोधित




करते हुए देवड़ा ने कहा कि मन में बहुत क्रोध था, जो नजारा हमने देखा, जो पर्यटक घूमने गए थे, वहां चुन-चुनकर, धर्म पूंछ-पूंछकर, महिलाओं को एक तरह खड़ा करके, बच्चों के सामने पुरुषों को गोली मार दी गई। उस दिन से देश के लोगों में बहुत तनाव था, जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने माताओं का सिंदूर मिटाया, और आतंकवादियों को जो पाल रहे हैं, उनको जब तक नेस्तनाबूद नहीं करते, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई

### कहा- हर कोई अखबार में नाम चाहता है

अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को



चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा। जब याचिकाकर्ता के वकील ने उन्हें लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप की अनुमति देने की मांग की तो पीठ ने कहा कि हमारे पास पहले से ही तमाम हस्तक्षेपकर्ता हैं।

## ब्रिटेन में नीरव मोदी की नई जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को हीरा कारोबारी नीरव मोदी की नयी जमानत याचिका खारिज कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नीरव मोदी वहां की एक जेल में बंद है और अपने मामा मेहुल चोकसी के साथ 13,000 करोड़ रुपये के पीएनबी (पंजाब नेशनल बैंक) धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित है। उन्होंने बताया कि नीरव मोदी (55) ने बृहस्पतिवार को लंदन की अदालत में याचिका दायर कर अपने प्रत्यर्पण अनुरोध पर फैसला आने तक जमानत पर रिहाई की मांग की। सीबीआई ने कहा, नीरव दीपक मोदी द्वारा दायर नयी जमानत याचिका को बृहस्पतिवार को लंदन के किंग्स बेंच डिविजन की अदालत ने खारिज कर दिया।

## राज्य संचालित मंदिरों में सिर्फ ब्राह्मण ही पुजारी क्यों?



**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में सवाल उठाया गया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित धार्मिक स्थलों में पुजारी के रूप में केवल ब्राह्मणों को ही क्यों मौका दिया जाता है।

### एमपी हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल

याचिका अनुसूचित जाति-जन जाति अधिकारी कर्मचारी संघ की ओर से दायर की गई है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जाने वाले धार्मिक स्थलों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में सवाल उठाया गया है कि इन धार्मिक स्थलों में पुजारी के रूप में नियुक्ति के लिए केवल ब्राह्मणों को ही अवसर क्यों दिया जाता है। हिंदू धर्म की सभी जातियों को क्यों नहीं। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में इस सवाल का जवाब देने का आदेश दिया है।

## दो एफआईआर दर्ज होने पर राहुल बोले ये मेरे लिए पदक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के कई पदाधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को दरभंगा के अंबेडकर कल्याण छात्रावास में निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए और बिना अनुमति के कथित रूप से अनाधिकृत जनसभा आयोजित करने के आरोप में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये सभी मेरे लिए पदक हैं। मेरे खिलाफ 30-32 मामले दर्ज हैं। दरभंगा के एसडीपीओ (सदर) अमित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के औपचारिक अनुरोध के बाद राजेंद्र भवन (टाउन हॉल) में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कांग्रेस को लिखित अनुमति दी थी। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि अंबेडकर छात्रावास परिसर में एक अलग कार्यक्रम के लिए अनधिकृत तैयारी थी।

## दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है। बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है।

### 10 दिन में 30 एमपी बताएंगे पड़ोसी की करतूत

भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है। इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं।

## दिल्ली में पकड़े गए 13 बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने औचंदी गांव से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रहने के आरोप में हिरासत में लिया है। उनके पास से बांग्लादेशी पहचान दस्तावेज बरामद किए गए हैं। दिल्ली में लगातार अवैध रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान जारी है। इससे पहले अप्रैल में दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, मंडावली पुलिस थाने को मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। एक टीम ने सबसे पहले अवैध प्रवासी होने के संदेह में एक महिला को पकड़ा। पुलिस ने कहा, पूछताछ करने पर उसने पहाड़गंज इलाके में छिपे पांच अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के ठिकाने का खुलासा किया।

# आपरेशन सिंदूर भारत की शौर्य गाथा का प्रतीक : एके शर्मा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद पडरौना में गायत्री मंदिर से तिलक चौक तक भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य, पराक्रम एवं वीरता को नमन करने के लिए तथा नागरिकों को देश की संप्रभुता, एकता,अखंडता व राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूक करने के लिए यह तिरंगा यात्रा निकाली गई है। एके शर्मा ने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते है और दुश्मन देश भारत की सरहदों पर आतंकवादियों को भेजकर हमारे नागरिकों पर जुल्म करता है, नृशंस हत्याएं करवाता है, आतंकवाद फैलाता है। इसलिए उन्हें पापीस्तान कहना चाहिए। तिरंगा यात्रा में हजारों की संख्या में शामिल पडरौना, कुशीनगर एवं पूर्वांचल के नागरिकों, युवाओं व मातृशक्ति को उन्होंने धन्यवाद दिया और अभिवादन किया। तिरंगा यात्रा में विधायक, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष विनय जयसवाल, दुर्गेश राय जिला अध्यक्ष शामिल रहे।

**पूर्वांचल के पिछड़ेपन को दूर कर रही है सरकार : ऊर्जा मंत्री : कसया/कुशीनगर।** शहरी नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को नगरपालिका के निराश्रित पशु आश्रय घर परिसर में आयोजित विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वांचल के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कदम उठाए गए हैं। विद्युत व्यवस्था में निरंतर सुधार हो रहा है तो विकास की किरणें भी आम व्यक्ति तक पहुंच रही है। उन्होंने नगरपालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल द्वारा सात करोड़ की लागत से बनने वाले नगरपालिका कार्यालय एवं सभासदों द्वारा मानदेय, अमृत टू एवं आकांक्षी नगर योजना लागू किए जाने की मांग पर शीघ्र ही कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने 3825.64 लाख की 145 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 1587.5 लाख से निर्मित 78 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इनमें कुशीनगर नगरपालिका की 35, हाटा के चार, खड्डा के तीन, छितौनी के चार, तमकुहीराज के एक, फाजिलनगर की पांच, सेवरहीं 10, दुदही के छह एवं रामकोला नगर पंचायत के 10 परियोजनाओं का लोकार्पण तो कुशीनगर नगरपालिका के 86, हाटा के चार, खड्डा चार, छितौनी तीन, तमकुहीराज 21, सेवरहीं 21 व रामकोला नगर पंचायत के छह परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार देश की रक्षा के साथ-साथ क्षेत्र और गांव के विकास पर निरंतर कार्य कर रही है।

## किसानों के मसीहा थे गेंदा बाबू : नगर विकास मंत्री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तुर्कपट्टी कुशीनगर।** तहसील के बरवा राजा पाकड़ स्थित गेंदा सिंह लघु माध्यमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रथम नेता प्रतिपक्ष, पूर्व सांसद व मंत्री स्व. बाबू गेंदा सिंह की प्रतिमा का अनावरण प्रदेश सरकार के नगर विकास व ऊर्जा विभाग के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने किया।

सांसद विजय कुमार दुबे ने उन्हें मूल्यनिष्ठ राजनीति का प्रतीक बताया, जबकि अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने उन्हें किसानों की आवाज बताया। विधायक तमकुही डा. असीम राय, खड्डा विवेकानंद पांडेय, हाटा मोहन वर्मा, पडरौना मनीष जायसवाल, रामकोला विनय गोंड सहित वक्ताओं ने कहा कि गेंदा बाबू ने अपने संघर्ष और समर्पण से जिस राजनीति की नींव रखी, वह आज की पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम त्यागी ने किया। आयोजक डा. पुनीत राय, रजनीश राय और सत्येंद्र शुक्ल ने आभार जताया। इस अवसर पर पं. पंकज कृष्ण शास्त्री, विनय जायसवाल, चन्द्र प्रकाश चमन, राधेश्याम पाण्डेय, राकेश जायसवाल, पूर्व प्रमुख विजय राय, विनोद सिंह, व्यास राय, रमेश राय, सदा शिवमणि त्रिपाठी, अशोक राय, पारसनाथ सिंह, चन्द्रभान राय, मनीष राय, राहुल श्रीवास्तव, नीरज शाही, तुला नारायण राय,अनवर अंसारी, प्रधान मुन्नीलाल, अशोक पाल आदि उपस्थित रहे।

## जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें पेंशनर्स

**बस्ती।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कार्यालय में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था बस्ती के अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी की अध्यक्षता में बैठक किया। संचालन मंत्री बद्री प्रसाद चौधरी ने किया, बैठक में मुख्य कोषाधिकारी के निर्देश सभी पदाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि पेंशनर्स को अवगत कराया जाए कि यदि 3 माह से किसी की पेंशन रुकी हुई है तो वह तत्काल अपना जीवित प्रमाण पत्र को कोषागार में प्रस्तुत करें। 18 मई को ठाकुर बीएन सिंह की पुण्यतिथि विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी परिषद कार्यालय में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा बस्ती पर 11 बजे दिन में मनाया जाएगा। बैठक में लालचंद वर्मा, ओम प्रकाश चौधरी, संतराम चौधरी, जोखन राम, राधेश्याम श्रीवास्तव, गौरी शंकर, ओरी लाल, अशफाक अहमद, जगराम शर्मा, राम जानकी प्रसाद राव, रामसागर चौधरी, राम लुटावन आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने की नगर निकायों की समीक्षा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) एवं नगर निकायों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

डीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी अन्तर्गत धनराशि प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को आवास जल्द से जल्द बनवाने का निर्देश दिया गया तथा जिन लाभार्थियों द्वारा आवास का निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है उनको अन्तिम नोटिस निर्गत करने तथा फिर भी आवास निर्माण में रूचि न लेने वाले लाभार्थियों का नियमानुसार आरसी जारी करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सभी ईओ को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने नगर निकाय में प्राप्त प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अन्तर्गत आवेदनों के पात्रता की जांच करते हुए ससमय डूडा कार्यालय को सूची उपलब्ध कराये एवं



पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत वेण्डर्स प्रोफाइल में ऋण प्राप्त वेण्डर्स का शत-प्रतिशत वेण्डर्स एवं उनके फैमिली प्रोफाइलिंग को एक सप्ताह में पूर्ण कराते हुए प्राप्त धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र डूडा कार्यालय को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सहित समस्त नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट आदि का निरीक्षण/समीक्षा नियमित तौर पर संबंधित अधिशाषी अधिकारी करते रहें। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष हरिहरपुर रवींद्र सिंह उर्फ पप्पू शाही, नगर पंचायत हैंसर अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलमणि, वरिष्ठ कोषाधिकारी त्रिभुवन लाल, सहायक अभियंता लोक निर्माण विमल कुमार, जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल, एडीएसटीओ रविंद्र यादव, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज आदि उपस्थित रहे।

# बड़ी घटना के आरोपितों पर शांतिभंग की कार्रवाई से पीड़ित आहत

**पीड़ित ने कसा तंज, धन्यवाद, उत्तर प्रदेश नहीं उत्तम प्रदेश पुलिस, एक्स, वाट्सएप आदि प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा तुर्कपट्टी पुलिस का कारनामा**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**तुर्कपट्टी।** थानाक्षेत्र के धनौजी गांव मे गत 11 मई को विवाद मे पीड़ित व उसकी मां के साथ मारपीट के की घटना में सूचना पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस की लापरवाही व निष्क्रियता से न सिर्फ आरोपितों का मनोबल बढ़ा, अपितु उन्होने दुःसाहस का परिचय देते हुए 13 मई की रात बंद दुकान में चोरी, लूटपाट, तोड़फोड़ व बलवा किया।

उस पर भी तुक्का यह की प्रभारी निरीक्षक नें गंभीर अपराध में गिरफ्तार आरोपितों को 14 मई की सायं शांतिभंग मे चालान कर अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ ली और जनपद स्तरीय अधिकारियों को भ्रामक सूचना देकर गुमराह कर दिया। हांलांकि इसके बाद कुछ ऐसा हुआ कि आधी रात को (11.58 बजे) आनन फानन में आठ आरोपितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की आठ धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। चर्चा है कि मंडल स्तर के अधिकारी की दखल के बाद यह कार्रवाई हुई।

इससे थानाक्षेत्र के नागरिकों का न सिर्फ तुर्कपट्टी कुशीनगर पुलिस से भरोसा उठ गया है अपितु इन पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई न करने के लिए उच्च अधिकारियों की साख पर भी सवाल उठने लगे हैं। इधर इस विषयवस्तु पर पीड़ित ने सोशल मीडिया पर पुलिस पर तंज कसते हुए अपनी भड़ास निकाली है। सत्ता पक्ष से जुड़े पीड़ित का यह पोस्ट वाट्सएप आदि पर खूब वायरल हो रहा है। पोस्ट में पीड़ित ने तहरीर व घटना से जुड़े तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है कि बड़ी घटना में अभियुक्तों का शांतिभंग मे चालान। पैसा है तो सबकुछ मुमकिन है। उत्तर प्रदेश नहीं, उत्तम प्रदेश पुलिस को धन्यवाद।

**तुर्कपट्टी पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर आरोप :** धनौजी गांव में 11 मई को हुई मारपीट की घटना में पुलिस की ढिलाई अब क्षेत्रीय चर्चा का विषय बन गई है। सोशल मीडिया पर वायरल उक्त पोस्टों के अलावा चर्चा है कि यदि उसी समय गंभीर धाराओं में कार्रवाई होती तो 13 मई की दूसरी बड़ी वारदात रोकी जा सकती थी। पुलिस पर आरोप है कि उसने टालमटोल रवैया अपनाया, न तो तत्काल आरोपितों को पकड़ा और न ही सख्त कदम उठाए।

क्षेत्रीय जनों का कहना है कि पहले मामले को हल्के में लेने का ही नतीजा है कि दो दिन में बड़ी घटना हो गई। अब इसमें भी शांतिभंग जैसी मामूली धाराओं में कार्रवाई की बात सामने आ रही है, जिसे न्याय के साथ मजाक बताया गया। तुर्कपट्टी पुलिस व प्रभारी निरीक्षक की भूमिका को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोगों ने वरिष्ठ अधिकारियों से जांच और ठोस कार्रवाई की मांग की है। पुलिस के इस कार्रवाई को लेकर लोगों में कई तरह की चर्चा हो रही है।

# थाने से चंद कदमों की दूरी पर मेडिकल स्टोर में चोरी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**नगर बाजार, बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित हाईवे पर साई मोबाइल सेंटर में बीती रात बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। चोरी की यह घटना नगर थाने से महज एक किलोमीटर की दूरी पर घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुई है, जहां आमतौर पर रात में भी हलचल बनी रहती है।

दुकान के मालिक सूरज ने बताया कि रोज़ की तरह कल रात को उन्होंने शटर बंद कर दुकान बंद कर दी थी और घर चले गए। सुबह उन्हें उनके मकान मालिक और बगल की दुकान में स्टील का काम करने वाले जुलजुल ने सूचना दी कि शटर गैलरी की ओर से खुला हुआ है। जब वे मौके पर पहुंचे, तो देखा कि दुकान से लगभग ढाई लाख रुपये के मोबाइल और अन्य कीमती एसेसरीज़ गायब हैं



फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लेकिन जिस प्रकार से चोरी को अंजाम दिया गया है, उससे यह सवाल उठता है कि क्या स्थानीय पुलिस वाकई चौकस है। थानाध्यक्ष नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना ने साफकर दिया है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और पुलिस व्यवस्था में बड़ी खामी है, जिसे दुरुस्त करना बेहद जरूरी हो गया है।

# छात्रों को दी गई पुलिस की कार्यशैली की जानकारी

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा स्टूडेंट्स पुलिस एक्सपीरियशल लर्निंग प्रोग्राम के तहत बुद्धा पीजी कॉलेज कुशीनगर,विद्यावती देवी महाविद्यालय तमकुहीराज, किसान पीजी कॉलेज हाटा से आये छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्यालय कुशीनगर पर पुलिस और प्रशासनिक कार्यों के प्रति जागरूक किया गया तथा पुलिस कार्यालय की अन्य शाखाओं का भ्रमण कराकर पुलिस द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय, सहायक नोडल अधिकारी निरीक्षक रामचन्द्र राम, थाना कोतवाली हाटा से उनि0 दिव्यांशु पाण्डेय, थाना पटहेरवा से उ0नि0 सचिदानन्द यादव व थाना कसया के नोडल रहे निरीक्षक विज्ञानकर सिंह आदि अधिकारी-कर्मचारीगण, एवं स्कूल-कालेज से



आये शिक्षक, छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को अनुभवात्मक सिखलाई के अन्तर्गत कानून और आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम, मानव तस्करी, कानून व्यवस्था, क्राइम सीन आदि विषयों पर जानकारी देते हुए पुलिस के प्रति नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए जागरूक किया गया। फोरेंसिक टीम ने छात्रों को अपराध स्थल पर साक्ष्य संरक्षण, फिंगरप्रिंट विश्लेषण, डीएनए जांच, और अन्य वैज्ञानिक विधियों के महत्व के बारे में जानकारी दी। सत्र के दौरान छात्रों को क्राइम सीन सिमुलेशन के माध्यम से व्यावहारिक प्रदर्शन भी दिखाया गया, जिसमें साक्ष्य संग्रह और विश्लेषण की प्रक्रिया को समझाया गया। सीओ अभिषेक प्रताप अजेय, सहायक नोडल अधिकारी निरीक्षक रामचन्द्र राम द्वारा विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, डिजिटल अरेस्ट, अपरिचित नम्बर से कॉल कर होने वाले फ्राड, एआई के द्वारा फोटो वीडियो एडिट कर होने वाले फ्राड आदि के बारे में बताते हुए उनसे बचने के तरीकों के बारे में बताते हुए साइबर सम्बन्धी शिकायतो हेतु सरकार द्वारा जारी हेल्पलाईन नम्बर 1930 के बारे में बताया गया। साथ ही थाने पर प्रतिदिन होने वाली जनसुनवाई एवं महिला सम्बन्धी शिकायतों के लिए बने महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई । इस कार्यक्रम का एक प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को पुलिस के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में अवगत कराना है। युवा वर्ग और पुलिस के बीच एक बेहतर समझ विकसित होगी। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को पुलिसिंग के जटिल कार्यों की व्यावहारिक जानकारी देगा, बल्कि उन्हें समाज में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के प्रयासों में भी प्रेरित करेगा।

# नलकूप खंड का डीएम ने किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** डीएम रवीश गुप्ता ने कार्यालय नलकूप खण्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने कार्यालय नलकूप खण्ड के समस्त कक्षों को देखा। उन्होने पाया कि इस कार्यालय में कुल 17 कर्मचारी है और सभी कर्मचारी उपस्थित है। कार्यालय में नलकूप शिकायत सम्बन्धी हेलो रजिस्टर बनाया गया है। नलकूप शिकायत के सम्बन्ध में प्रतिदिन 10 व्यक्तियों से दूरभाष पर सम्पर्क किया जाता है।

इस दौरान उन्होने परमेन्द्र कुमार हेल्पर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के सर्विस बुक को चेक किया, जिसमें माह अप्रैल तक सभी प्रविष्टियों का अंकन पाया गया। विद्युत की समस्या का अंकन माहवार एवं यांत्रिक दोष से खराब नलकूपों के शिकायत का साप्ताहिक अंकन रजिस्टर पर किया गया है। कार्यालय में 20 वर्ष पुराने अभिलेख पाए गये, जिस पर डीएम ने निर्देश दिया कि 20 वर्ष पुराने रखे अभिलेखों की नियमानुसार वीडिंग करवाएं एवं कार्यालय व परिसर की साफ सफाई सुव्यवस्थित ढंग से करवाया जाए।

# यूनिक साइंस एकेडमी के मेधावियों का हुआ सम्मान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** यूनीक साइंस एकेडमी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में हाई स्कूल व इंटर परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डायरेक्टर संतोष कुमार श्रीवास्तव ने छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। हाईस्कूल से सनी प्रजापति, इप्सा, सक्षम, शुभांकर, अनन्या, सगुन, अलंकृता, नव्या, स्नेहा, शीतल, प्रांजल, प्रकृति मिश्रा, श्रुति, आशु तथा इंटर से यशी गर्ग, उत्कर्ष मौर्या, कार्तिकेय गुप्ता, लक्ष्य, राशी सिंह, आशाराम, अभिनय चौधरी, शुभम अग्रहरि, सामरीन खान, शिवांगी राव, राज नारायण, रिचा, शिवांगी, स्मृति, रूद्र प्रताप, चौधरी, आंचल आदि को डायरेक्टर तथा प्रधानाचार्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बधाई दी।

## स्व. बीएन सिंह की पुण्यतिथि कल

**बस्ती।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद यूपी के संस्थापक एवं लंबे समय तक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रहे स्व बीएन सिंह जी की 26 वीं पुण्यतिथि 18 मई को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित परिषद कार्यालय भवन पर उनके व्यक्तित्व पर एक संगोष्ठी आयोजित किया जाना है।

उक्त जानकारी देते हुए परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद जी ने बताया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्मचारी मसीहा स्व बीएन सिंह की पुण्यतिथि 18 मई को 11 बजे से परिषद कार्यालय भवन पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी आयोजित है। जिला मंत्री ने परिषद से सदस्यों से अपील किया है कि संगोष्ठी कार्यक्रम में अधिक से अधिक भागीदारी कर श्रद्धेय स्व सिंह साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आयोजन को सफल बनाएं।

# सेना के अद्भुत पराक्रम से बढ़ा साहस : अखिलेश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बस्ती।** शुक्रवार को विश्व हिन्दू महासंघ की मासिक बैठक अमहट घाट स्थित सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर पर जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के विरूद्ध भारतीय सेना द्वारा किए गये अदभुत पराक्रम और पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को ध्वस्त कर देने के साहस की सराहना किया गया। निर्णय लिया गया कि आगामी 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्म दिन संकल्पों के साथ मनाया जाएगा। इसी कड़ी में 101 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है।

महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने हिन्दू अस्मिता की रक्षा और सनातन परम्परा को मजबूती देने के लिए सर्वाधिक कार्य



किया है। वीर सैनिकों ने अपने शौर्य से देश का मान सम्मान बढाया है। मासिक बैठक को दिग्विजय सिंह, जिला प्रभारी प्रमोद पांडेय ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महासंघ का उद्देश्य स्पष्ट है कि जो हिन्दू हितों की बात करेगा, वही देश पर राज करेगा। इस संकल्प के साथ महासंघ निरन्तर समाज में योगदान कर रहा है। बैठक में मुख्य रूप से कुलदीप मिश्र, विजय शंकर शुक्ल, सौरभ त्रिपाठी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, अर्पण श्रीवास्तव चंदन, जगत मोहन सिंह विक्कू, विपिन सिंह, अजय मिश्र, मुन्ना सिंह, अमरजीत सिंह, राकेश सिंह, बालकृष्ण सिंह, डा परसुराम साहनी, राजेश विधायक, विकास वर्मा, राहुल कमलापुरी, सतीश पांडेय पप्पू, रूप नरायन, सौरभ चतुर्वेदी, अंकित सिंह, राहुल श्रीवास्तव, शानू पाठक, पूनम सिंह, कंचन विश्वकर्मा, अनुसुईया पांडेय, प्रिन्सी सिंह उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### टहल रही महिला को डंपर ने रौंदा, मौत

**आनन्दनगर।** गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कैंपियरगंज जंगल में एक दर्दनाक सड़क हादसा घटित हो गई।इस हादसे में डंपर की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह उक्त नेशनल हाईवे के मरचाहे बाबा की कुटी के ठीक सामने कैंपियरगंज क्षेत्र के ठाकुरनगर टोला मोहलीपुरवा निवासी नीमा देवी पत्नी महेंद्र 45 वर्षीय सुबह टहलकर घर जा रही थी उसी समय निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों में लगे पीएनसी की डंपर के चपेट में आने महिला गंभीर रूप से घायल हो गई लोगों की मदद से महिला को सीएचसी बनकटी अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां पर चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया।घटना के बाद आक्रोशित हुए ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया जिससे आवागमन को बाधित होने लगा। मामले की जानकारी होते ही मौके पर फरेंदा पुलिस पहुंची और लोगों को समझा बूझकर जाम को खाली करा दिया। फरेंदा कोतवाल प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि पुलिस टीम के द्वारा प्रयास के बाद जाम को हटाया गया। आगे की विधि कार्रवाई की जा रही हैं।

### एक दिवसीय रोजगार मेला 19 मई को



**बस्ती।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय माडल कॅरियर सेंटर बस्ती के द्वारा एकदिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 19 मई को पूर्वान्ह 11 बजे से क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय कैम्पस कटरा मूघाट रोडमें किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने बताया कि इस मेले में रोडवेज उप्र परिवहन निगम बस्ती डिपो के आरएम भर्ती अधिकारी संविदा चालक के रिक्त ड्राइवर पदों के लिए साक्षात्कार के माध्यम से कैम्पस भर्ती करेंगें। उन्होने बताया कि शैक्षिक योग्यता कम से कम कक्षा 8 पास, लम्बाई 5 फुट 3 इंच, अनुभव, लाइसेंस हैवी वाहन चलाने का न्यूनतम 2 दो वर्ष का अनुभव तथा आयु न्यूनतम 23 वर्ष 6 माह से ऊपर होनी चाहिए। संविदा चालक ड्राइवर पद चयनित होने के उपरांत मानदेय 2.06 पैसा प्रति किमी 5 हजार से अधिक किलोमीटर एवं 22 दिन के संचालन पर रूपये 3 हजार का अतिरिक्त प्रोत्साहन देय होगा।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 21 को

**कसया, कुशीनगर।** उक्त बातें कहते हुये स्थानीय नगर पालिका परिषद में स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस के परिप्रेक्ष्य में जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर आगामी 21 मई को सीएचसी के परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने ने कहा कि रक्तदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिये डॉ चतुर्वेदी ने नगर सहित आस पास के लोगों से अपील किये की इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे तथा मानवता की सेवा में योगदान दे। आप द्वारा किया गया रक्तदान कइयों की जिंदगी सुरक्षित कर सकता है।

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी स्थित डिवाइन विजडम एकेडमी में गुरुवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य राजेंद्र पाठक, ज्ञानी सतीश सिंह, डॉ. रजिया खान, मोहम्मद जमील सिद्दीकी के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन कर के साथ हुआ।

मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने कहा कि अब उन्हें अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए बढ़नी से बाहर जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। कहा कि विद्यालय अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। प्रिंसिपल मेलविन रोजारियो रोड्रिग्स ने विद्यालय की आधुनिक सुविधाओं, जैसे उत्कृष्ट पुस्तकालय, डिजिटल शिक्षा प्रणाली



और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के कक्षा 8 के आसीन, मोहम्मद यासिर, तनिष्का गोयल, सात के सृष्टि, पंखुड़ी, अरीशा अंसारी, छह के राज गुप्ता, हमजा खान, तेजस गोयल, पांच के अनस कैफी, श्रेया, प्रत्यक्ष यादव, चार के तंजिला कशिश, लैईबा हसन खान, अनन्य पाल, तीन के अफजा महेवीश, फहद, अनबिया, दो के आदित्य राजपूत, परीषा यादव, अदिति रौनियार, कक्षा एक के अहमद हसन खान, नवीन भारद्वाज, अर्सलान खान, यूकेजी के युसूफ खान, हरीम खान, हमदान अहमद, एलकेजी के रेहान अहमद, मारिया, नावेद खान, नर्सरी के याहिया रहमान खान, युगांश सिंह श्रीनेत, अदनान खान और प्लेवे के संध्या कसौधन, शिवांगी तथा यश गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सुधा त्रिपाठी, सगीर ख़ाकसार, डॉ. रजिया हबीब, रिचा मिश्रा, शगुफ्ता, अवराधिका, इजहार अहमद, धीरज मौजूद रहे।

## तटबंधों से हटाया गया अतिक्रमण

**कुशीनगर।** तमकुहीराज तहसील प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अहिरौलीदान गांव में गण्डक नदी के एपी तटबंध पर अवैध रूप से बनाए गए पूस के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया है। यह कार्रवाई तृतीय बाढ़ खंड कुशीनगर के सहायक अभियंता की शिकायत पर की गई। शिकायत में बताया गया था कि अहिरौलीदान निवासी बीरेंद्र सिंह पुत्र रघुनाथ ने तटबंध की पटरी पर अवैध कब्जा कर रखा है। एसडीएम ऋषभ पुण्डीर ने राजस्व निरीक्षक से रिपोर्ट मांगी। जांच में अतिक्रमण की पुष्टि होने पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया। नायब तहसीलदार कुन्दन वर्मा के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। टीम में हरेंद्र प्रसाद, प्रभारी राजस्व निरीक्षक अशोक वर्मा और कई लेखपाल शामिल थे।

# पुलिस ने चेकिंग अभियान में 15 वाहनों से वसूला जुर्माना




**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**महराजगंज।** यातायात पुलिस ने नगर क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया,प्रभारी यातायात एपी सिंह व उनकी टीम ने लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से स्कूली वाहनों पर ध्यान केंद्रित किया गया। निचलौल क्षेत्र में स्कूली बसों के चालकों और परिचालकों को क्षमता से अधिक छात्रों को न बैठाने, बसों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, और सुरक्षा मानकों जैसे फर्स्ट एड बॉक्स की अनिवार्यता के प्रति निर्देशित किया गया। टीम ने बसों की गति सीमा, फिटनेस और ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की। सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों का चालान किया गया और कुल 30,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# बाढ़ सुरक्षा की तैयारी में सुस्ती पर प्रभारी मंत्री का फूटा गुस्सा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** मानसून की दस्तक से पहले बाढ़ सुरक्षा की तैयारियों का जायजा लेने गोरखपुर पहुंचे मंत्री आज तटबंध निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति देखकर सख्त नाराज दिखे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और हर हाल में 15 जून तक सभी लंबित कार्यों को पूरा करने का अंतिम आदेश दिया। मंत्री ने चेतावनी दी कि यदि इस समय सीमा तक काम पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गोरखपुर में जल शक्ति मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण किया मंत्री ने तटबंध के किमी 12.759 से 13.469 तक के हिस्से में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने ग्राम डुहिया में मलौनी तटबंध के किमी 8.280 से 8.566 तक के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता विकास कुमार सिंह ने बताया कि सभी कार्य 15 जून तक पूरे कर लिए जाएंगे। दरअसल, गोरखपुर के कई इलाके हर साल बाढ़ की विभीषिका झेलते हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। इस खतरे को देखते हुए सरकार ने पहले से ही बाढ़ सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर इन कार्यों की सुस्त रफ्तार ने मंत्री को निराश कर दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने तटबंधों की मरम्मत और नए तटबंधों के निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। कई स्थानों पर काम या तो शुरू ही नहीं हुआ था या फिर बेहद धीमी गति से चल रहा था। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि यह लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय बेहतर करने और मैनपावर बढ़ाकर युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए ताकि 15 जून की समय सीमा का पालन सुनिश्चित किया जा सके। मंत्री ने यह भी कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई अक्षम्य है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे निर्माण कार्यों में सहयोग करें और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें।

## जल्द से जल्द करें निर्माण कार्य पूरा : स्वतंत्र देव

**गोरखपुर।** प्रदेश के जलशक्ति मंत्री/जनपद प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने लखनऊ-गोरखपुर रेलमार्ग पर डोमिनगढ़ एवं गोरखपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन के मध्य निर्माणाधीन 2 लेन रेल उपरगामी सेतु का निरीक्षण किया। इसके पूर्ण होने से शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी ने सेतु निर्माण के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के इंजीनियरों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की और स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह रेल उपरगामी सेतु गोरखपुर शहर के यातायात दबाव को कम करने में अहम भूमिका निभाएगा। डोमिनगढ़ और गोरखपुर जंक्शन के बीच यह क्रॉसिंग वर्षों से जाम और अव्यवस्था का कारण बनी हुई थी। ट्रेनों की लगातार आवाजाही के कारण इस क्रॉसिंग पर घंटों तक लोगों को रुकना पड़ता है। इस सेतु के निर्माण से अब आमजन को राहत मिलेगी। मंत्री जी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे का विकास तीव्र गति से हो रहा है। सरकार लक्ष्य है कि जनता को परेशानी से मुक्ति और विकास तीव्र गति से हो। रेल उपरगामी सेतु की लंबाई लगभग 615 मीटर और चौड़ाई 2 लेन (प्रत्येक दिशा में 7 मीटर) है। इसके निर्माण में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग हो रहा है, जिसमें प्री-फैब्रिकेटेड गार्डर, आरसीसी पियर और पीयर कैप तकनीक शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि मानसून से पूर्व संरचनात्मक कार्य पूरे कर लिए जाएं ताकि किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो।

# डीआईजी ने किया पिपराईच थाने का निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**पिपराइच।** डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी शुक्रवार को पिपराइच थाने का औचक निरीक्षण किया। अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने, महिला सुरक्षा आदि की समीक्षा सहित कार्यालय मे अभिलेखों के रखरखाव, मालखाना, बैरक ,आदि का निरीक्षण किया। डीआईजी, एसएसपी राज करण नैयर,थाने में पहले गारद सलामी ली । डीआईजी ने क्षेत्रीय चौकीदारों से कहा आप गांव के पहले प्रहरी हो । आप अपने गांव के छोटे से छोटे अपराध व अपराधियो की जानकारी उच्चाधिकारियो को जरूर दें । नवागत एसएसपी राजकरण नैयर ने चौकीदारों को उनके अधिकारों व दायित्व का बोध कराया। थाना भ्रमण के दौरान एसपी नार्थ जीतेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सीओ अनुराग सिंह आदि के साथ निर्माणाधीन पुरुष बैरक का निरीक्षण किया।इसके जन सुनवाई, महिला हेल्प, थाना समाधान दिवस, लम्बित मुकदमे, अभिलेखों की व्यवस्था आदि को विस्तार से जानकारी ली। बताते चलें कि बृहस्पतिवार शाम औचक निरीक्षण की जानकारी थानें को मिला। अथक प्रयास कर 12 घंटे में ही सभी अधूरा काम पूरा हो गया। थाना को दुल्हन की तरह चमका भी दिया गया। इस अवसर पर एसएसआई अजीत चतुर्वेदी, ज्योति नारायण तिवारी , मनोज मिश्र , सचिन पांडेय, दीपिका यादव, सहित एस आई,आरक्षी गण आदि मौजूद रहे। वहीं सुबह पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र आनंद सुरेश राव कुलकर्णी गोरखपुर ने जनपद स्थित पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में रैतिक परेड का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने परेड की सलामी ली। निरीक्षण के दौरान उपमहानिरीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड और अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए।

# बीआरडी परिसर में पुलिस चेकिंग के दौरान दो प्राइवेट एंबुलेंस सीज



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** बेहतर इलाज के नाम पर तीमारदारों को बरगलाकर निजी अस्पतालों में मरीजों को ले जाने के मामले में चौकी पुलिस ने मेडिकल कालेज परिसर से दो प्राइवेट एम्बुलेंस को सीज कर दी।

दोनों प्राइवेट एंबुलेंस बीआरडी में खड़ी मिली थी। जरूरी कागजात नहीं दिखाए जाने पर दोनों गाड़ियों को पुलिस ने सीज कर दिया। बृहस्पतिवार की रात मेडिकल चौकी पुलिस गश्त के दौरान परिसर में एक प्राइवेटओमिनी एम्बुलेंस मिला,पूछे जाने पर चालक द्वारा गाड़ी का कोई कागजात नहीं दिखाया गया। लिहाजा पुलिस ने उसे सीज कर दिया।

निजी एम्बुलेंस का पंजीकरण जेल बाईपास रोड स्थित श्याम स्पेशलिटी हॉस्पिटल के नाम से मिला। दूसरा 8 मई की रात गश्त के दौरान एक टाटा मैजिक गाड़ी में संचालित अवैध एम्बुलेंस को सीज कर दी,जो रुस्तमपुर स्थित दी प्राइड हॉस्पिटल के नाम से पंजीकृत था। पिछले वर्ष उच्चाधिकारियों के आदेश पर गुलरिहा पुलिस जब प्राइवेट एंबुलेंस चालकों पर शिकंजा कसना शुरू किया तो एम्बुलेंस माफिया पुलिस टीम पर 9 जुलाई 2024 की रात मेडिकल कालेज के उत्तरी गेट पर हमला करके फरार हो गए थे। मामले में पुलिस ने पांच के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही कि गई थी।

# जैव चिकित्सा अनुसंधान को मिला नया आयाम

## डीडीयू में पीएम-उषा योजना के तहत एनिमल हाउस का हो रहा आधुनिकीकरण

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय जैव चिकित्सा अनुसंधान और छात्र प्रशिक्षण को सशक्त बनाने के लिए अपने एनिमल हाउस सुविधा का उन्नयन कर रहा है। यह परियोजना प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत प्राप्त ?55 लाख की वित्तीय सहायता से संचालित हो रही है, जिसका उद्देश्य देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान अधोसंरचना को आधुनिक बनाना है। उन्नत एनिमल हाउस अब बायोसाइंसेज़, औषध विज्ञान, जैव रसायन और हीमेटोलॉजी जैसे क्षेत्रों में प्री-क्लिनिकल अनुसंधान के लिए एक नैतिक एवं नियंत्रित वातावरण प्रदान करेगा। यह सुविधा न केवल उच्च गुणवत्ता वाले शोध को प्रोत्साहित करेगी, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण का एक मजबूत मंच भी प्रदान करेगी। इस पहल पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा एनिमल हाउस का यह उन्नयन आत्मनिर्भर एवं अनुसंधान-आधारित शैक्षणिक वातावरण को बल देने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। यह विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमताओं को वैश्विक मानकों तक पहुँचाने में सहायक होगा। हम पीएम-उषा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्राप्त सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हैं। उपलब्ध अनुदान राशि से बायोकैमिकल एनालाइज़र, हीमेटोलॉजी काउंटर, पशु देखभाल प्रणाली और पर्यावरण नियंत्रण इकाइयाँ जैसे अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद प्रक्रिया प्रगति पर है। ये संसाधन विश्वविद्यालय को अत्याधुनिक बायोमेडिकल अनुसंधान में अग्रणी बनाएंगे। यह सुविधा इंस्टिट्यूशनल एनिमल एथिक्स कमेटी की निगरानी में संचालित होती है, और सीपीसीएसईए द्वारा निर्धारित सभी नैतिक और विधिक मानकों का पालन सुनिश्चित करती है। इससे न केवल शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि शोधार्थियों में अनुसंधान की नैतिक समझ भी विकसित होगी।

**55 लाख की सहायता से अनुसंधान अधोसंरचना को मिल रहा बल**

# हैंडबाल में पूर्वोत्तर रेलवे की महिला खिलाड़ियों को दबदबा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) द्वारा खिलाड़ियों को उपलब्ध कराये जा रहे अत्याधुनिक संसाधनों एवं प्रशिक्षणों के परिणामस्वरूप पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निरन्तर अपनी छटा बिखेर रहे हैं। इसी क्रम में 6 से 15 मई तक ओमान में आयोजित 10वीं एशियाई बीच महिला हैंडबॉल चैम्पियनशिप में भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने रजत पदक प्राप्त किया, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे महिला हैंडबॉल टीम की दो खिलाड़ी सुषमा एवं आशारानी ने प्रतिभाग किया। महिला हैंडबॉल खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर, अपर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे दिनेश कुमार सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण एवं अध्यक्ष, नरसा अभय कुमार गुप्ता, महासचिव, नरसा पंकज कुमार सिंह, हैंडबॉल, सचिव कृष्ण चन्द्र सिंह तथा सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने हैंडबॉल, कोच अरविन्द कुमार यादव एवं खिलाड़ियों को बधाई दी।

# डेंगू से डरने की नहीं, बचाव की जरूरत : सीएमओ



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** राष्टीय डेंगू दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सीएमओ डॉ. राजेश झा ने कहा कि डेंगू से डरने की नहीं, बल्कि इससे बचाव की आवश्यकता है। इस अवसर पर राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में हुई जागरूकता गोष्ठी में छात्रों को डेंगू के लक्षण, कारण और बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। डॉ. राजेश झा ने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल बीमारी है, जो अब सिर्फ मानसून तक सीमित नहीं रही। डॉ. वीके श्रीवास्तव ने कहा कि जिन लोगों को एक बार डेंगू हो चुका है, उन्हें विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए क्योंकि दूसरा संक्रमण पहले की अपेक्षा अधिक गंभीर हो सकता है। डेंगू का एक स्ट्रेन, दूसरे स्ट्रेन से प्रतिरक्षा नहीं देता। उन्होंने बताया कि समय से जांच और प्रशिक्षित चिकित्सक की देखरेख में डेंगू का इलाज घर पर ही संभव है। तरंग क्रॉसिंग स्थित भगवती प्रसाद कन्या महाविद्यालय में मलेरिया निरीक्षक प्रभात रंजन सिंह और रवि मल्ल की मौजूदगी में रैली एवं संगोष्ठी आयोजित हुई। सेंट एंड्रयूज इंटर कॉलेज, शास्त्रीनगर में मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह और आस्तिक पांडेय ने जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमें प्रधानाचार्य प्रभात कुमार राय भी शामिल रहे। एडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में जेई व एईएस कंसल्टेंट सिद्धेश्वरी सिंह और पूजा गुप्ता ने मिलकर जागरूकता सत्र आयोजित किया, जिसमें प्रधानाचार्य प्रतिभा निशि क्लेडियस सहित शिक्षक उपस्थित रहे। संचालन मनोरमा रानी ने किया, जबकि राजकीय जुबिली कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. विश्व प्रताप सिंह और उप प्रधानाचार्य किरण कुमार ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. वीके श्रीवास्तव, अंगद सिंह, डॉ. राजेश और प्रभात रंजन सिंह भी मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का कौड़ीराम में हुआ स्वागत



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**कौड़ीराम/गोरखपुर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कौड़ीराम चौराहे पर कांग्रेस नेता अभिषेक राय गांधी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय स्व. पंडित हरिशंकर तिवारी की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु बड़हलगंज के लिए जा रहे थे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने रामबचन राय पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस दौरान धनंजय सिंह, विजय राय विक्कू, राकेश दूबे, सुशील दूबे, अनुराग पाण्डेय, रामवचन दास, हरसेवक राम त्रिपाठी, गोपाल पाण्डेय, सुनील सिंह, रामहरि राय, पंकज राय, प्रभाकर मौजूद रहे।

# मस्जिदों में मांगी गई ऑपरेशन सिंदूर के सैनिकों के लिए दुआएं



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** सांप्रदायिक सद्भाव और एकता की एक खूबसूरत तस्वीर सामने आई है। शहर की विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में तैनात भारतीय सेना के जवानों की सलामती और सफलता के लिए विशेष दुआएं कीं।

यह पहल न केवल सैनिकों के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त करती है, बल्कि समाज के सभी वर्गों के बीच मजबूत बंधन को भी दर्शाती है। शहर की मस्जिदों में शुक्रवार को एक विशेष दृश्य देखने को मिला जब मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर में जुटे भारतीय सेना के जवानों के लिए अल्लाह से उनकी सुरक्षा और मिशन की सफलता की प्रार्थना की। विभिन्न मस्जिदों के इमामों ने जुमे की नमाज़ के बाद विशेष दुआएं कराई, जिसमें सैनिकों के स्वस्थ रहने, सुरक्षित रहने और अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करने की कामना की गई। इस पहल के बारे में बात करते हुए, स्थानीय मुस्लिम नेताओं ने कहा कि सेना देश की सीमाओं की रक्षा करती है और सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में लगे जवान भी अपने परिवारों से दूर रहकर देश सेवा में समर्पित हैं और उनके लिए दुआ करना हर नारिक का कर्तव्य है। एक मस्जिद के इमाम ने कहा, यह सिर्फ सैनिकों के लिए हमारी दुआ नहीं है बल्कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता के लिए भी एक संदेश है। हम सब मिलकर अपने देश और अपने जवानों के साथ खड़े हैं। इस पहल को शहर के अन्य समुदायों के लोगों ने भी सराहा है। कई लोगों ने इसे सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने वाला एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब देश की सीमाओं पर चुनौतियां बनी हुई हैं, और ऐसे में किसी भी ऑपरेशन में लगे सैनिकों के लिए इस तरह का समर्थन मनोबल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।

# अधिवक्ताओं ने दी स्व. हरिशंकर तिवारी को श्रद्धांजलि



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जिला अधिवक्ता एसोसिएशन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कचहरी परिसर स्थित अपने सभागार में पूर्व मंत्री पंडित हरिशंकर तिवारी की द्वितीय पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं और उनके समर्थकों ने स्वर्गीय तिवारी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा समाज और राजनीति में किए गए योगदानों को याद किया।

अध्यक्षता अधिवक्ता व्यंकटेश्वर नाथ तिवारी पूर्व महानगर उपाध्यक्ष ने किया तथा संचालन अजय पाठक एडवोकेट ने किया। सपा प्रवक्ता कीर्ति निधि पाण्डेय ने कहा पंडित हरिशंकर तिवारी एक कद्दावर नेता और गरीबों व जरूरतमंदों के लिए हमेशा संघर्ष करने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है और उनके आदर्श हमेशा हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। सिंहासन सिंह यादव व संतोष कुमार यादव, प्रमोद यादव ने कहा स्वर्गीय तिवारी के साथ अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया और उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों और सामाजिक सेवाओं को याद किया। यह श्रद्धांजलि सभा स्वर्गीय पं. हरिशंकर तिवारी के प्रति अधिवक्ता समुदाय के गहरे सम्मान और स्नेह का प्रतीक थी। अध्यक्षता करते हुए व्यक्तेश्वर नाथ तिवारी एडवोकेट ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया तथा पण्डित को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पांडे, प्रमोद यादव, राम आशीष यादव, संजय चौरसिया, लाल बहादुर यादव, अखिलेश दुबे  मनीष दुबे, शिवा सिंगर, अनिमेष पाण्डेय, उपेंद्र धर दुबे, राम पलटन राम, रमेश गुप्ता, प्रमोद कुमार साहनी, प्रखर यादव, मुरारी यादव, सूर्य कांत राय, कुलदीप राय, कुलदीप पाठक, शिवलाल यादव, विकास यादव, एसएम उपाध्याय उपस्थित थे।

# जान से मारने की धमकी में छह पर केस

**चौरीचौरा।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौरी चौरा के वार्ड नंबर 9 निवासिनी शिखा गुप्ता पुत्री बृजमोहन गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की मेरा विवाह 29/11/2021 को शशांक गुप्ता पुत्र शम्भू गुप्ता निवासी बक्शीपुर जुवली टाकिज मियां बाजार थाना कोतवाली जिला गोरखपुर के साथ संपन्न हुई है। मेरे विवाह के कुछ दिन बाद से मेरे ससूर शम्भू गुप्ता पुत्र अज्ञात व सास रेखा गुप्ता पत्नी शम्भू गुप्ता व पति शशांक गुप्ता पुत्र शम्भू गुप्ता व ननद खुशबू गुप्ता, स्नेहा गुप्ता व वेवी गुप्ता पुत्रीगण शम्भू गुप्ता ने मायके से दहेज में और रुपए लाने के लिए प्रताड़ित और गाली गुफ्ता देते हैं। मेरा 1.5 साल का एक पुत्र है।मेरे दहेज ना लाने पर जान मारने की धमकी देते हैं। पुलिस ने छहों पर जान से मारने की धमकी सहित दहेज अधिनियम का केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# रंतिदेव गोला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व आमोद बने महामंत्री



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोला।** तहसील गोला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ सम्पन्न। एल्डर कमेटी के देख रेख में अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष के लिए हुआ मतदान। रंतिदेव मिश्र अध्यक्ष, आमोद कुमार गौड़ महामंत्री व प्रेमदेव चुने गये कोषाध्यक्ष।

**एल्डर कमेटी के देख रेख में सम्पन्न हुआ चुनाव :** गुरुवार को एल्डर कमेटी की देख रेख में अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव सम्पन्न कराएं गये। चुनाव की निष्पक्षता बनाएं रखने के लिए एल्डर कमेटी के चेयरमैन व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिकेश यादव, कमेटी के बरिष्ठ अधिवक्ता हरिश्चंद्र पाठक, श्रीनिवास पाण्डेय, ओमप्रकाश ओझा, कमलेश यादव मौजूद रहें। वहीं चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए गब्बू लाल, पूर्णेन्दु तिवारी, रन्तदेव मिश्रा व सुरजमणि दुबे, महामंत्री पद के लिए आमोद गौड़, संतलाल यादव, हरिबंश मणि शर्मा व कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रेम देव व राजेश कुमार यादव ने अपना दावा पेश किया था। गुरूवार को हुए मतदान मे 116 अधिवक्ताओं ने अपना मतदान किया। एक मत अवैध पाया गया।

**रंतिदेव मिश्र को मिले 60 मत :** मतगणना समाप्त होने पर अध्यक्ष पद के लिए रंतिदेव मिश्रा को कुल  60 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्णेन्दु तिवारी को 29 मतों से पराजित किया। महामंत्री पद के लिए आमोद कुमार गौड़ ने कुल 54 मत प्राप्त कर अपने निकटस्थ प्रतिद्वंदी हरिबंश मणि शर्मा को 20  मतों से पराजित कर दिया। कोषाध्यक्ष के लिए प्रेमदेव ने कुल 68 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वंदी राजेश कुमार यादव को 21 मतों से पराजित कर जीत हासिल की।

**अन्य पदों के लिए निर्विरोध चुनाव हुआ सम्पन्न :** अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष को छोड़कर बरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अरुण कुमार मिश्र, कनिष्क उपाध्यक्ष पर आलोक कुमार मौर्य व राज कुमार यादव, पुस्तकालय अध्यक्ष पर अनंत यादव, संयुक्त प्रशासन पर परमहंस कुमार, संयुक्त सचिव प्रशासन पर विष्णु देव त्रिपाठी, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य पर हरिप्रकाश सिंह का निर्विरोध चुनाव हुआ।

# गोरखपुर से चलने वाली चार विशेष गाड़ियां रद्द

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गोरखपुर जं के पुरानी पिट लाइन संख्या-1 पर इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में 19 मई से 4 दिसम्बर तक दो जोड़ी विशेष एवं एक जोड़ी नियमित गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं तीन जोड़ी ट्रेनों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा।

निरस्तीकरण- गोरखपुर से 22 मई से 4 दिसम्बर तक चलने वाली 05057 गोरखपुर-दिल्ली साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। दिल्ली से 23 मई से 5 दिसम्बर तक चलने वाली 05058 दिल्ली-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 23 मई से 28 नवम्बर तक चलने वाली 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से 24 मई से 29 नवम्बर तक चलने वाली 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 19 मई से 4 दिसम्बर तक चलने वाली 15080/15079 गोरखपुर-पाटलीपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

शार्ट टर्मिनेशन- दादर से 17 मई से 2 दिसम्बर तक चलने वाली 01027 दादर-गोरखपुर विशेष गाड़ी गोरखपुर के स्थान पर मऊ जं पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी मऊ-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 19 मई से 04 दिसम्बर तक चलने वाली 01028 गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी गोरखपुर के स्थान पर मऊ जं से चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-मऊ के बीच निरस्त रहेगी। बांद्रा टर्मिनस से 18 मई से 30 नवम्बर तक चलने वाली 22921 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर बलरामपुर में यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी बलरामपुर-गोरखपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 20 मई से 2 दिसम्बर तक चलने वाली 22922 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर के स्थान पर बलरामपुर से चलाई जायेगी। यह गाड़ी गोरखपुर-बलरामपुर के बीच निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 19 मई से 1 दिसम्बर तक चलने वाली 15031 गोरखपुर-लखनऊ जं एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर गोमतीनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी गोमतीनगर-लखनऊ जं के बीच निरस्त रहेगी। लखनऊ जं से 19 मई से 1 दिसम्बरतक चलने वाली 15032 लखनऊ जं-गोरखपुर एक्सप्रेस लखनऊ जं के स्थान पर गोमतीनगर से चलाई जायेगी। यह गाड़ी लखनऊ जं-गोमतीनगर के बीच निरस्त रहेगी।

# दिन भर की उमस के बाद शाम को धूल भरी आंधी ने दी राहत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**गोरखपुर।** जिले में पूरे दिन गोरखपुर में प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहा जिससे लोगों का हाल बेहाल हो गया। दोपहर में तेज धूप और लू के थपेड़ों ने तापमान को आसमान छूने पर मजबूर कर दिया। हालांकि शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी के साथ कुछ इलाकों में हल्की बारिश भी हुई जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।  दिन भर आसमान से बरसती आग के कारण सड़कें सुनसान रहीं और लोग घरों में दुबके रहने को मजबूर हो गए। गर्मी के कारण कई जगहों पर लोगों को डिहाइड्रेशन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने पहले ही अगले कुछ दिनों तक तेज गर्मी की चेतावनी जारी की थी। लेकिन शाम को अचानक मौसम में बदलाव आया। तेज हवाएं चलने लगीं और आसमान धूल से भर गया। कुछ ही देर में आंधी ने पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, आंधी के साथ कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी हुई जिससे वातावरण में थोड़ी ठंडक आई और लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग का कहना है कि यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र गोरखपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कैलाश पांडेय ने बताया पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक गर्म हवाओं का दबाव बना हुआ है। जो अगले तीन दिन तक तापमान को ऊपर बनाए रखेगा। सोमवार को बादल छा सकते हैं और कुछ इलाकों में हल्की बारिश की संभावना है।

# बिना भेदभाव के हो रहा है विकास कार्य : डॉ. धर्मेंद्र



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**सहजनवा।** क्षेत्र पंचायत पाली द्वारा राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये गये विभिन्न कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला के कर कमलों द्वारा विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

डॉ धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के निरंतर विकास कार्य हो रहा है। सबका साथ सबका बिकास के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के उत्थान को लेकर संकल्पित हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि 2017 से पूर्व विकास में योगी आदित्यनाथ महाराज को मुख्यमंत्री बनते ही  सहजनवा क्षेत्र के विकास का द्वार खुल गया। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग की दिशा में तेजी से विकास हुये, कल कारखाने खोले जा रहे हैं। अध्यक्षता करते हुए ब्लाक प्रमुख शशि प्रताप सिंह व निवर्तमान जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने अथितियों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया। संचालन राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्व जीतांशु सिंह आशु,राम जियावन मौर्य, डा आर डी सिंह, छोटेलाल मौर्य,सुरेन्द्र सिंह सोलंकी,राम पाल सिंह, अध्यक्ष उमेश दुबे,प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवाजी चंद्र, दिलीप यादव संजय सिंह विकास सिंह विश्वजीत सिंह संजय शुक्ला, गोपाल गुप्ता नागेंद्र सिंह हिमांशु सिंह, शिवचरण प्रसाद, रवि प्रताप सिंह, इंद्र कुमार निगम, नरेंद्र शुक्ला, बृजेश यादव, रविंद्र तिवारी, परमेश्वर राज,राम उजागर शुक्ला, अविनाश सिंह, मदन मुरारी गुप्ता, मोहन सिंह, राम सिंह, कृष्ण मोहन कसौधन,रमेश मद्धेशिया उपस्थित रहे।

# भारत नेपाल सीमा पर 12 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार



**स्वतंत्र भारत बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, 12 ग्राम स्मैक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य से कमांडेंट श्री कैलाश चंद रमोला, 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीमा चौकी बलईगांव के प्रभारी श्री असेम सुशील सिंह, सहायक कमांडेंट और उनके टीम, स्थानीय पुलिस एवं श्वान ÷मीचु÷ द्वारा की गई कार्रवाई में भारत-नेपाल सीमा के बॉर्डर पिलर संख्या 664 के पास 12 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नेपाल के दैलेख जिले के निवासी 22 वर्षीय विनोद बहादुर कार्की के रूप में हुई है, जो भारत से नेपाल में तस्करी करने का प्रयास कर रहा था। उक्त अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धारा के तहत कार्रवाई की गई और जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर, जिला बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की यह संयुक्त कार्रवाई यह दर्शाती है कि सुरक्षा एजेंसियां सीमा सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीरता से काम कर रही हैं। यह अभियान यह भी साबित करता है कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सतर्कता बढ़ाई जा रही है। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस जनता से अपील करती है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत सुरक्षा एजेंसियों को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके और समाज को सुरक्षित रखा जा सके।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली वित्त पोषित इकाईयां होंगी पुरस्कृत

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोषित खादी ग्रामोद्योगी इकाईयों को अच्छे एवं उत्कृष्ट उत्पाद तथा बिकी करने वाली इकाईयों के उत्साहवर्धन हेतु न्यूनतम 03 वर्ष पुरानी स्थापित एवं निरन्तर कार्यरत 4 इकाईयों को पुरस्कृत किया जाएगा। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति, निवास, अनुभव, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड व बैंक पास बुक की छाया प्रति के साथ पूर्ण आवेदन 30 मई 2025 तक उनके कार्यालय में व्यक्तिगत/डाक द्वारा उपलब्ध करा सकते हैं। अभ्यार्थियों का चयन उपायुक्त उद्योग बहराइच की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित चयन किया जायेगा। तदोपरान्त चयनित अभ्यार्थियों की सूची पुरष्कार हेतु प्रेषित की जायेगी। योजना के बारे जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क भी किया जा सकता है।

# सरकारी स्कूल के बच्चों से पल्लेदारी



**स्वतंत्र भारत संवाद जेठवारा प्रतापगढ़।** सरकार बेसिक शिक्षा की खराब छवि को सुधारने की चाहे जितनी कोशिश कर ले,विभाग के अधिकारी अपनी जवाबदेही स्वीकार करने को राजी नही है,जिसके चलते जरूरी संसाधनों के बावजूद प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था रेंगने को विवश है।विकासखंड मांधाता की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था एक अरसे से आंतरिक राजनीति का शिकार रही है, यहां योग्य,कर्मठ व परिश्रमी शिक्षक विभागीय उपेक्षा के शिकार होकर रह गए।आरोप है कि अधिकारियों की उपेक्षा के कारण मान्धाता के प्राथमिक विद्यालय हैंसी का शैक्षणिक माहौल अनुकूल नही है।स्कूल में पंजीकृत छात्र एवं कार्यरत शिक्षक में निर्धारित मानक का कोई संतुलन नहीं है।सिर्फ 39 बच्चों पर तीन शिक्षक और एक शिक्षामित्र की तैनाती सिर्फ सरकारी खजाने को चूना लगाने जैसी है,यहां वर्षों से कार्यरत प्रधानाध्यापिका और महिला शिक्षामित्र के बीच का विवाद विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करता है,तमाम शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौन है।नौनिहालों से विद्यालय मे खाद्यान्न की बोरियां उठवाने का सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर का संदेश शर्मनाक है।शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव अभी तक गंभीर नहीं हो सके।मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी यहां हमेशा शिकायत होती रहती है। कंपोजिट ग्रांट के तहत विद्यालय में हुए विकास कार्य में भी हेर-फेर की बात सामने आ चुकी है।इस संदर्भ में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र की जांच में कुछ आरोप सत्य पाए गए है।कार्यवाही हेतु जांच रिपोर्ट बीएसए को प्रेषित कर दी गई है!अभी तक कार्यवाही क्यों नहीं की गई,यह सवाल अभी अनुत्तरित है।आरोप यह भी है कि विद्यालय के तनावपूर्ण वातावरण के कारण बच्चों की संख्या एक सौ पचास से घटकर,तीन अध्यापिका और एक अध्यापक पर मात्र 39 रह गई है।वेतन के रूप में लाखों खर्च होने के बावजूद चार शिक्षक मिलकर मात्र उन्तालीस बच्चों को सिर्फ साक्षर कर रहे हैं।यह विभाग के लिए यह बेहद शर्मनाक है।

## खबर एक नजर

### दो शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**स्वतंत्र भारत संवाद आसपुर देवसरा प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना के छतौना निवासी राजबहादुर यादव पुत्र विश्वनाथ यादव का शस्त्र लाइसेंस और देवेंद्र पांडेय पुत्र दीनानाथ पांडेय निवासी गधियावां का रिवॉल्वर का लाइसेंस अपराधिक मामलों मे आरोपी होने पर जांच पड़ताल उपरान्त निरस्त कर दिया गया है।

### दुराचार आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के एक गांव की वादिनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गए है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव के नेतृत्व मे इंस्पेक्टर विजयकांत सत्यार्थी ने थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित आरोपी निखिल सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी मेढ़ावा को वर्मा नगर चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### अपहृत दो किशोरी बरामद

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** देलहूपुर थाना के एक गांव की निवासिनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी दो किशोरी का अपहरण हो गया है।पुलिस ने वादिनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।स्वाट टीम सर्विलांस की मदद से अपहृत दो किशोरी को पुलिस सकुशल बरामद कर लिया है और अन्य विधिक कार्यवाही अमल मे ला रही है।

### तमंचा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना के उपनिरीक्षक शिवपाल सिंह ने मुखबिर खास की सूचना पर बघवाईत नहर से हिस्ट्री शीटर मुस्तफा पुत्र मो अनीश निवासी बेलाही को एक तमंचा 315 बोर एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### गाय चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत संवाद बिहार प्रतापगढ़।** बाघराय थाना के लोसनापुर से गुरुवार की रात वादी की गाय चोरी होने के सम्बन्ध मे अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।एसआई देवेन्द्र कुमार पाठक मय हमराह मुखबिर खास की सूचना पर थाना हाजा पर दर्ज मुकदमा से सम्बन्धित दो आरोपी मंजीत मौर्या पुत्र फूलचंद्र मौर्या निवासी कुल्हीपुर थाना मऊआइमा जनपद प्रयागराज,उमा शंकर पांडेय पुत्र राधेश्याम पांडेय निवासी जालिमगंज बरौलिया थाना बाघराय को पिकप वाहन मे दो गाय के साथ लोशनापुर से गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया है।

### खाद्य सचल दल ने पांच का भरा सैंपल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** खाद्य सचल दल द्वारा सोनाही पट्टी स्थित शिव शंकर के खाद्य प्रतिष्ठान से बेसन का एक नमूना, जलेसरगंज लालगंज स्थित शिव प्रसाद कार्बोनेटेड बेवरेज का एक नमूना, मोहनगंज बाजार स्थित मैक्स आइसक्रीम के खाद्य प्रतिष्ठान से आइसक्रीम का एक नमूना एवं टेउंगा स्थित डेयरी आइसक्रीम से आइस कैण्डी का एक नमूना तथा राजापाल टंकी स्थित संदीप जूस एण्ड शेक कार्नर के खाद्य प्रतिष्ठान से मौसम्बी के जूस का एक नमूना संग्रहित किया।खाद्य सचल दल में अजय कुमार तिवारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, रोशन सिंह,संतोष कुमार दुबे,यादव संजय कुमार नन्हकू,विवेक कुमार तिवारी,ऋचा पाण्डेय,खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस 17 मई को

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह मई के तृतीय शनिवार 17 मई 2025 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी तथा तहसील मिहींपुरवा में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

### सन्दर्भ निस्तारण में शिथिलता पर कार्मिक को मिली चेतावनी

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** आईजीआरएस संदर्भ नियत तिथि/निर्धारित समयान्तर्गत निस्तारण/कार्यवाही न करने के कारण उक्त प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में प्रदर्शित होने पर खण्ड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव द्वारा ग्राम पंचायत असवा मोहम्मदपुर के ग्राम पंचायत अधिकारी राजमणि वर्मा को सन्दर्भित प्रकरण का तत्काल गम्भीरतापूर्वक निस्तारण करने के साथ-साथ प्रकरण में बरती गयी लापरवाही के सम्बन्ध में अपना तथ्यपरक स्पष्टीकरण दो दिवस के अन्दर उपलब्ध प्रस्तुत करने के निर्देष दिये गये हैं। सम्बन्धित कार्मिक को चेतावनी जारी करते हुए सचेत किया गया है कि भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### पांच गुंडों को जिला बदर, दो का शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जनपद के जिन व्यक्तियों के आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नहीं करता है ऐसे 5 व्यक्तियों को जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम की धारा-3(3) के तहत जनपद की सीमा से छः माह के लिए निष्कासित कर दिया है।उन्होने थाना देल्हूपुर ग्राम तौकलपुर के 3 गुण्डों क्रमशः गुफरान पुत्र आसिर उर्फ असीर उर्फ यासिर,सलमान पुत्र आसिर उर्फ असीर उर्फ यासिर व इमरान पुत्र आसिर उर्फ असीर उर्फ यासिर,थाना नवाबगंज ग्राम आलापुर के यश सोनकर उर्फ यश छाबड़ा पुत्र विजय सोनकर तथा थाना कोहड़ौर ग्राम उसका के कृष्ण चन्द्र वर्मा उर्फ कृष्णा पटेल पुत्र दूधनाथ पटेल को जनपद की सीमा से छः माह के लिए निष्कासित कर दिया है।इसके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद के शस्त्र लाइसेंसी जो आपराधिक क्रियाकलाप में लिप्त होने एवं शस्त्र अनुज्ञा-पत्र की शर्तो का उल्लंघन करने के दोषी पाये गये 2 व्यक्तियों के शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया है।जिला मजिस्ट्रेट ने थाना कोतवाली पट्टी,टीजीएस के वर्तमान पता-17 होस्टिंग रोड अशोक नगर थाना कैण्ट प्रयागराज के अम्बुज शुक्ल पुत्र डीपी शुक्ला के शस्त्र एनपी बोर राइफल तथा थाना अन्तू ग्राम उमरी के बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र लालता प्रसाद के शस्त्र एसबीबीएल को निरस्त कर दिया है।

# लोकपाल ने सूखे तालाब का किया निरीक्षण



**स्वतंत्र भारत संवाद मानिकपुर प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकांकर के ग्राम पंचायत अतरौलिया मे सूखे पड़े तालाब जीर्णोद्धार कार्य का लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण के द्वारा निरीक्षण किया,जहां पचास मनरेगा मजदूर कार्य करते हुए मिले, लोकपाल ने सूखे तालाब को पानी से लबालब भरने का निर्देश दिया।लोकपाल ने वड़ेरा ग्राम पंचायत मे पूर्व के निरीक्षण में अधूरे पड़े कार्यों को पूर्ण करने का आदेश दिया था जो अब दो खेत तालाब और तीन नाला खुदाई के कार्य पूर्ण कर लिया गया है।लोकपाल ने अनियमितता को देखते हुए बीडीओ,एपीओ तकनीकी सहायक ग्राम पंचायत आधिकारी और ग्राम प्रधान पर एक-एक हजार रुपए का अर्थ दण्ड लगाने का निर्णय लिया है।लोकपाल के निरीक्षण के समय ग्रामीणों उपस्थित रहे।

## विस्टाडोम कोच का आनन्द लेंगे युवा पयर्टन क्लब के सदस्य

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** पयर्टन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश में ईको टूरिज़्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के प्रयासों से बिछिया मैलानी मार्ग के मध्य विस्टाडोम कोच संचालन की सफल शुरूआत की गयी है। पयर्टन सूचना अधिकारी ने बताया कि 17 मई 2025 को राजकीय इण्टर कालेज, महाराज सिंह इण्टर कालेज व आज़ाद इण्टर कालेज के 10-10 छात्रों का समूह बिछिया मैलानी मार्ग के मध्य विस्टाडोम कोच में बैठकर कतर्नियाघाट के घने वनों, कल-कल, छल-छल करती अथाह जलराशि से पूरित नदियों, सुन्दर मनोहारी वन्य जीवों, पशु पक्षियों के कलरव से गुंजित भू-भाग से गुज़र कर प्रकृति का आनन्द लेंगे। पयर्टन सूचना अधिकारी ने बताया कि युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को कतर्नियाघाट स्थित घड़ियाल प्रजनन केन्द्र व इण्टरपिटीशन सेन्टर का भी भ्रमण कराया जाना प्रस्तावित है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1700 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, योजना के तहत 1204 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है और बैंकों को 1743 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गया है।बैंकों द्वारा 206 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है तथा 99 आवेदन पत्र वितरण की कार्यवाही की गयी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के सम्बन्ध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 165 का लक्ष्य मिला है जिनमें से 30 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा 4 बैंकों द्वारा आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये है और 2 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गयी है।

**■ जिलाधिकारी ने सभी बैंक समन्वयकों को दिए कड़े निर्देश**

ओडीओपी योजना अन्तर्गत 20 का लक्ष्य मिला है जिसमें 06 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये, 04 आवेदन पत्र स्वीकृत किये गये है तथा 1आवेदन पत्र पर वितरण की कार्यवाही की गयी है।जिलाधिकारी ने सभी बैंक समन्वयकों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि बैंकों में जो भी लम्बित पत्रावलियां है तत्काल उस पर कार्यवाही करते हुये नियमानुसार वितरण की कार्यवाही की जाय,इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये।

बैठक में उपायुक्त उद्योग ने उद्यमियों की समस्याओं के सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार,मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा,एसडीएम सदर नैन्सी सिंह,डीडीओ केएन पाण्डेय,अग्रणी बैंक प्रबन्धक गोपाल शेखर झा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय तक किताबें पहुंचाने की व्यवस्था के बाद भी किताबें ढो रहे गुरुजी



**माहुल (आजमगढ)।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए शासन द्वारा निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जाता है। सरकार द्वारा निशुल्क पुस्तकों के साथ ही विद्यालय तक पुस्तकें पहुचाने के लिए बजट भी दिया गया है। इसके बावजूद गुरुजी किताबें ढोने को मजबूर हैं। शासन ने निशुल्क बांटी जाने वाली किताबों को स्कूल तक पहुंचाने के लिए भाड़ा दिए जाने की व्यवस्था की है। उधर शासन ने देर से किताबो को पहुंचाने के लिए भाड़ा भी भेज दिया है। शिक्षा क्षेत्र पवई में 94 प्राथमिक विद्यालय, 30 उच्च प्राथमिक विद्यालय और 25 कंपोजिट विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें कक्षा एक से आठ तक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए निशुल्क पुस्तक वितरण योजना चल रही है। इन्हीं किताबों का वितरण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। पवई ब्लॉक में न्याय पंचायत स्तर पर किताबें पहुंचाई गई है। जहां से शिक्षकों द्वारा किताबों को ढोकर स्कूल तक ले जा रहे हैं। जबकि शासन द्वारा यह कहा गया था कि किताब स्कूल तक पहुंचाई जाएगी।

विद्यालयों तक पुस्तकें पहुचाने का आदेश है। अभी एनपीआरसी तक पुस्तकें पहुँची हैं। पिकअप से विद्यालयों तक पहुचायी जाती हैं। रास्ते ना होने से दिक्कत होती है। यदि शिक्षक खुद की बाइक और कार से ले जा रहे हैं तो गलत है। बीईओ पवई से अभी पूछता हूँ कि ऐसा क्यों हो रहा है।
**राजीव पाठक, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी आजमगढ़**

## माटीकला योजना के तहत टूलकिट वितरण हेतु आवेदन आमंत्रित

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** उ.प्र. माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत मॉटीकला टूल किट्स वितरण रोजगार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 25 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकला से जुड़े हुए कुम्हार जाति के व्यक्तियों को मॉटीकला से सम्बन्धित परम्परागत/प्रशिक्षित कारीगरों को माटीकला/माटी शिल्प कला के पावर चालित चाक (पाटरी व्हील) का निःशुल्क वितरण किया जाना है। योजनान्तर्गत उद्यम संचालित करने के लिए टूल किट्स प्राप्त करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बहराइच के कार्यालय पर सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र पर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पासबुक तथा शैक्षिक योग्यता के साथ आफलाइन भरे हुए पूर्ण आवेदन-पत्र 30 मई 2025 तक उनके कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होनें बताया कि प्राप्त आवेदन पत्र के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्य 25 पात्र अभ्यार्थियोंका चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित चयन कमेटी के द्वारा किया जायेगा। तदोपरान्त चयनित लाभार्थियों को उ.प्र. माटीकला बोर्ड मुख्यालय लखनऊ से चॉक (पाटरी व्हील) प्राप्त होने पर नियमानुसार जनप्रतिनिधि की अध्यक्षता में वितरित कराया जायेगा। योजना की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी के मो.न. 9580503159 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## रास्ते में जलभराव से ग्रामींण परेशान



**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रतापगढ़।** सरकार का सख्त निर्देश है कि गांव मे गन्दा जलभराव रास्ते मे न होने पाए उसके बावजूद जिम्मेदार लापरवाह मनमौजी बने हुए है।सदर विकास खण्ड के बिहारगंज बाजार से अंतिकपुर्वा जाने वाले मार्ग पर लगभग दो सौ मीटर का रास्ता छोटा तालाब बन चुका है। नालियों के चोक कर जाने के कारण गन्दा पानी मार्ग पर जमा है जिससे होकर ग्रामीण समेत राहगीर गुजरने को मजबूर है।रात मे राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे है।जिम्मेदारों के द्वारा गंदा पानी के निकासी के लिए उचित प्रबन्ध नहीं किया गया है।

## जेठ माह की धूल भरी आंधी से आम की फसलों को हुआ भारी नुकसान



**स्वतंत्र भारत नानपारा बहराइच।** नानपारा क्षेत्र क्षेत्र में धूल भरी आंधी के प्रकोप से आम की फसलों को बड़ा नुकसान हुआ दोपहर 12ः00 बजे के करीब अचानक मौसम में हुए बदलाव के कारण धूल भरी आंधी और हल्की-फुल्की बारिश हो जाने सेआम मानस ने राहत की सांस ली के साथ-साथ इस क्षेत्र के आम के बाग के ठेकेदारो वह मालिकों के चेहरे हवा हवाई हो गए बताते चलें कि इस वर्ष बागों में आम की फसल अच्छी दिखाई दे रही थी परंतु इस धूल भरी आंधी ने बागवानों को काफी क्षति पहुंचा दी है। तेज हवा और आंधी के साथ वर्ष होने से कुछ उमस कम पड़ी लेकिन उसके साथ-साथ दोपहर 12ः00 बजे से 2ः00 के बीच आम जनमानस का आवागमन ठप हो गया आंधी तूफान हटने के बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों में वर्षा होने के संकेत मिल रहे हैं।

# संजीवनी लॉ कॉलेज, कीर्तनपुर में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन

**स्वतंत्र भारत बहराइच।** सतेन्द्र कुमार, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के निर्देशानुसार विराट शिरोमणि, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच की अध्यक्षता में संजीवनी लॉ कॉलेज, कीर्तनपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुधाकर त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम के विषय के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया, तत्पश्चात् संजीवनी लॉ कालेज में विधि के छात्र/छात्राओं भारती यादव, मानसी, श्रुति निषाद, अंजलि निषाद, अहमद शाह (आजाद), पुष्पुन्द्र चौधरी, इशिका गुप्ता, अर्चिता अग्रवाल, इति पटेल, सारा खान, अंकित सिंह एवं तरून सिंह द्वारा विषय के अनुरूप विधिक जानकारी देते हुये अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सभी अपने आस-पास के इलाकों में आमजनमानस को जागरूक करेगें। सचिव ने शिविर में उपस्थित छात्र/छात्राओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन चुनौतियाँ, अपशिष्ट प्रबंधन में असंगठित क्षेत्र की भूमिका, अपशिष्ट प्रबंधन में असंगठित क्षेत्र के लिये चुनौतियाँ के बोर मे जानकारी प्रदान करते हुये यह बताया गया कि बढ़ती आबादी और तीव्र शहरीकरण के कारण भारतीय शहरों में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (मुन्सीपल सालिड वेस्ट एमएसडब्ल्यू) के उत्पादन में व्यापक वृद्धि हुई है। भारत सहित कई विकासशील देशों में अपशिष्ट संग्रह और वस्तु पुनर्चक्रण गतिविधियाँ मुख्य रूप से असंगठित अपशिष्ट क्षेत्र द्वारा की जाती हैं।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में असंगठित क्षेत्र की भूमिका के बारे में भी बताया गया कि असंगठित अपशिष्ट संग्रहकर्तृताओं में ऐसे व्यक्ति, संघ या कचरा-व्यापारी शामिल हैं जो पुनर्चक्रण योग्य सामग्रियों की छँटाई, बिक्री और खरीद में शामिल हैं। कचरा बीनने वाला व्यक्ति असंगठित रूप से अपशिष्ट उत्पादन के स्रोत से पुनः प्रयोज्य और पुनर्चक्रण योग्य ठोस अपशिष्ट के संग्रह तथा पुनर्प्राप्ति में लगा हुआ है, जो सीधे या बिचौलियों के माध्यम से पुनर्चक्रणकर्ताओं को अपशिष्ट की बिक्री करता है। इसके अतिरिक्त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 की मुख्य विशेषताओं की जानकारी भी दी गयी जिसमें कचरे को निम्नलिखित प्रकार से तीन श्रेणियों में अलग करने की जिम्मेदारी इसके उत्पादक की हैः-गीला (बायोडिग्रेडेबल), सूखा (प्लास्टिक, कागज, धातु, लकड़ी आदि), घरेलू खतरनाक अपशिष्ट (डायपर, नैपकिन, खाली कंटेनर आदि) तथा अलग किये गए कचरे को अधिकृत कचरा बीनने वालों या कचरा संग्रहकर्ता या स्थानीय निकायों को सौंपना। आखिर मे सचिव महोदय द्वारा आमजनमानस से अपील की गयी कि आप सभी अपने आस-पास साफ-सफाई रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रोहित प्रकाश सिंह, प्रधानाचार्य, सुधाकर प्रसाद त्रिपाठी प्रवक्ता लॉ, अरूण कुमार कन्नौजिया, मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रवक्ता, श्रीमती निशा त्रिपाठी, प्रवक्ता, समस्त शिक्षकों एवं छात्र/छात्राएं संजीवनी लॉ कॉलेज का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संजीवनी लॉ कॉलेज के प्रधानाध्यापक रोहित प्रकाश सिंह द्वारा कार्यकम का समापन करते हुये सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच को कार्यक्रम आयोजित कराने एवं छात्र/छात्राओं को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति मार्गदर्शन करने के लिये उनका आभार व्यक्त किया गया।

स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शनिवार 17 मई 2025

# प्रयागराज

कौशाम्बी/ वाराणसी/ भदोही



## पलक सिंह ने पी. एम.श्री केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** पलक सिंह ने पी. एम.श्री केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज में प्रथम स्थान प्राप्त किया - हरिओम सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद की पुत्री पलक सिंह ने सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा में पी. एम.श्री केंद्रीय विद्यालय न्यू कैंट प्रयागराज द्वितीय पाली में 96.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

# उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा समर हॉबी कोर्स का शुभारम्भ

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी दिनांक 16.05.2025 से रेलवे अधिकारियों/कर्मचारियों के बच्चों तथा नॉन रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए समर हॉबी कोर्स का शुभारम्भ श्रीमती चेतना जोशी, अध्यक्षा महोदया, सचिव ऋचा वर्मा और सभी विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन और सहयोग से हुआ। इस कोर्स की क्लासेस कलरव, रेलगाँव कालोनी, सूबेदारगंज में आयोजित की गयी है। दिनांक 10.06.2025 तक चलने वाले समर हॉबी कोर्स में स्केटिंग, ताइक्वान्डो, आर्ट एवं क्राफ्ट एवं डांस कोर्सेस को प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया जायेगा।

संगठन द्वारा समर हॉबी कैम्प कराने का उद्देश्य बच्चों को खुद को आज़ाद करने और अच्छा समय बिताने के लिए एक सुरक्षित माहौल प्रदान करना है। शिविर की अधिकांश गतिविधियाँ मौज-मस्ती करने पर केंद्रित होती है, साथ ही साथ बच्चों को जीवन कौशल सिखाती है, लचीला बनाती है और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देती है। इससे आत्मविश्वास और क्षमता की भावना विकसित करने में मदद मिलती है, जो वयस्कता में स्वतंत्रता के लिए आवश्यक निर्माण खंड के रूप में काम करते हैं।

## परीक्षा केंद्र बदलने से छात्रों में आक्रोश, किया विरोध

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय द्वारा जय नारायण पीजी कॉलेज का परीक्षा केंद्र अचानक बदलने से छात्रों में नाराजगी फैल गई। बीए और बीएससी के छात्रों को अब 8-10 किमी के बजाय 40-45 किमी दूर परीक्षा देने जाना होगा।

गर्मी और दोपहर के समय में परीक्षा होने से छात्रों ने स्वास्थ्य व आर्थिक बोझ की चिंता जताई है। छात्रों ने कहा कि अचानक बदलाव से मानसिक तनाव बढ़ा है। कुलपति प्रो. अखिलेश सिंह ने कहा, 'छात्र जैसे प्रतियोगी परीक्षा में दूर जाते हैं, वैसे ही यहां भी जा सकते हैं।'

छात्रों ने सरकार से इस निणय पर कार्रवाई की मांग की है।

## नशे में धुत कार सवार युवक ने खड़े टैंकर में मारी टक्कर क्षतिग्रस्त

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** शराब के नशे में चूर कार सवारों युवको ने सड़क के किनारे खड़े ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दिया, एक्सीडेंट की घटना से लोगों में हड़कंप मच गया। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक व कार में सवार लोगों को मामूली चोटे आई व ट्रैक्टर व कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया ।मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के जगेपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र प्रजापति का चालक रूप नारायण भारतीया रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह पांच बजे ट्रैक्टर गांव के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर सड़क के किनारे खड़ा कर मजदूरों का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान प्रयागराज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार एक्सयूवी कार ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से ट्रैक्टर व कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सीडेंट की आवाज सुनकर लोगों में हड़कंप मच गया। दुर्घटना में जहां ट्रैक्टर चालक रूप नारायण घायल हो गया। वही कार में सवार पांच लोग जिसमें चार को मामूली चोटे आई वहीं कार सवार एक युवक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कार में सवार सभी लोग शराब के नशे में चूर थे, कार के अगले हिस्से में शराब की बोतले पाई गई। लोगों ने बताया कि एक्सीडेंट के बाद कार में सवार एक युवक शराब मांगने लगा। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल भेजा गया। सूचना पर मेजा रोड चौकी के उप निरीक्षक लल्लन वर्मा मौके पर पहुंच लिखा पढी कर कार को कब्जे में ले लिया। खबर लिखे जाने तक कार सवार लोगों का नाम और पता नहीं चल सका था।

# टीचर के थप्पड़ से मासूम की मौत

## साढ़े तीन साल के छात्र की संदिग्ध हालात में स्कूल में गई जान

### पानी मांग रहा था छात्र, दो शिक्षिकाओं पर केस दर्ज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी स्कूल में गुरुवार को हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां नर्सरी में पढ़ने वाले साढ़े तीन साल के मासूम शिवाय की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि स्कूल की शिक्षिका ने बच्चे को थप्पड़ मारा, जिससे वह जमीन पर गिर गया और सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मृतक छात्र के परिजन और स्थानीय लोग स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**भाई की आंखों के सामने गई जान-** मृतक छात्र के बड़े भाई सुमित, जो उसी स्कूल में कक्षा दो का छात्र है, ने बताया कि छोटा भाई शिवाय स्कूल में रो रहा था। दो शिक्षिकाएं उसे शांत कराने की कोशिश कर रहीं थीं। जब वह शांत नहीं हुआ तो एक टीचर ने गाल पर थप्पड़ मार दिया, जिससे उसका सिर बेंच से टकरा गया और वह जमीन पर गिर पड़ा। भाई ने दावा किया कि शिवाय के मुंह और नाक से खून निकलने लगा। वह लगातार पानी मांगता रहा लेकिन किसी ने उसे पानी नहीं दिया।

**स्कूल से कॉल आया - 'बच्चा बेहोश हो गया'**-शिवाय के पिता वीरेंद्र, जो पेशे से किराना दुकानदार हैं, ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे स्कूल से कॉल आया कि बच्चा बेहोश हो गया है। जब वे और उनकी पतनी स्कूल पहुंचे तो देखा कि शिवाय के मुंह से खून निकल रहा था और सिर पर गहरी चोट थी। पहले उसे चाका सीएचसी ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर बताकर एसआरएन अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही बच्चे ने दम तोड़ दिया।

**टीचर पर थप्पड़ मारने का आरोप, दो शिक्षिकाओं पर केस दर्ज-** पुलिस ने मृतक के पिता वीरेंद्र की तहरीर पर स्कूल की दो महिला शिक्षिकाओं–आरती और शिवांगी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। नैनी कोतवाली क्षेत्र की एग्रीकल्चर पुलिस चौकी में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम दो डॉक्टरों के पैनल द्वारा कराया गया है और मौत की असल वजह जानने के लिए बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

**मां की ममता बिलख उठी-** शिवाय की मां पूनम बेटे की मौत के बाद बेसुध हो गईं। उन्होंने बताया कि शिवाय को स्कूल छोड़ते समय उन्होंने खुद उसका बैग, लंच बॉक्स और कलर बॉक्स तैयार किया था। किसी को क्या पता था कि वही दिन उनके बेटे का आखिरी दिन होगा। जब पुलिस शव को पोस्टमॉर्टम के लिए ले जाने लगी तो मां ने शव को सीने से चिपका लिया और फूट-फूट कर रोने लगीं।

**स्कूल प्रबंधन ने आरोपों को बताया गलत-** दीन दयाल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक कृष्ण मोहन गुप्ता ने सभी आरोपों से इनकार करते



हुए कहा कि बच्चा रो रहा था, इसलिए शिक्षिका ने उसे बड़े भाई के पास बैठाया था। वह बेंच से खुद गिर गया। उन्होंने कहा कि घटना के वक्त वे दिल्ली में इलाज के लिए थे और स्कूल प्रशासन का घटना से कोई लेना-देना नहीं है।

**स्कूल में ताला, स्टाफ फरार-** घटना के बाद स्कूल में ताला डाल दिया गया है और पूरा स्टाफ गायब है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों और पत्रकारों ने स्कूल पर लापरवाही और क्रूरता का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय 'शिक्षण विधियाँ' का भव्य समापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।**नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के विशेष शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित एवं भारतीय पुनर्वास परिषद 'आर.सी.आई.' नई दिल्ली, (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा अनुमोदित तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम 'शिक्षण विधियाँ' का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम दिन समापन समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए जगदगुरू राम भद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय के विशेष शिक्षा के डीन डॉ0 निहार रंजन मिश्रा ने अपने उद्बबोधन में विभिनन्‍ प्रकार के शिक्षण विधियों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने परंपरागत एवं नवीन पद्धतियों पर प्रकाश डाला यह भी बताया कि दिन प्रतिदिन नए आयाम नए उपागम का प्रयोग कक्षा में करना चाहिए जिससे दिव्यांग विद्याथिर्यों की शैक्षणिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। वर्तमान में शिक्षा में तकनीकी का प्रयोग बाहुल्य रूप से किया जा रहा है। जिससे वंचित वर्ग के विद्याथिर्यों को समावेशी शिक्षा प्रदान की जा सके। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर रोहित रमेश ने कहा कि आईसीटी और एआई का भरपूर उपयोग शिक्षकों को करना चाहिए शिक्षक को लर्नर सेंट्रिक अप्रोच का उपयोग करना चाहिए। प्रतिकुलपति डॉ0 एस0सी0 तिवारी ने कहा कि जमीनी स्तर पर समावेशी शिक्षा का प्रयोग करना चाहिए एवं शिक्षण के बजाय अधिगम पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए। निदेशक डॉ0 एस0एस0 मिश्रा ने बताया कि दिव्यांग विद्याथिर्यों की आवश्यकता के अनुरूप अधिगम विधि का चुनाव तकनीकी सहायक यंत्र का उपयोग करके सरल सुगम तरीके से विषय वस्तु को विद्याथिर्यों तक पहुंचाया जाना चाहिए। वर्तमान युग परंपरागत विद्याथिर्यों की अपेक्षा ब्लैंडेड अधिगम पर आधारित है। विद्यार्थी केवल कक्षा के चारदीवारों तक सीमित ना होकर परिसर तथा समाज के भौतिक संसाधनों एवं मानव संसाधनों का उपयोग करके किया जाना चाहिए, तभी समावेशी समाज की परिकल्पना संभव होगी। कार्यक्रम में प्रो0 विनोद पाण्डेय एवं कुलसचिव डॉ0 हिमांशु टण्डन ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक उदय प्रताप सिंह, कार्यक्रम इंचार्ज विजय प्रकाश तिवारी, राकेश कुमार, रश्मी, नीतू पाण्डेय व बृजेश कुशवाहा सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागीगण मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव में सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगा मौका- आशीष पटेल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नवाबगंजः** लखनऊ से प्रयागराज जाते समय प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामलों के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के लिए हण्डिया कोखराज हाईवे नवाबगंज टोल प्लाजा के पास रुके जहां पर पहले से ही मौजूद कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर और पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।



स्वागत से अभिभूत होकर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि पंचायत चुनाव में सक्रिय और मेहनती कार्यकर्ताओं को मौका मिलेगा। सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण पंचायत चुनाव की तैयारी में जुड़ जाए और सक्रिय सदस्यता अभियान को गति प्रदान करें। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी की विचारधारा को बताएं और सदस्य बनाएं। प्रत्येक कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है क्योंकि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आज अपना दल एस पार्टी उत्तर प्रदेश की तीसरे नंबर की पार्टी बनकर उभरी है। एक एक कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत संभव हो सका है। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सिंह पटेल ने अमर शहीद बाबूलाल पटेल मेमोरियल समिति कार्यालय के लिए सोलर लाइट लगवाने का मांग पत्र कैबिनेट मंत्री को दिया। इस मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार समिति सदस्य जवाहरलाल पटेल, प्रदेश सचिव चिकित्सा मंच डॉ डीपी पटेल, प्रदेश सचिव दुर्गा प्रसाद, जिला अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल, राम लखन पटेल, भारत सिंह, धर्मराज बागी, रवि कुमार, बृजेश पटेल, सुनील कुमार, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग-तपस्या, धर्म-परोपकार के लिए प्रेरित करने वाला था-राजेश शुक्ल

**करछना,प्रयागराज/**-पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान योजना की बैठक जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को रामपुर भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने कहा अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग तपस्या, धार्मिकता, परोपकार व प्रशासन के लिए अनुकरणीय रहा। जिलाध्यक्ष ने जिला अभियान के सदस्यो संग योजना बनाकर विधानसभा,ब्लाक स्तर पर संयोजक एवं सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला अभियान के सदस्य भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान 21 मई 31 मई तक विभिनन्‍ कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें जिलास्तरीय बैठक का आयोजन 19 मई को सुबह 10 बजें वृजमंगल सिह इण्टर कालेज रामपुर में जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता में आयोजित होगी जिसमें प्रदेश द्वरा मुख्य अतिथि भेजे जाएंगे।बैठक मे जिला संयोजक अशोक पाण्डेय,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा, आईटी संयोजक सतीश विश्वकर्मा,रतनकर सिंह,धर्मराज पाल,मिथिलेश पांडेय, आनन्द तिवारी, हरिकृष्ण पांडेय,अजय सिंह आदि कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के साथ पुलिस की बदसलूकी पर आक्रोश

### नैनी इंस्पेक्टर के निलंबन की मांग तेज

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के मामा-भांजा तालाब पुलिस चौकी पर बृहस्पतिवार की शाम जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीकांड और मारपीट के बाद घटनास्थल पर कवरेज के लिए पहुंचे पत्रकारों के साथ पुलिस कमिर्यों द्वारा की गई बदसलूकी ने तूल पकड़ लिया है। पत्रकारों ने आरोप लगाया कि नैनी इंस्पेक्टर के इशारे पर पुलिस कमिर्यों ने न सिर्फ पत्रकारों के साथ अमर्यादित व्यवहार किया बल्कि मोबाइल छीनने की भी कोशिश की। इस घटना के बाद पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने नैनी इंस्पेक्टर को तत्काल निलंबित किए जाने की मांग की है।

**ये है पूरा मामला-** बृहस्पतिवार की शाम करीब 5 बजे मामा-भांजा तालाब पुलिस चौकी पर जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई थी। लाठी-डंडों से हुई इस झड़प के दौरान एक पक्ष द्वारा गोली भी चला दी गई, जिससे दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घटना से नाराज कुछ अधिवक्ता नैनी कोतवाली पहुंचे, जहां पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान चकलाल मोहम्मद ईसाई बस्ती निवासी अधिवक्ता आकाश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका सिर फट गया और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

**पत्रकारों पर बदसलूकी के आरोप-** जब पत्रकार घटनास्थल पर समाचार संकलन के लिए पहुंचे और घायल अधिवक्ता की तस्वीरें लेनी शुरू कीं, तभी पुलिस कमिर्यों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। पत्रकारों का आरोप है कि पुलिस ने न सिर्फ बदसलूकी की बल्कि मोबाइल छीनने की कोशिश भी की।

**डीसीपी से शिकायत, कार्रवाई का आश्वासन-** घटना से नाराज पत्रकारों ने तत्काल डीसीपी यमुनानगर विवेक कुमार से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी दी और नैनी इंस्पेक्टर को निलंबित करने की मांग की। डीसीपी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**लोकतंत्र पर हमलाः पत्रकार-** दी वर्किंग न्यूज़ रिपोर्टर्स क्लब नैनी और नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट प्रयागराज इकाई के पदाधिकारियों ने इस घटना की घोर निंदा की है। स्थानीय पत्रकारों का कहना है कि यह घटना प्रेस की स्वतंत्रता और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषी पुलिसकमिर्यों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## बमरौली में किसान पंचायतः आठ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को सौंपा गया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता प्रयागराज।** भारतीय किसान संगठन की मासिक पंचायत बृहस्पतिवार को पूरा पजाया, बमरौली में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और ग्रामीण शामिल हुए। पंचायत में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने खुलकर अपनी बातें रखीं और आठ प्रमुख मांगों से जुड़ा ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

किसानों ने सबसे पहले बमरौली कछार की जमीन से जुड़ा मामला उठाया। उनका कहना था कि उक्त भूमि का रिकॉर्ड आज भी निर्जापुर में है, जिससे किसानों को जमीन से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं में परेशानी हो रही है। किसानों ने मांग की कि यह रिकॉर्ड प्रयागराज में स्थानांतरित किया जाए। पंचायत में पूरा पजाया गांव में हो रही पशु चोरी की घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन मवेशी चोरी हो रहे हैं,




लेकिन प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। इसी के साथ बमरौली स्थित गौशाला की बदहाल स्थिति का भी मुद्दा उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में एक भी पशु नहीं है, जबकि उसके रखरखाव पर बजट खर्च हो रहा है।

इसके अलावा नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था में लापरवाही, श्रमिक कार्ड योजना में गड़बड़ी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी, अस्थायी ँथ्ध्‍ की नियुक्ति से गरीबों के बच्चों की शिक्षा पर असर और शराब के नशे में झगड़े करने वालों की बढ़ती संख्या पर भी नाराजगी जताई गई। पंचायत के अंत में भारतीय किसान संगठन की ओर से सभी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन तैयार किया गया, जिसे प्रशासन को सौंपा गया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## हाईकोर्ट की सख्ती के बाद निस्तारण मे तीर्व्गति के आसार

### हाईकोर्ट ने अबिलम्ब निस्तारण का दिया आदेश, लग रही तारीख पे तारीख

मेजा,प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रेप के मामले मे पीड़िता के अधिवक्ता की दलील पर सख्ती दिखाई है। हाई कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अबिलम्ब निस्तारण के आदेश दिये हैं। साथ ही तारीख पे तारीख लगाए जाने पर भी नाराजगी जताई है। करछना थाना क्षेत्र के बीरपुर छीटीया निवासी रवि शंकर यादव सीआईएसएफ जवान है। वह अपने मेजा के एक गांव की बालिग़ युवती को प्रेम जाल मे फसाकर जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाया। जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो इंकार कर दिया। पीड़िता नें मेजा थाने मे केस दर्ज कराया। उधर आरोपी ने दूसरी योवती से शादी रचा ली। युवती की प्रभावी पैरवी से आहत आरोपी ने खुद को कोर्ट मे आत्म समर्पण किया,जहाँ आरोपी को जेल भेज दिया गया। वहीं अब मामला कोर्ट मे विचाराधीन है। पीड़िता के ट्रायल कोर्ट के अधिवक्ता अलोक तिवारी के मुताबिक रेप जैसे गंभीर मामलों में कम समय मे दोष सिद्ध होने चाहिए,लेकिन तारीख पे तारीख लगती जा रही है। वहीं पीड़िता ने तारीख पे तारीख लगाए जाने से क्षुब्ध होकर इलाहाबाद हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पीड़िता के हाई कोर्ट के अधिवक्ता शैलेश कुमार उपाध्याय ने याचिका दायर कर कहा कि विपक्षी अधिवक्ता द्वारा बिना वजह हाजिरीमाफ़ी साहित केस मे देरी की जा रही है। लम्बी तारीखों को लेकर पीड़िता क्षुब्ध है। बिना देरी के मामले का अबिलम्ब निपटारा किया जाना चाहिए। वहीं अधिवक्ता को सुनकर हाई कोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। नलिन कुमार श्रीवास्तव की पीठ ने कहा है की अतिशीघ्र मामले का निस्तारण किया जाए। बिना वजह लम्बी तारीख न दी जाए। पीड़िता साहित अन्य बयान व जिरह की प्रक्रिया पुरी कर ली जाए। इसके अलावा कोर्ट ने पीठासीन अधिकारी,अधिवक्ता साहित सभी को अबिलम्ब मामले के निस्तारण हेतु निर्देशित किया है। उधर कोर्ट के आदेश को लेकर आरोपी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं।

## कोर्ट के आदेश पर प्रशासन का चला बुलडोजर, तालाब पर किए गए अवैध कब्जे 17 घरों को गिराया

**स्वतंत्र भारत संवाददाता मेजा प्रयागराज।** गुरुवार को तहसील प्रशासन द्वारा कोर्ट के आदेश पर तालाब की जमीन पर किए गए अवैध तरीके से कब्जे को बुलडोजर से गिरवाया गया। मौके पर नवागत एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव, तहसीलदार मेजा आकांक्षा मिश्रा, राजस्व कर्मी और पुलिस बल तैनात रहा। विकास खंड मेजा के पथरा ग्राम पंचायत के नारी राजस्व गांव के तालाब की भूमि पर 17 लोगों ने अवैध



मकान बनाकर कब्जा कर रखा था। याचिका कर्ता बसंतलाल द्वारा दायर की गई जनहित याचिका की प्रभावी पैरवी वकील सच्चिदानंद तिवारी ने की। कोर्ट से बेदखली का आदेश हुआ। कुछ लोगों ने बेदखली के विरुद्ध याचिका दाखिल की थी लेकिन कोर्ट द्वारा उनकी अपील को निरस्त कर दिया गया था। साथ ही अवैध कब्जा धारक कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। जिसके बाद राजस्व विभाग द्वारा एक सप्ताह से अधिक समय पूर्व नोटिस दी गई लेकिन अवैध कब्जाधारकों ने कब्जा को खाली नहीं किया था। एसडीएम मेजा ने बताया कि कोर्ट का फुल आदेश आने के बाद गुरुवार को बुलडोजर से तालाब की जमीन पर किए गए 17 अवैध घरों को कब्जे से मुक्त करवाया गया।

## सेना ने दम झोंका है, आतंकबाद को ठोंका है

### चुन-चुन करके मारा है,बदला अब उतारा है तिरंगा यात्रा मे भारत माता की जय घोष से गूंजा सिरसा नगर

**मेजा(प्रयागराज)।** प्रयागराज के यमुनापार में आपरेशन सिन्दूर के सफलता के बाद शुक्रवार को सिरसा नगर में सेना के शौर्य को सैल्यूट करने तिरंगा यात्रा निकालकर देश की सेना के शक्ति और शौर्य को वंदन अभिनंदन करते हुए कृतज्ञता व्यक्त किया। राजेश शुक्ल ने कहा देश की सेना के जांबाजी को सलाम जो पाकिस्तान के सभी वार को विफल कर दिया। पूर्व अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश नीरज त्रिपाठी ने कहा सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। पियूष रंजन निषाद ने कहा सेना ने बार-बार देश का सर गर्व से ऊंचा किया। राजमणि कोल ने कहा सेना है तो सुकून है। सेना का गौरव गान जन-जन में हो रहा है। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की तिरंगा यात्रा श्रीनाथ मंदिर से शुभारंभ होकर अमिलहवा चौराहे पर समापन हुआ। तिरंगा यात्रा मे आम नागरिकों के साथ पूर्व सैनिक व समाज के सभी तबके के लोग तिरंगा यात्रा मे मौजूद रहकर नारा लगाया सेना ने दम झोंका है,आतंकबाद को ठोंका है। चुन-चुन करके मारा है,बदला अब उतारा है।

विश्व को बस एक संदेश, पाकिस्तान आतंकी देश,भारत माता की जय, वंदेमातरम्, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारें गुंजायमान रहें। तिरंगा यात्रा मे प्रमुख रूप से पूर्व सैनिक संतोष सिंह, विभवनाथ भारती,विनोद प्रजापति,योगेश शुक्ला,विपिन केशरी लखन, इन्द्रनाथ मिश्र,कमलेश दुबे, आकांक्षा सोनकर, संतोष त्रिपाठी, सुभाष सिंह पटेल,दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मुकेश कोल,अमरेश तिवारी,राना सेठ, बीएन प्रसाद,आरके सिंह, सतीश विश्वकर्मा, मिथिलेश पांडेय, आनन्द तिवारी आदि रहें।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नक्सली दमन

नक्सली समस्या का देश में काफी पुराना इतिहास रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल पश्चिम बंगाल के जुझारू नेता चारु मजुमदार द्वारा शुरू यह मुहिम पहले तो स्थानीय जमींदारों द्वारा बेहद पिछड़े और वंचित समुदायों पर अत्याचार और उनके शोषण के खिलाफ थी। आगे यह हिंसक प्रतिरोध बनी व अन्य राज्यों में फैलने के साथ गंभीर समस्या बनी। विकास के विस्तार की गतिविधियों को इन समुदायों, विशेष रूप से आदिवासियों का हक छीनना माना गया जिसके बाद अपने समर्थन का आधार बढ़ाने को नक्सली इनके साथ जुड़े और सरकार बनाम नक्सलवाद का संघर्ष बन गया। यह आंध्र, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कुछ पनपा भी पर कुछ समय बाद इस पर काबू पा लिया गया। फिर भी छत्तीसगढ़ के अंदरूनी इलाकों में बेहद घनी बसी आदिवासी आबादी के बीच पैठ मजबूत कर नक्सली तत्व छोटी घटनाओं के अलावा एक ही हमले में कई लोगों की जानें लेते रहे। इनमें आम लोगों के साथ कई बड़े राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों को भी निशाना बनाया गया। पूर्व की सरकारों द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाइयां तो हुईं पर तात्कालिक समस्या मानकर इनमें निरंतरता न बनाए रखने से नक्सलियों को मौके मिलते रहे व नई सिरे से रणनीति बनाकर उनके हमले भी जारी रहे। इच्छाशक्ति का अभाव इसके पीछे खास वजह थी। पिछले दो वर्षों के दौरान तस्वीर काफी बदल चुकी है। फंदा कसने के बाद नक्सली हमलों में कमी आई और अब उनका सफाया भी तेजी से हो रहा है। बड़े-बड़े खूंखार इनामी नक्सलियों से लेकर छोटे तक या तो मारे जा रहे हैं या सरेंडर कर रहे हैं। अब यह भी पता लगा है कि नक्सली गिरोह हथियारों के मामले में काफी आगे निकल चुके हैं। राज्य की तेलंगाना की सीमा से जुड़ी सीमा पर ऑपरेशन के दौरान उनके पास से अन्य हथियारों के अलावा पहली बार मेगा स्नाइपर भी बरामद हुए हैं। इस घातक हथियार की मारक क्षमता पांच सौ मीटर तक होती है। आश्चर्यचकित सुरक्षा बल यह जांच कर रहे हैं कि नक्सलियों ने इन्हें किस मदद से बनाया है। नक्सली उन्मूलन की दिशा में मिलती कामयाबियों का श्रेय गृह मंत्री अमित शाह को भी जाता है जिन्होंने इसकी लगातार निगरानी का जिम्मा संभाल रखा है।

## वर्षा की तैयारियां

हालांकि अभी आधी मई ही बीती है लेकिन दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के दक्षिणी भाग, निकोबार द्वीप समूह व अंडमान सागर के उत्तरी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। प्राथमिक वर्षा प्रणाली के एक जून की सामान्य तिथि से पूर्व 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग का मानना है कि मॉनसून यदि उमीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो 2009 के बाद से भारतीय भूमि पर इसका समय से पूर्व आगमन होगा। दक्षिण पश्चिम मॉनसून आमतौर पर एक जून तक केरल में प्रवेश करता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। इस तरह कहा जा सकता है कि देश में मॉनसून की आमद की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अगर मौसम विभाग का अनुमान सटीक निकलता है, जैसा कि आजकल हो रहा है, तो पंद्रह-बीस दिनों के भीतर ही लोगों का बारिश के छींटों से सामना होने लगेगा। इस साल भविष्यवाणी के मुताबिक ही जिस तरह गर्मी कहर ढा रही है, उसे देखते हुए यह अनुमान काफी सुकून देता है कि जल्दी ही इस मुसीबत से छुटकारा मिल जाएगा। वर्षा ऋतु अन्य मामलों में भी काफी अहम है। जैसे कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अहम है जो लगभग 42 फीसदी आबादी की जीविका का आधार है तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में करीब 18 प्रतिशत का योगदान देता है। इसके अलावा पीने के पानी और विद्युत उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी अहम है। यानी तमाम मुसीबतें लाने के बाद भी वर्षा जल का अपना महत्व काफी अधिक है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। ऐसे में जरूरत यह है कि वर्षा के स्वागत की तैयारी का मन बनाने के साथ ही इससे होने वाले नुकसान व क्षति से निपटने की तैयारी भी अभी से शुरू हो जाए ताकि आगे चलकर किसी विषम परिस्थिति में पछताने की नौबत न आने पाए।

## कांव-कांव

♦♦♦

**राष्ट्रपति पर समयसीमा लगाना असंवैधानिक-मुर्मू**
बस, यही सब देखना सुनना बाकी रह गया था!

**भारत-पाक संघर्षविराम मैंने नहीं करवाया-ट्रंप**
बिहार चुनाव निपटने के बाद बोलते ये बात!

**पाक से केवल आतंकवाद पर बात-जयशंकर**
मतलब भेड़िये को मांसाहार पर घेरा जायेगा!

**ट्रंप उड़ाने लगे हैं अपने दोस्त नेतन्याहू की नींद**
नेतन्याहू भाई, जागते रहो, हमास अभी मरा नहीं!

**पाक समर्थक तुर्की से शैक्षिक संबंध नहीं-जेएनयू**
वैसे तुर्की के साथ कारोबारी रिश्ते जारी रहेंगे!

**बढ़ता पारा चैन के साथ नींद भी उड़ा रहा**
इसीलिए कहते हैं मुसीबत अकेले नहीं आती!

♦♦♦

# सीजफायर पर इतना घमासान क्यों?




**- डॉ. दीपकुमार शुक्ल**

पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डो को निशाना बनाते हुए भारत द्वारा की गयी सैन्य कार्रवाई बन्द हो जाने के बाद पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी दल जहाँ सरकार पर हमलावर हैं वहीं सत्ता पक्ष के नेता ऑपरेशन सिन्दूर को सफल तथा सीजफायर को अस्थाई बता रहे हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नाम अपने सम्बोधन में बताया कि भारत ने पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया जिसका उसे अन्दाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा था। प्रधानमन्त्री ने यह भी बताया कि पाकिस्तान दुनियां भर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद पाकिस्तानी सेना ने 10 मई की दोपहर हमारे डीजीएमओ को सम्पर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। पाकिस्तान की तरफसे जब यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधी और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जायेगा तो भारत ने भी उस पर विचार किया। प्रधानमन्त्री ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिन्दूर अब भारत की नीति बन चुकी है। पाकिस्तान को चेतवानी देते हुए उन्होंने कहा है कि हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। रक्षामन्त्री राजनाथ सिंह ने भी प्रधानमन्त्री की बात दोहराते हुए पाकिस्तान को आगाह किया कि हिन्दुस्तान की धरती पर किया गया कोई भी आतंकी हमला एक्ट ऑफवार माना जायेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिन्दूर' के तहत भारतीय वायु सेना ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। जिसका उद्देश्य आतंकियों के लांचपैड तथा हथियारों के भण्डार को नेस्तानाबूद करना था। जो पूरी तरह सफल रहा। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई में जैश-ए-मुहम्मद का सरगना अब्दुल रऊफअजहर सहित 100 से अधिक आतंकी मारे गये। अब्दुल रऊफ दिसम्बर 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट-814 के अपहरण तथा अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या में शामिल बताया जाता था। आतंकी अड्डों पर अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के कई सैन्य ठिकानों तथा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की। परन्तु भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने माकूल जवाब देते हुए सभी हमलों को चुटकियों में विफल कर दिया। पाकिस्तान द्वारा छोड़े गये सभी ड्रोन जहाँ हवा में ही नष्ट कर दिये गये वहीं उसका एयर बेस सिस्टम भी ध्वस्त कर दिया गया। इस ऑपरेशन में जिन नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें चार पाकिस्तान में तथा पांच पाक अधिकृत कश्मीर में स्थित थे। इन्हें लश्कर, जैश-ए-मुहम्मद तथा हिजबुल मुजाहिदीन जैसे भारत विरोधी आतंकी संगठनों के ठिकानों के रूप में चिन्हित किया गया था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुरीदके में स्थित लश्कर मुख्यालय का नाम 'मरकज तैयबा' था। 26/11 के आतंकी अजमल कसाब तथा डेविड हेडली आदि ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किमी दूर बहावलपुर में स्थित जैश-ए-मुहम्मद के मुख्यालय का नाम 'मस्जिद/ मरकज सुभान अल्लाह' था। यह आतंकियों की भर्ती, प्रशिक्षण तथा उन्हें कट्टर बनाने का केन्द्र था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 12 किमी दूर सियालकोट में स्थित 'मेहमूना जोया' नाम का आतंकी अड्डा हिजबुल मुजाहिदीन का बड़ा शिविर तथा कठुआ जम्मू क्षेत्र का नियंत्रण केन्द्र बताया गया। जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले की योजना बनाने तथा उस पर निगरानी रखने का काम यहीं से हुआ था। सियालकोट में ही अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 6 किमी दूर जैश-ए-मुहम्मद का सरजाल नामक केन्द्र था। मार्च 2025 में जम्मू कश्मीर के चार पुलिस कर्मियों की हत्या करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के पांच आतंकी अड्डों में 'सवाई/शवाई नाला' नामक लश्कर का प्रशिक्षण केन्द्र नियंत्रण रेखा से लगभग 30 किमी दूर मुजफ्फराबाद में स्थित था। मुजफ्फराबाद में ही 'सैयदना बिलाल' नाम से जैश-ए-मुहम्मद का प्रशिक्षण केन्द्र संचालित था। जहाँ हथियार, विस्फोटक तथा जंगल में जीवित रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। वहीं नियंत्रण रेखा से लगभग 30 किमी दूर कोटली में राजौरी-पूंछ क्षेत्र में सक्रिय लश्कर आतंकियों का प्रशिक्षण केन्द्र था। जिसका नाम गुलपुर था। अप्रैल 2023 में पूंछ में तथा जून 2024 में हिन्दू तीर्थयात्रियों की बस पर हमला करने वाले आतंकियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। कोटली में ही नियंत्रण रेखा से लगभग 13 किमी दूर लश्कर के अब्बास नामक अड्डे में फिदायीन अर्थात



आत्मघाती हमले का प्रशिक्षण दिया जाता था। नियंत्रण रेखा से लगभग 9 किमी दूर भीम्बेर में बरनाला नाम से लश्कर का आतंकी अड्डा था। जिसमें हथियार, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) तथा जंगल में जीवित रहने की ट्रेनिंग दी जाती थी। इन सभी आतंकी अड्डों की तबाही ने निश्चित ही भारत विरोधी आतंकियों की कमर तोड़ने का काम किया है। इसे आतंक के खिलाफभारत की लड़ाई को बहुत बड़ी सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। लेकिन भारत की एक बड़ी आबादी ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान के टुकड़े होते हुए देखना चाहती थी। लोगों का यह विचार था कि अब यह कार्रवाई पाक अधिकृत कश्मीर की भारत में वापसी तथा बलूचिस्तान की आजादी के बाद ही रुकनी चाहिए। परन्तु अचानक घोषित हुए सीजफायर ने सबकी आशाओं पर पानी फेर दिया। उसमें भी सीजफायर का ऐलान भारत और पाकिस्तान से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा किये जाने से आम जन का आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक है। अब प्रश्न यह उठता है कि आतंकी अड्डों पर कार्रवाई शुरू करते ही जब भारत सरकार ने बड़ी प्रतिबद्धतापूर्वक स्पष्ट कर दिया था कि हम सिर्फ और सिर्फ आंतकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रहे हैंद्य। इसमें न तो पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया जायेगा और न ही वहां के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया जायेगा। तब फिर भारत की एक बड़ी आबादी के मन में बलूचिस्तान की आजादी तथा पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की भ्रान्ति ने कैसे और क्यों जन्म लिया? इसके राजनीतिक निहितार्थ भले ही तलाशे जा रहे हों। परन्तु कारण यह हो सकता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आलोचना झेल रही सरकार ने 6 मई तक सेना को पर्याप्त होमवर्क करने के बाद सैन्य कार्रवाई की इजाजत दी थी। जिसका परिणाम पूरी तरह सकारात्मक रहा और पाकिस्तान तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी अड्डों को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सका। तदोपरान्त पाकिस्तान की ओर से की गयी जवाबी कार्यवाही को भी भारतीय जवानो ने विफल कर दिया। ऐसे में भारत की एक बड़ी आबादी को यह आभास होना स्वाभाविक था कि हम पाकिस्तान पर भारी हैं। अतः लगे हाथ पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त तथा बलूचिस्तान को आजाद करवाकार समस्या को हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त कर देना चाहिए। जबकि सरकार तथा सेना का उद्देश्य 7 मई को ही पूरा हो गया था। अतः कार्रवाई को रोकना मुनासिब लगा और हुआ भी यही। ऐसे में आम जन में असन्तोष फैल गया।

## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

मिट्ठी इस वक्त मुझे दिल में कितना कायर और नीच समझ रही होगी? शायद इस वक्त मुझे कोई मार डाले, तो वह जबान भी न खोलेगी। शायद मन में प्रसन्न होगी कि अच्छा हुआ। अभी कोई जाकर साहब से कह दे कि बीरबल सिंह की स्त्री जुलूस में निकली थी, तो कहीं का न रहूं। मिट्ठी जानती है, समझती है, फिर भी निकल खड़ी हुई। मुझसे पूछा तक नहीं। कोई फिक्र नहीं है न, जभी ये बातें समझती हैं, यहां सभी बेफिक्र हैं, कॉलेजों और स्कूलों के लड़के, मजदूर पेशेवर इन्हें क्या चिंता ? मरन तो हम लोगों की है, जिनके बाल-बच्चे हैं और कुल-मर्यादा का ध्यान है। सबकी सब मेरी तरफ कैसे घूर रही थीं, मानो खा जायेंगी।

जुलूस शहर को मुख्य सडकों से गुजरता हुआ चला जा रहा था। दोनों ओर डों पर छज्जों पर, जंगलों पर, वृक्षों पर, दर्शकों की दीवारें-सी खड़ी थी। बरबल सिंह को आज उनके चेहरों पर एक नयी स्फूर्ति, एक नया उत्साह, एक स्या गर्व झलकता हुआ मालूम होता था। स्फूर्ति थी वृक्षों के चेहरे पर, उत्साह युवकों के और गर्व रमणियों के। यह स्वराज्य के पथ पर चलने का उल्लास था। अब उनको यात्रा का लक्ष्य अज्ञात न था, पथभ्रष्टों की भांति इधर-उधर भटकना न था, दलितों की भांति सिर झुका कर रोना न था। स्वाधीनता का सुनहला शिखर बदर आकाश में चमक रहा था। ऐसा जान पड़ता था कि लोगों को बीच के नालों और जंगलों की परवाह नहीं है। सब उस सुनहले लक्ष्य पर पहुंचने के लिए उत्सुक हो रहे हैं।

ग्यारह बजते-बजते जुलूस नदी के किनारे जा पहुंचा, जनाजा उतारा गया और लोग शव को गंगा-स्नान कराने के लिए चले। उसके शीतल, शांत, पीले मस्तक पर लाठी की चोट साफ नजर आ रही थी। रक्त जम कर काला हो गया था। सिर के बड़े-बड़े बाल खून जम जाने से किसी चित्रकार की तूलिका की भांति चिमट गये थे। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# भारत की आधुनिक युद्ध पद्धति में निर्णायक जीत

**- टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर**


7 मई, 2025 की सुबह ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से भारत के निपटने के तरीके में बड़े बदलाव को स्थापित कर दिया। यह केवल सैन्य अभियान-भर नहीं था, बल्कि दुनिया को साफ तौर पर संदेश था कि भारत सीमा पार हमलों पर अब चुप नहीं बैठेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 निर्दोष लोगों के मारे जाने के ठीक दो हफ्ते बाद इस अभियान को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था और आक्रोश और गुस्से में भरे लोग दुख में एकजुट हो गये थे। भारत सरकार ने अब बहुत हो गया की सोच के साथ तुरंत और दृढ़ता से आतंकी हमले के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की।

विचारपूर्वक की गई जवाबी कार्रवाई में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज़्बुल मुजाहिदीन के नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। ये आतंकी शिविर मुजफ्फराबाद में सवाई नाला कैंप और सैयदना बिलाल कैंप, कोटली में गुलपुर कैंप और अब्बास कैंप, भीमबेर में बरनाला कैंप, सियालकोट में सरजल कैंप और महमूना जोया कैंप, मुरीदके में मरकज तैयबा कैंप और बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह थे। भारत के इस अभियान का टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर और जेनिफर ज़ेंग जैसे प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों ने विस्तृत मूल्यांकन किया है, जिसमें भारत की सफलता के रणनीतिक और सामरिक तत्वों को रेखांकित किया गया है। ऑस्ट्रियाई सैन्य इतिहासकार टॉम कूपर ने भारत के वायु सेना अभियान को जीत की स्पष्ट वजह बताया है। कूपर ने कहा है कि पाकिस्तान की विश्वसनीय कार्रवाई अक्षमता से भारत की रणनीतिक प्रभावशीलता परिलक्षित होती है।

उन्होंने कहा, इस मामले में भारत की स्पष्ट जीत हुई है और कोई हैरत नहीं कि पाकिस्तान ने 'युद्धविराम' के लिए क्यों 'आवाज़' लगानी शुरू की।

कूपर ने अपने तर्क के समर्थन में पाकिस्तान की प्रतिरोधी रणनीतिक विफलता का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई और परमाणु हमले की धमकी देने की रणनीति विफल रही, क्योंकि भारत ने जोरदार जवाबी हमला किया और पाकिस्तानी कदम के जवाब में हमला और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि लड़ाई इसलिए थमी कि पाकिस्तान ने भारी नुकसान उठाने के बाद युद्ध विराम का आग्रह करना शुरू कर दिया। कूपर ने विचार व्यक्त किया कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला संभवतः उसके गोला-बारूद के अपर्याप्त भंडार और नष्ट होते यूएवी के कारण हुआ।

मॉडर्न वारफेयर इंस्टीट्यूट-अर्बन वॉरफेयर स्टडीज़ के अध्यक्ष जॉन स्पेंसर ने रणनीतिक संयम और दृढ़तापूर्ण भारतीय रुख की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की चेतावनी भरी लाल रेखाओं को फिर से परिभाषित कर दिया कि पाकिस्तान की भूमि से उस पर किया जाने वाला कोई भी आतंकवादी हमला युद्ध माना जाएगा। स्पेंसर ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत ने प्रचंड जवाबी हमला किया लेकिन इसे युद्ध में बदलने से पहले ही रोक दिया। यह उल्लेखनीय प्रतिरोधक प्रदर्शन है, जो नपा-तुला, नियंत्रित और विश्वसनीय रहा। जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बड़ी जीत बताया। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि भारत ने सिर्फ़ 'चार दिनों की विचारपूर्ण सैन्य कार्रवाई में अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल कर लिए, बल्कि उससे भी ज्यादा प्राप्त कर लिया। स्पेंसर इसे निर्णायक शक्ति और उसे स्पष्ट तौर पर लागू किये जाने के प्रयोग के रूप में देखते हैं, न कि सिर्फ प्रतीकात्मक बल के रूप में। स्पेंसर ने कई प्रमुख रणनीतिक प्रभावों का उल्लेख किया है, जो भारत की जीत को प्रदर्शित करते हैं। एक नई रणनीतिक चेतावनी जारी और लागू कर दी गई



कि अब पाकिस्तानी धरती से होने वाले आतंकी हमलों का मुकाबला सैन्य बल से किया जाएगा, एक मिसाल है। सैन्य श्रेष्ठता प्रदर्शन- भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता दिखा दी, जिसमें आतंकी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र और हवाईअड्डे शामिल रहे। इसके विपरीत, पाकिस्तान भारत के अंदर किसी भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसने में विफल रहा। स्पेंसर ने इसे बड़ी रणनीतिक श्रेष्ठता और वास्तविक प्रतिरोधक क्षमता बताया। प्रतिरोधक बहाली- शक्तिशाली जवाबी कार्रवाई करने लेकिन पूर्ण युद्ध में बदलने से पहले ही संघर्ष को रोककर भारत ने अपने युद्ध नियंत्रण इच्छा और क्षमता का स्पष्ट संकेत दिया, जिससे प्रतिरोधक बहाल हुआ। रणनीतिक स्वतंत्रता- भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के बिना ही संघर्ष का बेहतर प्रबंधन कर अपनी संप्रभु शर्तों पर सिद्धांतों को लागू किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस एसोसिएशन की सदस्य जेनिफर ज़ेंग ने भी भारत के रणनीतिक हमलों और पाकिस्तान की हार का विस्तृत विवरण साझा करते हुए कहा है कि भारत ने सटीक और शक्तिशाली हमले कर पाकिस्तान के आतंकी शिविर, वायु रक्षा प्रणाली और प्रमुख सैन्य ठिकाने नष्ट किए। पाकिस्तान का नुकसान जैसे-जैसे बढ़ता गया, उसके जवाबी हमले के प्रयास बार-बार विफल होते गए और वहां का नेतृत्व हताश हो गया और उसने अमरीका और सऊदी अरब का रुख कर पूर्ण सैन्य हार से बचने के लिए कूटनीतिक मदद की गुहार लगाई। उनके लेख में उन घटनाओं को समयबद्ध चरण में दिखाया गया है कि पाकिस्तानी सेना को युद्धविराम की गुहार क्यों लगानी पड़ी। 7 मई - भारत ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए राफेल जेट और ब्रह्मोस मिसाइलों से बड़े स्तर पर हवाई हमले किये, जिससे पाकिस्तान के छद्म नेटवर्क को गहरा झटका लगा। 8 मई- भारत के सटीक हमलों ने लाहौर में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली एचक्यू-16 को नष्ट कर दिया। भारतीय हमलों से पाकिस्तान की विदेशी सैन्य प्रौद्योगिकी पर निर्भरता उजागर हो गई। 9 मई भारतीय सेना ने नूर खान और रफीकी सहित प्रमुख हवाई ठिकानों पर बमबारी की, जिससे पाकिस्तान की हवाई क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई। ड्रोन, मिसाइलों और जेट से पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई को भारत के एस-400 ट्रायम्फ और अन्य रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया। भारत ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार और उसे हुए नुकसान के फर्जी दावे को भी खारिज कर दिया।

## प्रेरक प्रसंग

### पिता की सीख

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई।

आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।

सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।

अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं! लेकिन लीजिये, ये कुछ मोहरें आपकी भेंट हैं। इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थैली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।

पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।

पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पड़ूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।

इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे। बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

## आपका पत्र मिला

### देश प्रेमी मुस्लिम योद्धा

हालिया भारत पाक संघर्ष में कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम काफी प्रमुखता से आया। वे पाक पर हमला करने वाले सेनानियों में अग्रगण्य रहीं। उनका नाम तब और प्रचारित हुआ, जब मध्यप्रदेश के एक भाजपाई मंत्री ने बदजुबानी करते हुए उन्हें पाकिस्तानियों और आतंकियों की बहन कह डाला। खैर! इससे देश में उनके सम्मान में कोई फर्क नहीं पड़ा और मंत्री की ही थू थू हुई। हम अतीत में जब झॉकते हैं,तो पाते हैं कि मातृभूमि के लिये लड़ने वाले और भी मुस्लिम योद्धा हुए हैं। 12 वीं शताब्दी में आल्हा ऊदल नामक प्रसिद्ध योद्धावों की सेना के साथ सहयोग करके लड़ने वाले ताला सैयद नाम के एक वीर सेनानी हुए हैं;जो बनारस के सरदार कहे जाते थे। कम मशहूर मुस्लिम सिपाही भी थे, क्योंकि जगनिक के आल्हखण्ड में भीषण युद्ध के वर्णन में एक पंक्ति आती है, अल्ला अल्ला करैं मुसल्ला हिंदू गंगा रहे मनाय।आगे चलकर महाराणा प्रताप की सेना के मुखिया कोई हिंदू न होकर मुस्लिम ही थे। हकीम खॉ नाम के इस महान् सेनापति से अकबर की फौज़ बहुत खौफ खाती थी। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अजीमुल्ला खॉ,शमशुद्दीन खॉ और अजीजन बाई के नाम सदा बड़े आदर से लिये जायॅगा।ये नाना राव पेशवा के सहयोगी थे। पश्चात्वर्ती स्वतंत्रता संग्राम में तो न जाने कितने मुसलमान लड़े और मारे गये। काकोरी काण्ड के अशफाक उल्ला, नेता जी सुभाष चंद्र बोस के निजी सचिव जय हिंद,का नारा देने वाले आबिद हसन, कर्नल हबीबुर्रहमान, एहसान कदिर, शाहनवाज़ खॉ आदि अनेक नाम हैं।1965 में पाक से हुए युद्ध मे अब्दुल हमीद का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा है,जिन्होंने खेमकरन सेक्टर में लड़ते हुए पाक के कई टैंक तोड़े और वीरगति को प्राप्त हुए। उन्हें मरणोपरात परमवीर चक्र प्रदान किया गया। ये नमूने मात्र हैं। फेहरिस्त लम्बी है। देश भक्त हर सम्प्रदाय में हुए हैं। सम्प्रदाय विशेष को शक की नज़र से देखना न्याय नहीं होगा।

**रघोत्तम शुक्ल**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*



# बच्चों को बीमार कर सकती है नाखून चबाने की आदत

*नाखून चबाने की आदत अक्सर बच्चों में पाई जाती है। यह आदत पहले तो मामूली लग सकती है, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह के नुकसान का कारण बन सकती है। बच्चों के लिए यह आदत न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों के नाखून चबाने की आदत से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और डॉक्टर इस बारे में क्या सलाह देते हैं।*

**दांतों और मसूड़ों पर असर**

नाखून चबाने से बच्चों के दांतों और मसूड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इस आदत से दांतों की संरचना बिगड़ सकती है, जिससे दांतों में असंतुलन, दांतों का टेढ़ा होना या मसूड़ों में सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे बच्चों को दांतों की समस्याएँ बढ़ सकती हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए दंत चिकित्सक की मदद की जरूरत पड़ सकती है।

**इंफेक्शन का खतरा**

नाखून चबाने से बच्चों के हाथों से बैक्टीरिया मुंह में जा सकते हैं। यदि बच्चे अपनी उंगलियों को मुंह में डालते हैं और नाखून चबाते हैं, तो यह बैक्टीरिया उनके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और विभिन्न प्रकार के इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। इससे गले में इंफेक्शन, मौखिक रोग, या पेट में समस्याएँ हो सकती हैं। खासकर अगर बच्चा गंदे हाथों से नाखून चबाता है तो यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**पाचन तंत्र पर प्रभाव**

नाखून चबाने से कुछ बच्चे नाखूनों को निगलने की भी आदत डाल सकते हैं। यदि यह नाखून अंदर पेट में चले जाते हैं, तो यह पाचन तंत्र में अड़चन पैदा कर सकते हैं। इससे पेट की समस्याएँ, जैसे गैस, कब्ज, या आंतों की समस्याएँ हो सकती हैं।

**मानसिक तनाव और चिंता**

नाखून चबाना कभी-कभी मानसिक तनाव या चिंता का संकेत भी हो सकता है। कई बार बच्चे तब नाखून चबाते हैं जब वे किसी समस्या या चिंता से जूझ रहे होते हैं। यदि यह आदत लगातार बनी रहती है, तो यह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसे में बच्चे को मानसिक शांति और समर्थन की आवश्यकता होती है, ताकि वह इस आदत से छुटकारा पा सके।

**कैसे छुड़ाएं बच्चों की नाखून चबाने की आदत**

1. बच्चों को नाखून चबाने से रोकने के लिए सबसे पहले माता-पिता को सकारात्मक वातावरण और प्यार देना चाहिए। बच्चों को समझाना और शांतिपूर्वक बताना कि यह आदत कितनी हानिकारक हो सकती है, उनके लिए सहायक हो सकता है।
2. यदि बच्चे की नाखून चबाने की आदत मानसिक तनाव या चिंता के कारण हो रही है, तो एक अच्छे मनोचिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। बच्चे को मानसिक शांति देने के लिए ध्यान, योग, और अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।
3. बच्चों को हमेशा साफ हाथों से भोजन करना और मुंह की सफाई पर ध्यान देने की सलाह दें। साथ ही, बच्चों के नाखूनों की सफाई और नियमित काटने का ध्यान रखें।
4. बच्चों को अन्य गतिविधियों में व्यस्त रखना भी उनकी नाखून चबाने की आदत को कम कर सकता है। जैसे कि खेलकूद, चित्रकला, संगीत आदि।

नाखून चबाना बच्चों की एक आम आदत हो सकती है, लेकिन यह उनके स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से हानिकारक हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए माता-पिता को बच्चे को समझाना और डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए।

## गर्मी में शिशुओं को हीट रैश से कैसे बचाएं

गर्मी का मौसम आते ही बच्चों की देखभाल में विशेष ध्यान देना जरूरी हो जाता है, खासकर शिशुओं की। छोटे बच्चों की त्वचा बहुत नाजुक और संवेदनशील होती है, इसलिए गर्मी में उन्हें हीट रैश यानी घमौरियों की समस्या जल्दी हो जाती है। हीट रैश की वजह से शिशुओं की स्किन पर लाल धब्बे, जलन, खुजली और छाले हो सकते हैं, जिससे उन्हें बहुत असहज महसूस होता है। पेरेंट्स के लिए यह समझना मुश्किल हो सकता है कि बच्चा क्यों परेशान है। लेकिन घबराने की ज़रूरत नहीं, आप कुछ सरल घरेलू उपाय अपनाकर अपने शिशु को इस गर्मी में हीट रैश से बचा सकते हैं।

**शिशु की त्वचा को सूखा रखें**-गर्मी में पसीना और नमी ही हीट रैश का सबसे बड़ा कारण होते हैं। इसलिए कोशिश करें कि शिशु की त्वचा हमेशा सूखी रहे। अगर पसीना आए, तो साफ और मुलायम सूती कपड़े से हल्के हाथों से पोंछें। शिशु को हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनाएं, जिससे हवा आसानी से अंदर जा सके। तंग या सिंथेटिक कपड़े बिलकुल न पहनाएं।

**शिशु को ठंडा रखें**- शिशु का शरीर गर्मी में जल्दी ओवरहीट हो सकता है। इसे रोकने के लिए, शिशु को पंखे या एसी वाले ठंडे और हवादार कमरे में रखें। सीधी धूप से बचाएं और बाहर ले जाते समय पूरी तैयारी करें। ऐसे कपड़े पहनाएं जो शरीर को ठंडा रखें और पसीना सोख सकें।

**डायपर समय-समय पर बदलें**-गर्मी में डायपर की नमी से रैशेज होने की संभावना ज्यादा होती है। समय-समय पर डायपर बदलें और शिशु को थोड़ा समय डायपर फ्री रखें। हर बार डायपर बदलने पर त्वचा को साफ और सूखा करें।

# बेटी को जरूर बताएं ये खास बातें



**मासिक धर्म की पूरी जानकारी**

कई बार पेरेंट्स को इन बातों को बताने में झिझक होती है, लेकिन यह जानना जरूरी है कि इन्हें समय रहते बताना जरूरी है ताकि बाद में कोई असहजता न हो और बेटी को इन विषयों की पूरी जानकारी मिल सके। 15 साल की उम्र में बेटी मासिक धर्म को समझने के लिए तैयार हो जाती है। उसे यह बताना बहुत जरूरी है कि पीरियड्स क्यों आते हैं, इस दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं। इसके साथ ही उसे यह भी समझाना चाहिए कि यह एक सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया है, और यह उसकी सेहत के लिए जरूरी है। इस बारे में उसे स्वच्छता और व्यक्तिगत देखभाल के उपाय भी सिखाने चाहिए।

**किशोरावस्था के बदलाव**

किशोरावस्था के दौरान शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं, जिन्हें समझने में लड़कियां खुद से दिक्कत महसूस कर सकती हैं। इसलिए बेटी को इस उम्र में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों के बारे में जानकारी देना जरूरी है। उन्हें यह समझाना कि इन बदलावों के साथ बढ़ते हुए आत्म-सम्मान और जिम्मेदारी को भी समझे। इस समय में उसका मूड स्विंग होना, शारीरिक बदलावों से परेशान होना सामान्य है।

गुड टच और बैड टच की समझ

यह समय होता है जब बेटी को गुड टच (अच्छा छूना) और बैड टच (खराब छूना) की पहचान सिखानी चाहिए। यह सबसे उपयुक्त उम्र है जब आप उसे यह जानकारी दें कि क्या व्यवहार सही है और क्या नहीं। इसे समझना लड़की के लिए सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इस बारे में उसे यह भी समझाना चाहिए कि अगर कभी भी उसे किसी से असहज महसूस हो, तो उसे तुरंत पेरेंट्स से बात करनी चाहिए।

**किशोरावस्था के बदलाव दूसरों के शब्दों को समझना**

बेटी को यह सिखाना जरूरी है कि वह सामने वाले व्यक्ति के शब्दों और शरीर के हाव-भाव से समझ सके कि उनका इरादा क्या हो सकता है। यह उसे समाज में सुरक्षित रहने और सही निर्णय लेने में मदद करेगा। साथ ही, उसे यह भी बताएं कि किसी के शब्दों को लेकर भावनाओं को ज़्यादा तवज्जो ना दें, बल्कि उन्हें अपनी खुद की सोच और आत्मविश्वास से परखें।

**अनजान लोगों से बात करने का तरीका**

अब जब आपकी बेटी 15 साल की हो गई है, तो उसे यह सिखाना जरूरी है कि अनजान लोगों से कैसे बात करनी चाहिए। इससे उसकी संवाद क्षमता बेहतर होगी और यह उसे भविष्य में करियर बनाने में भी मदद करेगा। उसे यह भी समझाना चाहिए कि कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत विवरण नहीं देने चाहिए, जैसे घर का पता, स्कूल का नाम आदि।

**ऑनलाइन सुरक्षा और सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल**

आजकल के डिजिटल युग में ऑनलाइन सुरक्षा पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है।

15 साल की बेटी को यह सिखाएं कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत जानकारी का शेयर करना गलत हो सकता है। उसे यह बताएं कि ऑनलाइन लोगों से बातचीत में हमेशा सतर्क रहना चाहिए, और किसी भी तरह के असामान्य संदेश या कृत्यों को इग्नोर करना चाहिए।

**जीवन में लक्ष्य और करियर के बारे में सोचने की अहमियत**

जब आपकी बेटी 15 साल की हो जाती है, तो यह समय है उसे अपने भविष्य के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करने का।

उसे यह सिखाएं कि अपने लक्ष्यों को निर्धारित करना और उन तक पहुंचने के लिए कठिन मेहनत करना कितना जरूरी है। यह उसे आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। उसे यह समझाएं कि जीवन में एक उद्देश्य होना चाहिए, और उस उद्देश्य की दिशा में हर दिन कुछ कदम बढ़ाने चाहिए।

**पैसे का महत्व**

बेटी को यह सिखाना कि पैसे का महत्व क्या है और उसे कैसे सही तरीके से खर्च करना चाहिए, यह भी बहुत जरूरी है।

इस उम्र में उसे अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच अंतर करना चाहिए और बचत के महत्व को समझाना चाहिए। यह उसे भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

## युवा चित्रकार

### कहानी

गौतम एक बहुत ही मशहूर युवा कलाकार था, जो अपने चित्रों में जीवन की सुंदरता को उकेरता था। लेकिन एक दुर्घटना में उसने अपना दायाँ हाथ खो दिया। जिससे वह चित्रकारी करता था, इस घटना से वह बहुत दुखी हुआ और उसे लगा कि उसका जीवन अब बेकार हो गया है। उसने चित्र बनाना बंद कर दिया और खुद को अकेला कर लिया। लेकिन, एक दिन उसकी मुलाकात एक दृष्टिहीन व्यक्ति से हुई, जो बहुत खुश रहता था। उस व्यक्ति ने गौतम से कहा, मेरी आँखों में रोशनी नहीं है। लेकिन, मैं अपने दिल की आँखों से दुनिया देखता हूँ। हर व्यक्ति के जीवन में एक दीपक होता है जो मुश्किलों में भी रास्ता दिखाता है। उस व्यक्ति की बातों ने गौतम के अंदर प्रेरणा भर दी। उसने अपने घर पर आकर सोचा कि मेरे पास अभी क्या हैं। गहराई से सोचने के बाद उसने पाया की उसका बायाँ हाथ अभी सही सलामत हैं। जिसको ट्रेंड करने की जरूरत हैं। उस दिन से गौतम ने अपने बाएं हाथ से चित्रकारी करना शुरू कर दिया। उसने कड़ी मेहनत और लगन से अपने बाएं हाथ को इस प्रकार से ट्रेंड किया कि उसकी चित्रकारी पहले से भी अच्छी हो गई।

उसी साल उस शहर में एक सबसे बड़ी चित्रकारी प्रतियोगिता हुई। जिसमें देश-विदेश से बहुत बड़े-बड़े मशहूर चित्रकार भी आएं। उस प्रतियोगिता में गौतम भी गया था। जिसे देख उसके अन्य चित्रकार दोस्तों ने बोला-यह होता हैं चित्रकारी से लगाव, मेरे दोस्त के पास हाँथ नहीं हैं जो चित्रकारी करना भी छोड़ चुका हैं। इस समारोह में हम लोगों का हौसला बढ़ाने के लिए आया हैं। यह बहुत बड़ी बात हैं। गौतम ने अपने दोस्तों को जबाब दिया, मैं आप लोगों का हौसला बढ़ाने नहीं आया हूँ। आप लोगों से मेरा मुक़ाबला हैं। आओ देखते हैं किसमें हैं कितना दम।

उस प्रतियोगिता में गौतम ने प्रथम स्थान हासिल किया और सबको यह बता दिया कि एक रास्ता बंद हो गया तो क्या हुआ। खोजों तो सही, हजारों रास्ते मिलेंगे। इस प्रकार गौतम पहले से और अधिक लोकप्रिय हो गया जिसके कारण उसे बहुत सारे चित्रकारी करने का ऑर्डर मिलने लगा। देखते-देखते वह अपने गाँव का एक बहुत मशहूर चित्रकार बन गया।

**कहानी से शिक्षा :** जीवन में मुश्किलें आती हैं, लेकिन हमारी उम्मीद और संकल्प हमें फिर से खड़ा होने की शक्ति देते हैं।



## बच्चों को नाश्ते में बनाकर दें ये खास पराठा

अक्सर पैरेंट्स को समझ नहीं आता है कि बच्चों को क्या खिलाएं ताकि वो हेल्दी रहें। बच्चें भी खाने में बहुत ज्यादा आनकानी करते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप खाने में ऐसी चीजें बनाकर दें जो खाने में हेल्दी होने के साथ टेस्टी हो। हम आपको ऐसे ही एक डिश के बारे में बताने जा रहे हैं। एवोकाडो पराठा। ये इतना टेस्टी होता है कि बच्चों का एक से मन से भरेगा।



**एवोकाडो खाने के फायदे :** रिपोर्ट्स की मानें तो बच्चों के लिए एवोकाडो बहुत फायदेमंद है। इनसे उन्हें भरपूर मात्रा में एनर्जी मिलती है। 6 महीने से बड़े शिशु को आप प्यूरी के रूप में एवोकाडो दे सकते हैं। इसमें मौजूद पॉलीअनसैचुरेटिड फैट बच्चों का बेहतर विकास करता है और इससे याद्दाशत भी तेज होती है। इसके अलावा एवोकाडो में मौजूद फाइबर से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और पाचन तंत्र भी मजबूत रहता है। अगर आपके बच्चे को खून की कमी है या वो बहुत दुबला- पतला है तब ये उन्हें एवोकाडो पराठा जरूर खिलाएं। आइए आपको बताते हैं इसकी **रेसिपी-**

**सामग्री :** एवोकाडो का पल्प पका हुआ (आधा कप), मल्टीग्रेन आटा- 1 कप, अजवाइन- 1/4 चम्मच, अदरक- 1/2 चम्मच घिसी हुई, काली मिर्च- 1/4 चम्मच, नींबू का रस- 1/2 चम्मच, धनिया (बारीक कटा हुआ)- 1 चम्मच, घी या तेल- 2 चम्मच, नमक स्वादानुसार, पानी (आटा गूंथने के लिए)।

**ऐसे बनाएं एवोकाडो का पराठा :** सबसे पहले एवोकाडो को छील लें और इसे बीच में से काटकर, इसका गूदा निकाल लें। अब इस गूदे को मैश कर लें। फिर इसमें अजवाइन, लाल मिर्च या काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पत्ती और नमक के साथ नींबू का रस डालकर मिक्स करें। इसमें नींबू का रस डालना न भूलें वरना मिश्रण भूरे रंग का हो जाएगा। अब इसमें होलव्हीट आटा डालकर मिक्स कर लें। आटा गूंथकर 15 मिनट के लिए रख दें। अब इसके आटे से लोईयां बनाकर रोटी बेलना शुरू करें। गर्म तवे पर रोटी डालें और धीमी आंच पर दोनों तरफ से तेल या घी लगाकर सेंक लें। एवोकाडो पराठा तैयार है, बच्चे को चटनी के साथ गर्मागर्म पराठा खिलाएं।

# बच्चों को छाछ पिलाने से होते हैं ये बड़े फायदे

गर्मियों का मौसम अपने साथ तेज धूप, लू और शरीर में पानी की कमी जैसी कई परेशानियां लेकर आता है। यह मौसम जितना वयस्कों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, उतना ही या उससे भी ज्यादा बच्चों के लिए मुश्किल बन जाता है। बच्चे अक्सर दोपहर की धूप में खेलते हैं जिससे उन्हें लू, डिहाइड्रेशन, पेट की समस्याएं और त्वचा पर रैशेज जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में छाछ (बटरमिल्क) को बच्चों के खानपान में शामिल करना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। छाछ को दही और हल्के मसालों के साथ मिलाकर बनाया जाता है। यह स्वाद में तो बेहतरीन होती ही है, साथ ही बच्चों के पाचन और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होती है।



**बच्चों को छाछ पिलाने के मुख्य फायदे**

शरीर को ठंडक पहुंचाती है- गर्मियों में बच्चों का शरीर जल्दी गर्म हो जाता है, जिससे उन्हें चिड़चिड़ापन, थकावट और बेचैनी महसूस होती है। छाछ में कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन क्व12 जैसे जरूरी पोषक तत्व होते हैं। जब बच्चों को छाछ दी जाती है, तो यह शरीर को अंदर से ठंडक पहुंचाती है और बच्चों को तरोताजा तथा एनर्जेटिक बनाए रखती है।

**पाचन क्रिया को मजबूत बनाती है-** गर्मी के कारण पाचन क्रिया सुस्त हो जाती है और बच्चों को पेट दर्द, गैस, कब्ज या अपच जैसी समस्याएं होने लगती हैं। छाछ में मौजूद प्रोबायोटिक्स (अच्छे बैक्टीरिया) बच्चों की पाचन शक्ति को सुधारते हैं। यह पेट की जलन और गैस की दिक्कत से राहत दिलाती है और भूख भी सही करती है।

**इम्यूनिटी बढ़ाती है-**छाछ में दही की तरह ही प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। यह बच्चों को संक्रमण, सर्दी-खांसी और वायरल से लड़ने में मदद करती है। गर्मियों में रोज थोड़ी-सी मात्रा में छाछ पीने से बच्चों को मौसम बदलने का असर कम झेलना पड़ता है।

**डिहाइड्रेशन से बचाती है-**तेज गर्मी और पसीना आने की वजह से बच्चों के शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है। यह डिहाइड्रेशन का कारण बनता है। छाछ में पोटैशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को अंदर से हाइड्रेटेड रखते हैं। डाइटिशियन प्रांजल कुमत बताती हैं कि छाछ में मौजूद मिनरल्स और विटामिन बच्चों की गर्मी की थकावट को भी कम करते हैं।

**त्वचा की समस्याओं से राहत-** गर्मी में बच्चों की स्किन पर रैशेज, घमौरियां और जलन होना आम बात है। छाछ शरीर को अंदर से ठंडक देती है, जिससे त्वचा की जलन और घमौरियों में आराम मिलता है। छाछ में मौजूद पोषक तत्व त्वचा को हेल्दी बनाए रखते हैं और इन्फेक्शन से बचाते हैं।

बच्चों को छाछ कितनी मात्रा में देनी चाहिए?

**1 साल के बच्चे-** अगर बच्चा 1 साल या उससे ऊपर का है, तो रोजाना 70 से 100 मिलीलीटर छाछ देना ठीक है।

**2 से 5 साल के बच्चे-** इस उम्र के बच्चों को 100 से 150 मिलीलीटर छाछ दी जा सकती है।

**6 से 10 साल के बच्चे-** रोजाना 150 से 200 मिलीलीटर छाछ देना फायदेमंद होता है।

**ध्यान दें-** 1 साल से छोटे बच्चों को छाछ बिल्कुल भी नहीं देनी चाहिए, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है। साथ ही एक बार में बहुत अधिक मात्रा में छाछ पिलाने से भी बचें। इससे सर्दी-खांसी या बुखार हो सकता है।

# मोबाइल और टीवी देखने से बच्चों को कैसे रोकें?

मोबाइल फोन, टैबलेट और स्मार्ट टीवी के उदय के साथ, कई माता-पिता अपने छोटे बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने के लिए संघर्ष करते हैं। जबकि डिजिटल डिवाइस सामयिक शैक्षिक मूल्य, अत्यधिक स्क्रीन समय की पेशकश कर सकते हैं - विशेष रूप से टॉडलर्स और प्रीस्कूलर्स के लिए - उनके सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास में बाधा डाल सकते हैं। तो माता-पिता निरंतर संघर्ष या अपराध के बिना स्वस्थ सीमाएं कैसे निर्धारित कर सकते हैं? यह गाइड परिवारों को स्क्रीन निर्भरता को कम करने और अधिक सार्थक, तकनीक-मुक्त कनेक्शन को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए व्यावहारिक, अनुसंधान-समर्थित रणनीति प्रदान करता है।



स्क्रीन समय के लिए स्वस्थ सीमाएँ निर्धारित करना बच्चों और छोटे बच्चों के लिए स्क्रीन समय सीमित करना उनके संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का समर्थन करने के लिए आवश्यक है। बाल चिकित्सा विशेषज्ञ परिवार के साथ वीडियो कॉल को छोड़कर दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए किसी भी स्क्रीन उपयोग से बचने की सलाह देते हैं। 2-5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए, स्क्रीन का समय प्रति दिन एक घंटे तक सीमित होना चाहिए, जो शैक्षिक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री पर केंद्रित हो। बड़े बच्चों को एक संतुलित दिनचर्या बनाए रखनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना कि स्क्रीन का उपयोग नींद, शारीरिक गतिविधि, सीखने या पारिवारिक बातचीत में हस्तक्षेप न करे। संलग्न विकल्पों को प्रोत्साहित करना बच्चों पर कब्जा करने के लिए स्क्रीन पर भरोसा करने के बजाय, माता-पिता को एक उत्तेजक, स्क्रीन-मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आउटडोर खेल, एक साथ किताबें पढ़ना, पहेली, रचनात्मक शिल्प और परिवार बोर्ड गेम न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि भावनात्मक संबंध और विकासात्मक कौशल का पोषण भी करते हैं।

स्क्रीन-फ्री ज़ोन की स्थापना - जैसे बेडरूम या डिनर टेबल - और स्क्रीन-फ्री घंटे, विशेष रूप से सोने से पहले, बच्चों को हवा देने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है।

उदाहरण के लिए अग्रणी और शामिल रहना माता-पिता स्वस्थ स्क्रीन की आदतों को मॉडलिंग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चे अक्सर वयस्क व्यवहार की नकल करते हैं, इसलिए माइंडफुल स्क्रीन उपयोग का प्रदर्शन करते हैं और सक्रिय, गैर-स्क्रीन गतिविधियों में बच्चों के साथ संलग्न होते हैं, एक सकारात्मक उदाहरण सेट करते हैं। जब स्क्रीन उपयोग की अनुमति दी जाती है, तो सह-देखने वाले कार्यक्रम और सामग्री पर चर्चा करने से अनुभव अधिक शैक्षिक हो जाता है। स्पष्ट नियमों और सीमाओं के साथ एक पारिवारिक मीडिया योजना स्थापित करना स्थिरता सुनिश्चित करता है। यदि चुनौतियां उत्पन्न होती हैं, जैसे कि स्क्रीन की लत या व्यवहार में परिवर्तन के संकेत, माता-पिता को व्यक्तिगत मार्गदर्शन के लिए बाल रोग विशेषज्ञों से परामर्श करने की सलाह दी जाती है।



-विजय गर्ग



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 17 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, पंचमी तिथौ शनि वासरे 29/15/ पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रे 17/44/ सध्य योग 07/09/ कौलव करणे 17/36/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं.24 मि.04 पर।

**मेष :** समय लाभकारी है। द्रव्य लाभ होगा। कार्यों की पूर्ति होगी। प्रयोजन समागम होगा। यश प्रप्ति होगी।

**वृष :** जीवनसाथी पर व्यय होगा। ऋण लेने से बचें दूसरो पर छोड़े गए कार्यों में विलंब होगा। आवेश त्यागे।

**मिथुन :** नए अनुबंधों का लाभ होगा। अनावश्यक कार्य में व्यस्त रहेंगे। घरेलू विवादों। को टालें।

**कर्क :** उत्तरदायित्व पूरे होंगे। महत्वपूर्ण कार्य समय से पूरे कर लें। कुछ अतिरिक्त समस्याएं बनी रहेंगी। कार्य सिद्धि का प्रसंग है। अपने प्रयास व्यर्थ न गवाएं।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। सम्मान का लाभ मिलेगा। पारिवारिक कष्ट रहेगा। खर्च बढ़ेगा।

**धनु :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता रहेगी।

**मकर :** शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रयास सार्थक होगा। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचें जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** महत्वपूर्ण परिचय तथा मौखिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। स्वयं की आवश्यकताओं पर व्यय करेंगे। स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी।

# धीमी गति से पुल का निर्माण कार्य देखकर भड़के जिलाधिकारी

**महराजगंज जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र के द्वारा गुरुवार देर सायं ग्राम थन्ह्वा, कल्याणपुर में सई नदी पर निर्माणाधीन सेतु का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्राम वासियों एवं ग्राम प्रधान से संवाद किया तथा सेतु निर्माण के कार्य की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि सेतु निर्माण का कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहा है तथा बीच-बीच में कार्य बंद भी हो जाता है, जिसपर ठेकेदार एवं अधिशासी अभियंता सेतु निगम के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक दशा में दिसम्बर 2025 तक निर्माण कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा इसका प्रतिकूल संज्ञान लेते हुए कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा तहसील बदलापुर की ग्राम पंचायत राईपुर में जल जीवन मिशन की हर घर जल परियोजना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ओवरहेड टैंक बना पाया गया तथा सोलर पैनल भी लगा हुआ पाया गया। ग्राम प्रधान एवं स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि परियोजना के माध्यम से गाँव में अब अधिकांश घरों में नल लग गए हैं एवं ससमय पानी की सप्लाई भी हो रही है। स्कूल, आंगनबाड़ी, अस्पताल में भी पानी की सप्लाई हो रही है। जिलाधिकारी के द्वारा स्वयं भी नल चालू कर परीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान परियोजना पूर्ण रूप से क्रियाशील पायी गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, उपजिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह, तहसीलदार, डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दुराचारी को पुलिस ने पकड़ा

**स्वतंत्र भारत मऊ।** रतनपुरा क्षेत्र निवासीनी एक युवती द्वारा उसके मोबाइल पर फेसबुक तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से एक युवक द्वारा गलत मैसेज करने तथा इंस्टाग्राम के माध्यम से चल रहे प्रेम प्रसंग के दौरान उसे युवती से शादी करने के नाम पर उसे झांसा देकर दुराचार करने को लेकर मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रामनगर मोड़ से आरोपी ऋतुराज सिंह निवासी सी कटिया को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक सरफराज खान वैभव कुमार पांडे अरविंद कुमार यादव आदि पुलिसकर्मी का विशेष योगदान रहा

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रामनगर मोड़ के पास से वांछित अभियुक्त रितुराज सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी बारा सिकटिया थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# मोबाइल नंबर मांगने और इन्कार करने पर जान से मारने की दी धमकी

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा घर में घुस कर युवती से मोबाइल नंबर मांगने और इन्कार करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बीते 13 मई शाम 5 बजे की है। अब युवती के माँ की तहरीर पर स्थानीय पुलिस गुरुवार ने एक नामजद एवं दो अज्ञात के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पीड़ित युवती के मां द्वारा पुलिस के दी गयी तहरीर के अनुसार वह अपने घर के पास ही ठेला लगा कर अंडा बेचने का काम करती है। 13 मई की शाम लगभग 5 बजे तीन युवक उसके दुकान पर अंडा खाने आये। वह अंडा बना कर उन्हें देने के बाद हैंडपाइप से पानी लेने चली गयी। इसी बीच तीनों उसके घर में घुस गए। उसकी बेटी से उसका मोबाइल नंबर मांगने लगे। विरोध करने पर उनमें से एक ने कट्टा निकाल लिया और जान से मरने की धमकी देने लगे। लड़की के चिल्लाने पर वह पहुंची। शोर सुनकर आस पास लोग भी वहां इकठ्ठा हो गए। यह देख तीनों दबंग बाद में देख लेने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तीन युवकों में एक को वह पहचानती है। उसका नाम योगेश कुमार उर्फ़ भीम निवासी कथकौली थाना मधुबन है। जबकि दो अन्य युवक को वह नहीं पहचानती। पुलिस के अनुसार महिला की तहरीर पर योगेश एवं दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# उ.प्र. ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेशन 18मई को



**स्वतंत्र भारत।** जौनपुर उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद शाखा जौनपुर के अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जनपद जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन 18 मई 2025 दिन रविवार को विकास भवन सभागार जौनपुर में संपन्न होगा। डॉ सिंह ने बताया कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद के समस्त विकास खंडो में विकासखंड इकाइयों का गठन पूर्ण हो चुका है जिसमें विकासखंड बदलापुर मे रणजीत सिंह अध्यक्ष एवं सत्यम प्रकाश यादव मंत्री, बरसठी में अमित कुमार यादव अध्यक्ष एवं महेंद्र प्रताप मंत्री, बक्शा में विजय भान यादव अध्यक्ष एवं महेश तिवारी मंत्री, धर्मापुर में राजेश कुमार यादव अध्यक्ष एवं अखिलेश कुमार मंत्री, डोभी में किशन कुमार अध्यक्ष एवं पंकज कुमार गौतम मंत्री, जलालपुर में डॉ प्रदीप कुमार सिंह अध्यक्ष एवं दिनेश राजभर मंत्री, करंजाकला में नागेंद्र कुमार यादव अध्यक्ष एवं नवनीत सिंह मंत्री, केराकत में आसिफ अंसारी अध्यक्ष एवं मटरू राम मंत्री, खुटहन में सिम्मी सिंह अध्यक्ष एवं उमेश कुमार यादव मंत्री, मुंगरा बादशाहपुर में आशीष कुमार यादव अध्यक्ष एवं शशिकांत तिवारी मंत्री, महराजगंज में विनय कुमार यादव अध्यक्ष एवं विकास यादव मंत्री, मड़ियाहूं में अजीत प्रताप सिंह अध्यक्ष एवं प्रमोद कुमार मंत्री, मछली शहर में सुशील कुमार उपाध्याय अध्यक्ष एवं शैलेंद्र कुमार पटेल मंत्री, मुफ्तीगंज में प्रवीन कुमार सिंह अध्यक्ष एवं हरिहर लाल मंत्री, रामनगर में मनोज कुमार यादव अध्यक्ष एवं उदय राज मंत्री, रामपुर में आकाश यादव अध्यक्ष एवं राम बहादुर मंत्री, शाहगंज में संजय यादव अध्यक्ष एवं दीपक सिंह मंत्री, सिकरारा में राजकुमार पांडेय अध्यक्ष एवं प्रमोद कुमार यादव मंत्री, सिरकोनी में श्याम बहादुर यादव अध्यक्ष एवं मो. साजिद अंसारी मंत्री, सुंइथाकला में जयप्रकाश मौर्य अध्यक्ष एवं राजकुमार पटेल मंत्री तथा सुजानगंज में सौरभ सिंह अध्यक्ष तथा अजय सरोज मंत्री निर्वाचित हुए हैं। डॉ सिंह ने जनपद के समस्त ग्राम पंचायत अधिकारियों से अपील किया कि आप सभी निश्चित तिथि एवं समय पर द्विवार्षिक अधिवेशन में अपनी सहभागिता करें तथा संगठन की एकता एवं मजबूती को अपने हित एवं पावनों के लिए अधिक सशक्त बनावें।

## खबर एक नजर

### चेयरमैन प्रतिनिधि व ईओ ने वार्डों में हो रहे विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**बदलापुर जौनपुर।** नगर पंचायत बदलापुर के विभिन्न वार्डों में चल रही विकास कार्यों का शुक्रवार को चेयरमैन प्रतिनिधि वैभव सिंह व अधिशासी अधिकारी आस्था पाठक ने निरीक्षण किया। जहां गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का सम्बंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया। वार्ड नं 15 सरोखनपुर, वार्ड नं 2 हंकारपुर वार्ड नं 7 पुरानी बाजार में इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं मिडिल स्कूल के बगल व वार्ड नं 3 बरौली में तालाब का भी निरीक्षण किया। और थाने के बगल भलुआही व तहसील गेट के बगल वाटर कूलर का निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करके जल्द से जल्द निर्माण कार्य करने की बात कही। निरीक्षण में गुणवत्तापूर्ण बालू, ईट, आदि समानों को सही तरीके से कराने का निर्देश दिया। इस दौरान लेखा लिपिक प्रवेश सिंह, जेई केतन कुमार,सभासद लक्ष्मण सिंह, हरीनाथ मोर्य, पवन उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

### बदलापुर विकासखंड से रणजीत सिंह अध्यक्ष, सत्यम प्रकाश यादव मंत्री निर्वाचित

**बदलापुर जौनपुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का विकासखंड स्तरीय गठन बदलापुर इकाई का हुआ जिसकी अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम अवध राम ने किया जिसमें सर्वसम्मत से रणजीत सिंह अध्यक्ष, अनूप सिंह उपाध्यक्ष, सत्यम प्रकाश यादव मंत्री, स्वतंत्र मौर्य कोषाध्यक्ष तथा श्रीमती निशा यादव सर्वसम्मति से संप्रेक्षक निर्वाचित हुई, इस अवसर पर कुलदीप यादव, मुकेश जायसवाल, राहुल राव, प्रदीप यादव, पूजा सोनी, आकाश सिंह, दुर्गेश तिवारी, अजय रजक, उदय राज भारतीय, संजय त्रिपाठी सहित विकासखंड के तमाम कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का किशन कुमार अध्यक्ष, पंकज कुमार गौतम बने मंत्री

**डोभी जौनपुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के निर्देशन पर विकासखंड डोभी में विकासखंड स्तरीय संगठन का चुनाव सहायक विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से किशन कुमार अध्यक्ष, राजेश कुमार यादव उपाध्यक्ष, पंकज कुमार गौतम मंत्री, मंगलदास कोषाध्यक्ष तथा रितेश कुमार यादव संप्रेक्षक मनोनीत हुए तथा नव चयनित खंड स्तरीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी को सहायक विकास अधिकारी पंचायत में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी व मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित

**कौटिल्य का भारत।** सिंगरामऊ जौनपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंगरामऊ में शुक्रवार को शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठएवं मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एआरपी राजभारत मिश्र द्वारा राष्टीय आय एवं योग्यता परीक्षा व नवोदय विद्यालय में चयनित 21 विद्यार्थियों को घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। उन्होंने अपने विद्यालय के छह मेधावी छात्रों को भी विशेष उपहार दिए गए। डॉ. यामिनी सिंह ने 1100 रुपए एवं सुशील उपाध्याय ने 200 रुपए का नकद पुरस्कार छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्टपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक कृष्ण देव दूबे रहे।विशिष्ट अतिथि संतोष तिवारी मंडल अध्यक्ष,सुशील उपाध्याय जिला अध्यक्ष एवं अरविंद कुमार पांडे बी ई ओ जबकि अध्यक्षता पूर्व शिक्षक पारसनाथ मौर्य ने की। कार्यक्रम में क्षेत्र के तमाम शिक्षकों, गणमान्य नागरिकों व नव चयनित शिक्षकों की उपस्थिति रही। सभी लोगों का स्वागत अनवर अब्बास खान ने किया।कार्यक्रम का संचालन पूर्व एआरपी राजभारत मिश्र ने किया।

### सौरभ सिंह अध्यक्ष, अजय सरोज बने मंत्री

**सुजानगंज जौनपुर।** ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जौनपुर शाखा सुजानगंज का विकासखंड स्तरीय निर्वाचन सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्रभूषण दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से सौरभ सिंह को अध्यक्ष, श्याम सुंदर मौर्य की उपाध्यक्ष, अजय सरोज को मंत्री जहां भार सौंपा गया वहीं नेहा मौर्य कोषाध्यक्ष और निलेश सरोज को संप्रेक्षक की जिम्मेदारी मिली, निर्वाचन के उपरांत नवनिर्वाचित सौरभ सिंह ने कहा कि संघ के प्रति नई कार्यकारिणी निष्ठा और समर्पित भाव से कार्य करेगी तथा श्री सिंह ने अपने सभी साथियों को बधाई दिया।

### जमानिया नगर पालिका के वार्ड नम्बर 12 में वाटर पंप का उद्घाटन

**स्वतन्त्र भारत जमानिया।** जमानियाङ्खजमानिया नगर के के वार्ड नंबर 12 सोनार टोली में एक 5॥वाटर पंप का गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस वाटर पंप के निर्माण से पंद्रह बीस साल से झेल रहे लोगों को पेयजल समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। नगर पालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस कोई की स्थापना से नगर के निवासियों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। इस तरह की परियोजनाएं नगर क्षेत्रों में पानी की समस्या को कम करने के लिए और भी दूसरे वार्डो जल्द ही इसी प्रकार के वाटर पंप का निर्माण कार्य करा के लोगो के समस्या को दूर किया जाएगा। इस उमसभरी गर्मी में मेरा पूरा प्रयास है कि लोगों को घर बैठे स्वच्छ पेयजल मिले, जिससे उनकी पानी की समस्या का सामना न करना पड़े और मेरे नगर के सम्मानित जनता के सेहत स्वास्थ्य में सुधार रहे । उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकार भी तेजी से नगर क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र ही क्या पूरे भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाने का काम रही है। इस मौके पर सभासद रोहित शर्मा, सभासद उमराव सिंह यादव,सभासद राहुल वर्मा,राजू पांडे और भाजपा के मीडिया प्रभारी संजीत यादव मौजूद रहे।

# पंचायत कार्यालय में कूड़े का ढेर



**दिलदारनगर, गाजीपुर।** दिलदारनगर नगर पंचायत दिलदारनगर स्वच्छता का दावा करती है, लेकिन खुद ही गंदगी फैला रही है। सफाई कर्मचारी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में ही कूड़ा जमा कर रहे हैं। इससे आसपास के लोगों को दुर्गंध झेलनी पड़ रही है। नगर पंचायत का एमआरएफ सेंटर रक्साहां गांव में स्थित है। इसके बावजूद सफाई कर्मचारी विभिन्न वार्डों से एकत्र किया गया कूड़ा कार्यालय परिसर में डाल रहे हैं। कूड़ा तीन से चार दिन तक वहीं पड़ा रहता है। तेज हवा चलने पर यह कूड़ा चारों तरफ फैल जाता है। स्थानीय निवासी अत्रि जायसवाल, विकास गुप्ता, हरेराम वर्मा, पप्पू गुप्ता और अन्य लोगों ने बताया कि इस समस्या की शिकायत कई बार नगरपालिका को की गई है। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। वार्ड सभासद दीपक गुप्ता के अनुसार कूड़े से संक्रमण का खतरा भी बना रहता है। हाल ही में एसडीएम सेवराई ने नगर में साफ-सफाई और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने का निर्देश दिया था। लेकिन नगरपालिका पर इसका कोई असर नहीं हुआ। सफाई कर्मचारी कूड़े को सड़कों के किनारे जला भी देते हैं, जिससे पर्यावरण प्रदूषण होता है।

# परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रहे वाहनों पर हुई कार्यवाही

**स्वतंत्र भारत मऊ।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में अनाधिकृत रूप से चल रही दूरिस्ट बसें जो अनुमन्य मार्गों पर संचालित होने के साथ इतर मार्गो पर जो वाहनें परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही हैं उनके विरूद्ध सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुहेल अहमद तथा यात्रीकर अधिकारी, अरविन्द कुमार जैशल द्वारा चेकिंग के दौरान 04 बसों का चालान किया गया, जिसमें से 02 बस एवं 02 प्राइवेट जीप को जनपद के विभिन्न थानों में सीज किया गया तथा 06 आटो रिक्शा मोटर कैब चालान किया गया। बताया गया कि चेकिंग के दौरान आगे भी अगर परमिट शर्तो का उल्लंघन करते हुए वाहन पाये गये तो उन पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में परिषदीय हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में जनपद में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा सुमित्रा शिक्षा संस्थान इ0 का0 विशुनपुर बजरंगनगर से हाई स्कूल की छात्रा आस्था प्रजापति (94.83) प्रतिशत, मा0 शारदा इ0 कालेज विद्यालय खानापट्टी सिकरारा की आयुषी शुक्ला (94.67), सेन्ट थामस इटंर कालेज शाहगंज की छात्रा रूपांशी अग्रहरि (94.50) प्रतिशत प्राप्त करने वाले एवं श्री गणेश राय इण्टर कालेज के इंटरमीडिएट के छात्र अजय यादव (93.40), ग्राम विकास इण्टर कालेज की छात्रा अंजलि अग्रहरी (92.80), बालिका हिन्दू इण्टर कालेज मुंगराबादशाहपुर की छात्रा सृष्टि त्रिपाठी (92.00) प्रतिशत और जयराजी रामाश्रय इण्टर कालेज रामनगर घघरिया की छात्रा दीपांशी (92.00) प्रतिशत को मेडल पहनाकर पुरस्कृत करते हुए डायरी, पेन, मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मेधावी छात्रों के अभिभावकों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में यूपी बोर्ड की परीक्षा को नकलविहीन और शूचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने का संकल्प लिया गया था, जिसके क्रम में जनपद में यूपी बोर्ड की परीक्षा सकुशल सम्पन्न करायी गयी। जिलाधिकारी के द्वारा जनपद में मेधावी छात्रों की प्रतिभा का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा गया कि बच्चें ही भविष्य में विकसित भारत के सपनों को साकार करेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों से संवाद करते हुए बच्चों द्वारा पूछे गये प्रश्नो का जवाब दिया और उन्हे जीवन में किस प्रकार चुनौतियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है इसके सम्बन्ध में जागरूक भी किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, सह जिला विद्यालय निरीक्षक सहित मेधावी छात्रों के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सहकारी समिति की बैठक



**स्वतन्त्र भारत गाजीपुर।** जिला सहकारी विकास समिति (डी0सी0डी0सी0) की बैठक जिलाधिकारी अविनाश कुमार गाजीपुर की अध्यक्षता में कलेक्टेऱ्ट सभागार गाजीपुर में आयोजित हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता गाजीपुर को डी0सी0डी0सी0 की पूर्व बैठक में दिये गये, निर्देशों के अनुपालन आख्या बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिसमे सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सह0 गाजीपुर ने पूर्व बैठक 28.01.2025 से अब तक सहकारिता विभाग से 13 नवगठित समितियों के गठन होने, मत्स्य विभाग की 09 नयी समितियों के गठित होने तथा दुग्ध विभाग की 30 नयी समितियों के गठन की जानकारी दी। बैठक में मिशन कायाकल्प के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड में मरम्मतयोग्य समितियों के मरम्मत का प्रस्ताव, बी-पैक्स/सहकारी समितियों की जमीन को भू-राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने का प्रस्ताव की जानकारी ली। बैठक में उपस्थित सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि0 गाजीपुर ने जिला सहकारी बैंक की प्रगति रिपोर्ट समिति के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक की कार्यवाही को समेकित करते हुए जिलाधिकारी ने नयी समितियों के गठन करनें, समितियों के भवनों को भू-राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने तथा जिला सहकारी बैंक लि0 गाजीपुर के प्रबंधक को बैंक को मजबूत करने के लिए अपने ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार करतें हुए नयी समितियों/एफ0पी0ओ0 को ऋण देने तथा दिये गये ऋण की शत प्रतिशत वसूली करनें के निर्देश दिये साथ ही बी-पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की जिला स्तरीय समिति (डी0एल0एम0 आई0सी0) की बैठक भी जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें प्रथम चरण की 16 बी- पैक्स के कम्प्यूटराइजेशन एवं द्वितीय चरण के 14 बी-पैक्स के कम्प्यूअराइजेशन की दो सप्ताह मे पूर्ण करने के निर्देश दियें तथा 13 नयी गठित बी-पैक्स को भी कम्प्यूटराइजेशन से आच्छादित करने के निर्देश दिये।

# राज्य सभा सांसद संजय सिंह का जमानिया में दिलीप पांडेय के घर एक दिन प्रवास

**स्वतन्त्र भारत जमानिया/ ग़ाज़ीपुर** दिल्ली विधानसभा चुनाव हारने के बाद आम आदमी पार्टी अब उत्तर प्रदेश में अपनी तैयारी सुरु कर दी है। उत्तर प्रदेश प्रभारी और आम आदमी पार्टी के फायर ब्राण्ड नेता राज्य सभा सांसद संजय सिंह एक दिवसीय दौरे पर ग़ाज़ीपुर के जमानिया में आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक व पूर्व राष्टीय प्रवक्ता दिलीप पांडेय के घर एक निजी कार्यक्रम में उपस्थित हुये। संजय सिंह उपस्थित हो और राजनीतिक बात न हो सम्भव ही नही। केंद्र सरकार से हमेशा जवाब मांगने वाले नाक मे दम करने वाले संजय सिंह और उत्तर प्रदेश के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री,सांसद और वर्तमान विधायक ओम प्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह ,ओमप्रकाश सिंह के पुत्र रितेश सिंह और संजय सिंह के साथ बन्द कमरे में मुलाकात हुई।रितेश सिंह और मन्नू सिंह ने सांसद संजय सिंह को बुके भेंट की। सीज फायर बिहार और उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर बन्द कमरे में बैठक हुई। ओम प्रकाश सिंह इस समय प्रदेश से बाहर हैं,उनके न रहने पर ग़ाज़ीपुर की राजनीति मन्नू सिंह और रितेश करते है। ख़बर सूत्रो के माध्यम से यह चला है कि इनकी पहलगाम हमला को पुलवामा के तरह राजनीतिक लाभ नही लेने देना है। संजय सिंह ने कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश चुनाव में बदलाव अवश्य है, ये प्रशासन के बल पर सत्ता में रहना चाहते हैं लेकिन अब जनता समझ चुकि है। संजय सिंह ने कहा जब भारत की सेना पाक पर कब्जा कर सकती थी आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर सकती थी तब ट्रम्प के कहने पर सीज फायर की घोषणा कर दी,,हमारी बहनों के सिंदूर उजाड़ने वाले चार खूंखार आतंकवादी कहाँ है। पुरे विश्व सैकड़ों देश का दौरा करने वाले विश्व गुरु के साथ नेपाल और बांग्लादेश भी नही खड़ा होते।देश की जनता जवाब मांगती है।

# घर से न निकलें बाहर, लू से बचें

**स्वतंत्रभारत मऊ।** आसमान से बरस रही आग एवं तेज धूप व उमस के चलते शुक्रवार को प्रातः से ही भयंकर गर्मी का आलम यह रहा कि लोग जहां काफी व्याकुल रहे वही प्रतिदिन की अपेक्षा आज तापमान में काफी वृद्धि हुई एवं दोपहर में तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया लोगों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बहुत जरूरी हो तभी दोपहर में घर से बाहर नहीं निकले अन्यथा घर पर ही रहे इसलिए कि अगर लू चल रही है और इसके लिए लोगो को सावधान रहना होगा इस गर्मी के मौसम में नींबू पानी ओआरएस का लिक्विड का बराबर सेवन करते रहे तथा दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करते रहें ।लोगों की गर्मी से भी मौत भी हो सकती है चिकित्सकों द्वारा बार-बार सलाह दी गई है कि गर्मी में बहुत जरूरी हो तभी अपने घर से बाहर निकले।

# निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** 16 मई को जिलाधिकारी, गाँव याकूब पुर मे विवादित खोर व चकमार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे। विदित हो कि गाँव के रिटायर फौजी महेश सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान तहसीलदार मुहम्मदाबाद गोहना ने हाईकोर्ट में दो शपथ पत्र दिया जिसमें विरोधाभास था तथा तहसीलदार व एसडीएम के इसारे पर उल्टे याची महेश सिंह के उपर ही थाना प्रभारी रानीपुर व दरोगा अख्तर अली ने 126/135 बीएनएसएस की कार्यवाही की जिसे हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया। और खोर एवं चकमार्ग के निमित्त न्यायिक कमीशन भी मौके पर भेजा। लेकिन राजस्व अभिलेखागार कलेक्ट्रेट मऊ में रखे नक्शा और तहसील में रखे नक्शा मे घालमेल की वजह से अधीक्षण अभियन्ता सिविल व न्यायालय का अमीन तीन स्थाई बिन्दुओं को नहीं ढूंढ सका। निराश होकर न्यायिक कमीशन को वापस आना पडा। गंभीर परिस्थति को भापते हुए जिलाधिकारी को गाँव याकूब पुर जाना पड़ा। उधर हाईकोर्ट ने थाना प्रभारी रानीपुर राजीव सिंह व दरोगा अख्तर अली को भी याची के विरुद्ध उत्पीड़न कार्यवाही करने के लिए तलब किया है। हाईकोर्ट मे सुनवाई की तिथि 21 मई को तय किया है।

# मिस्टर फेयरवेल शशांक, मिस फेयरवेल सानिया सोनी बनीं



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संगोष्ठी भवन में बी.एससी. बायो ग्रुप के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर द्वितीय वर्ष के छात्रों ने तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. राजीव गौड़ (अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷ज्ञान एवं समर्पण के साथ ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है।÷ उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में आत्मविश्वास एवं धैर्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संकायाध्यक्ष प्रो. राजेश शर्मा ने छात्रों को शोधपरक शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. एस.पी. तिवारी, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. विवेक पांडेय, डॉ. ऋषि श्रीवास्तव, डॉ. संजीव मौर्य, डॉ. अवधेश मौर्य एवं डॉ. दिनेश कुमार ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल का खिताब शशांक यादव को एवं मिस फेयरवेल का खिताब सानिया सोनी को प्रदान किया गया। संचालन एवं आयोजन में अंशिका सिंह, अविनाश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, मनीष कुमार गुप्ता, आकाश यादव, साहिल कश्यप, दिव्यांशी साहू, सौम्या त्रिपाठी एवं रिया सिंह सहित अनेक विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर व्यवस्थापक धीरज श्रीवास्तव एवं बी.एससी. बायो के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# निशुल्क ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट ने युवतियों और महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पुनः निःशुल्क एक माह ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन निखार ब्यूटी पार्लर खुझी मोड हिसामपुर रोड डोभी में किया! कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि समाज सेविका पायल किन्नर ने कहा कि अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा नारी उत्थान एवम उनकी आत्मनिर्भरता के लिए इस तरह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन निश्चित रूप से प्रशिक्षणार्थियों के लिए कारगर साबित होगा, संस्थाध्यक्ष उर्वशी सिँह ने प्रशिक्षिका श्रीमती सरोज गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओ को स्वावलंबी बनाने की इस मुहिम से युवतियां अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी तथा उनके आत्मविश्वास मे वृद्धि होगी! ट्रस्ट परिवार द्वारा इस तरह के कई बार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा चुका है, इस अवसर पर संस्थापक दीक्षा सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में बच्चियों का उत्साह देखकर बहुत ही खुशी का अनुभव हो रहा है,! बड़ी संख्या में बच्चियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया! प्रशिक्षिका सरोज गुप्ता ने कहा कि बच्चियों को सिखाने के बाद हर सप्ताह एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने पर समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा!

# श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह में जमकर झूमे भक्त

**स्वतंत्र भारत मधुबन।** आदर्श नगर पंचायत मधुबन के पिपरा उसुरी काली चौरा समीप चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन बृहस्पतिवार को कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया। कृष्ण- रुक्मिणी विवाह में श्रद्धालु जमकर झूमे। पाण्डेय परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में डॉ. नारायण तिवारी ने कहा कि, प्रभु की कृपा के लिए भक्ति की आवश्यकता है। इस दौरान कृष्ण-रुक्मिणी की सजीव झांकी सजाई गई। कथा अंतर्गत भगवान कृष्ण व रुक्मिणी विवाह प्रसंग की व्याख्या की गई। कथा पंडाल में भक्तों ने नाटिका के माध्यम से विवाह प्रसंग को जीवंत कर दिया। जैसे ही भगवान का विवाह हुआ भक्त खुशी से झूम उठे। महिलाएं मंगल गीत गाकर जमकर नृत्य करने लगी तथा संगीतमय भजनों पर महिला श्रद्धालु मंत्र मुग्ध होकर जमकर झूमी। जिसके बाद उन्होंने बताया कि ग्वाल कृष्ण ने अपने मामा का नहीं बल्कि उसके अहंकार का वध किया। द्वापर युग में जब कंस का अत्याचार बढ़ा तब भगवान विष्णु ने मनुष्य रूप में श्रीकृष्ण का जन्म लेकर बड़े-बड़े राक्षसों का वध करने के बाद अंत में पापी कंस का वध कर लोगों को उसके अत्याचारों से छुटकारा दिलाया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा नरेश के रूप में विराजमान होने के साथ देवी रुक्मिणी से धूमधाम से विवाह किया। मंच पर जैसे ही श्रीकृष्ण-रुक्मिणी का प्रार्दूभाव हुआ। श्रीहरि के जयघोष से पूरा पांडाल गूंज उठा। कथाव्यास द्वारा उद्घोषित मंत्रोचार के बीच जैसे ही विवाह का कार्य संपन्न हुआ तो श्रद्धालुओं की भीड़ ने पुष्प वर्षा की। पंडाल में सारा जनमानस भाव विभोर होकर झूम उठा। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना और रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथाव्यास ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मिणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। इस अवसर पर आयोजनकर्ता सपत्नीक सुशील पाण्डेय ,जय प्रकाश पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, संजय पाण्डेय, भैरोनाथ पाण्डेय, राकेश पाण्डेय,यज्ञदत्त पाण्डेय, रजनीश पाण्डेय, आदित्य, निश्चल पाण्डेय,रूद्रांश पाण्डेय, गौरव, धनंजय पाण्डेय, सारंगधर पाण्डेय समेत श्रद्धालु मौजूद रहे।



स्वतंत्र भारत

# अयोध्या

लखनऊ, शनिवार, 17 मई. 2025 (9)

अंबेडकरनगर




# पत्रकारिता पर सत्ता और पूंजी का बढ़ रहा है दबाव : रघुवंश मणि

## प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव ने शीतला सिंह के पुण्यतिथि पर की हॉल के नामकरण की घोषणा




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** पत्रकारिता पर सत्ता और पूंजी का दबाव बढ़ता जा रहा है। शीतला सिंह जी ने अपने जीवनकाल में पत्रकारिता को पूंजी और राजनीति से दूर रखा। पत्रकारिता मिशन होनी चाहिए इसे व्यवसाय नहीं बनाना चाहिए। लोकतन्त्र और पत्रकारिता एक दूसरे के पूरक हैं। उक्त विचार समालोचक, साहित्यकार प्रो. रघुवंश मणि ने जनमोर्चा के संस्थापक-संपादक स्मृति शेष शीतला सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में व्यक्त किये। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि देश में लोकतन्त्र सफल है कि नहीं इसका अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पत्रकार और मीडिया कितने स्वतन्त्र हैं। लोक तन्त्र के लिए हमें जितना संघर्ष करना पड़ेगा हम करेंगे। इस मौके पर सपा सांसद ने प्रेस क्लब के सामने शीतला सिंह की मूर्ति लगवाने की घोषणा की। त्रियुग नारायण तिवारी ने इस मौके पर कहा कि शीतला सिंह जी ने जनमोर्चा अखबार का संपादन किया था वह पूंजीपतियों का अखबार नहीं था। वामपंथी नेता सूर्यकान्त पाण्डेय ने कहा आज के दौर में पत्रकारिता और लोकतन्त्र दोनों मौत के मुहाने पर खड़े हैं। प्रशासनिक अधिकारी रणविजय सिंह ने कहा कि पत्रकारों के कलम की ताकत से लोकतन्त्र और पत्रकारिता दोनों जीवित रहेगी। पूर्व विधायक जयशंकर पाण्डेय ने कहा कि लोकतन्त्र और पत्रकारिता दोनों का स्तर पहले से गिरा है। पूर्व विधायक हुबराज कोरी ने शीतला सिंह से जुड़े अपने संस्मरण सुनाते हुए उन्हें याद किया। स्तम्भकार सुनील अमर ने कहा लोकतन्त्र और पत्रकारिता के साथ खिलवाड़ हो रहा है। शिक्षक डा. अनिल सिंह ने कहा पत्रकारिता में पूंजीपतियों का वर्चस्व बढ़ा है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि शीतला सिंह जी पत्रकारिता जगत के पुरोधा थे। पूर्व सांसद निर्मल खत्री ने कहा कि शीतला सिंह विचारधारा से कम्युनिस्ट थे लेकिन वह बहु आयामी थे। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा वैचारिक मतभेद होना अलग बात है लेकिन किसी विचारवान व्यक्ति के आगे बैठकर उससे कुछ ग्रहण करना अलग बात है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्रचार्य अभय सिंह, साहित्यकार आरडी आंनद, सपा महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव आदि ने सम्बोधित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेसक्लब के भूतल का नाम शीतला सिंह के नाम पर तथा प्रथम तल का नाम श्यामा प्रसाद प्रदीप के नाम पर रखा जायेगा। श्रद्धांजलि समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, वामपंथी एसएन बागी, पूर्व सैनिक प्रीतम सिंह, वरिष्ठ पत्रकार इन्दुभूषण पाण्डेय, साहित्यकार जर्नादन उपाध्याय, रामायण मेला समिति के महामंत्री कमलेश सिंह, कामरेड अशोक तिवारी, रालोद नेता विश्वेषनाथ मिश्र सुड्डू, सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष सरोज यादव, व्यापारी नेता राजेश सिंह, फैजाबाद बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द सिंह, सपा नेता अनूप सिहं, साहित्यकार स्वप्निल श्रीवास्तव, शायर डा. उर्फी, समाजिक विचारक मोतीलाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए जनमोर्चा के संस्थापक संपादक शीतला सिंह को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि समारोह व विचारगोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार डा. सुमन गुप्ता तथा अध्यक्षता अतुल कुमार सिंह ने की।

# आरटीओ में हुआ फायर ट्रेनिंग वर्कशाप



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएँ बढ़ जाती है ऐसे में कार्यालय सुरक्षा, सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत वाहनों में आग से बचाव का प्रशिक्षण देने हेतु आरटीओ अयोध्या मण्डल ऋतु सिंह द्वारा अग्निशमन विभाग के सहयोग से कर्मचारियों, वाहन स्वामियों कार्यालय में आयी जनता हेतु एक फायर ट्रेनिंग वर्कशाप आयोजित करायी गयी जिसमें संभागीय निरीक्षक राजीव कुमार, कर्मचारीगण एवं अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में फायर स्टेशन आफिसर प्रदीप कुमार पाण्डेय, आलोक मिश्रा, मो0 सलाउद्दीन एवं अन्य ने आग के प्रकार, आग बुझाने के यंत्रों, तरीकों, सावधानियों, क्या करें क्या न करें पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं आग बुझाने का डेमों भी दिया। उन्होंने बताया कि 05 प्रकार की अग्नि होती है यथा ए-लकडी आदि से लगने वाली, बी- पेट्रोल डीजल आदि लिक्विड से लगने वाली, सी घरेलू सिलेण्डर आदि, डी घातु यथा एल्युमिनियम से, ई- बिजली (इलेक्ट्रिक) से जिनको आक्सीजन की सप्लाई काटकर व फायर एक्सटिंग्यूसर से बुझाया जा सकता है। समय रहते एक्शन से आग का प्रभाव कम किया जा सकता है। अपने नजदीकी फायर स्टेशन का नंबर याद रखिए।आरटीओ ऋतु सिंह द्वारा उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए बताया गया कि सभी वाहनों में विशेषकर कमर्शिएल वाहनों एवं सीएनजी चालित वाहनों में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से रखना चाहिए एवं उसका सही प्रयोग का तरीका भी जानना चाहिए। फायर टीम ने बताया कि बिजली की आग लगने पर मेन स्विच आफ कर देना चाहिए एवं बिजली या पानी की आग पर पानी नहीं डालना चाहिए। गैस सिलेण्डर में आग लगने पर गीला कंबल लपेटकर आक्सीजन सप्लाई कट कर देनी चाहिए। अग्निशमन यंत्र पर अंकित रहता है कि किस प्रकार की आग उससे बुझ सकती है। वर्कशाप के अंत में बहुमूल्य जानकारी हेतु आरटीओ ऋतु सिंह एवं आरआई राजीव ने सभी का धन्यवाद दिया। वर्कशाप में आरटीओ आफिस के कर्मचारियों सहित लगभग 100 लोगों ने प्रतिभाग किया।

# 18वें विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** मण्डलायुक्त गौरव दयाल के निर्देश पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में उ0प्र0 ग्रामीण पर्यटन द्वारा 18वां विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन मंडलायुक्त सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीण पर्यटन योजना अन्तर्गत अयोध्या जनपद से चयनित 05 ग्राम पंचायतों क्रमशः ग्राम पंचायत अबनपुर सरोहा, वि0ख0 मसौधा, ग्राम पंचायत गौरा गयासपुर, वि0ख0 तारू, ग्राम पंचायत रामपुरवा, वि0स0 वि0ख0 मिल्कीपुर, ग्राम पंचायत सेरवाघाट, वि0ख0 मायाबाजार, ग्राम पंचायत नगवाडीह, वि0ख0 मवई के ग्राम प्रधान, सचिव सहित उक्त ग्राम पंचायतों के होमस्टे / फार्मस्टे के स्वामी द्वारा प्रतिभाग किया गया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद श्री संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है जहां कृषि के साथ-साथ ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाएं है। किसानों की आय बढ़ाने में पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान हो सकता है। अयोध्या में राम जन्मभूमि एवं धार्मिक स्थलों के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक आते है यदि ऐसे स्थानों के निकटतम व रास्तों में कृषि और ग्रामीण के स्थल एग्रो फार्म स्टे के रूप में उपलब्ध हो तो लोग निश्चित रूप से न केवल जायेंगें बल्कि ठहरेंगे भी जिससे गांव के लोगों का कृषि एवं पर्यटन से जुड़े लोगो को रोजगार मिलेगा बल्कि स्थानी उत्पाद तैयार करने वाले लोगो का भी आय बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में प्रति दिवस दो से पांच लाख पर्यटक आ रहे है यदि हम उन्हे ग्रामीण पर्यटन व कृषि पर्यटन के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों जैसे किसी विशेष फल या सब्जी का तैयार करना व प्रयोग आदि के बारे में अनुभव कराएँ जैसा कि मथुरा में तुलसी के पौधे पर एक गांव कार्य कर रहा है तो गांवों को आय के साथ-साथ पर्यटन आकर्षण का केन्द्र अयोध्या पौराणिक एवं धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ जलवायु में भी समृद्ध है जहां हर प्रकार की खेती की जाती है। ऐसे में यदि हम गावों में फार्म स्टे तैयार करें तथा उसमें जैविक खेती एवं गौ पालन पर कार्य करें तो यह पर्यटन आकर्षण का बिंदु होगा। कार्यक्रम प्रबंधन शशिभूषण सिंह द्वारा ग्रामीण पर्यटन एवं कृषि पर्यटन की अवधारणा को विस्तार पूर्वक प्रतिभागीय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा चयनित ग्राम पंचायतों में ग्रामीण होम स्टे विकसित करने के साथ-साथ बेहतर सुविधा उपलब्ध कराये जाने तथा जनपद में विभिन्न स्थलों पर उत्कृष्ट कृषि पर्यटन हेतु फार्म स्टे विकसित किये जाने हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आयोजक आधारशिला संस्थान, लखनऊ के प्रमुख कामेश्वर भारती द्वारा सभी ने पर्यटकों हेतु विभिन्न आकर्षक जैसे विभिन्न ऐतिहासिक वन्य जीव पर्यटन सांस्कृतिक, पौराणिक स्थल गांव में उपस्थित है जहा ग्रामीण पर्यटन के साथ ही कृषि पर्यटन का आनन्द पर्यटक ले सकते है आवश्यक है कि गांव को पर्यटन गांव के रूप में विकसित किया जाये जो स्थानीय भ्रमण, स्थानीय व्यजन, लोकगीत नृत्य स्थानीय सांस्कृतिक एवं परम्पराओ का अनुभव प्रदान करेंग को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये आने वाले भविष्य में अयोध्या में कृषि पर्यटन में प्रदेश में अग्रिम स्थान दिलाने का संकल्प लिया गया।

# उदया पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया जनजागरूकता अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उदया पब्लिक स्कूल में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंजुला आनंद, जिला मलेरिया अधिकारी/ जिला सर्विलेंस अधिकारी ने बताया कि संचारी रोगों विशेष कर डेंगू, आदि से बचाव हेतु जन जागरूकता बहुत जरूरी है, अपने आसपास कहीं गंदगी एवं पानी इकट्ठा नहीं होने देना चाहिए, लोगों को फुल आस्तीन के कपड़े पहनना चाहिए, मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए, अपने कूलर, फ्रिज में लगे बाउल, गमलों आदि को नियमित रूप से साफ करना चाहिए। डॉ पी सी भारती नोडल वेक्टर बोर्न ने डेंगू के इलाज़ एवं प्लेटलेट्स के बारे में जानकारी दी। डॉ अरविंद श्रीवास्तव, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट ने डेंगू, मलेरिया, स्क्रब टायफस, हीट वेव, रोगों के फैलने के कारण, बचाव एवं जॉच पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जिला मलेरिया अधिकारी/जिला सर्विलेंस अधिकारी मंजुला आनंद, डॉ पी सी भारती नोडल वेक्टर बोर्न, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ अरविंद श्रीवास्तव एवं अजीत सिंह, स्वास्थ्य निरीक्षक तथा उदया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाएँ समस्त छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## बाजिदपुर में मजलिस कल रविवार को

**स्वतंत्र भारत (अंबेडकरनगर)** अकबरपुर विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाजिदपुर में मरहूम सैयद वजीर हसन इब्ने सैयद औलाद हुसैन के पुण्य हेतु मजलिसे तरहीम कल रविवार को सुबह 10 बजे से आरम्भ होगी। सैयद बाकर हसन ने बताया मौलाना गुलजार हुसैन जाफरी मजलिस को संबोधित करेंगे। पेशखानी रौशन जलालपुर, रिजवान बाजिदपुरी तथा जाहिद हुसैन दहियावर करेंगे।

# व्यापार अधिकार मंच ने निकाली तिरंगा यात्रा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** आज व्यापार अधिकार मंच संगठन के संयोजक भाजपा नेता सुशील जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों ने शहीद स्मृति स्थल पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर जयघोष किया। वहीं तुर्की और अजरबेजान जैसे देश जिन्होंने भारत के आतंकवाद के विरुद्ध चलायें जा रहे आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद संरक्षक पाकिस्तान जैसे देश का साथ देने का साहस किया ऐसे देश और उनके उत्पादों का बहिष्कार करने का आह्वान व्यापारियों एवं आम जनता से किया, जिसमें प्रमुख रूप से विश्वप्रकाश रूपन, राजेश माखीजा सागर कार्यक्रम संयोजक, प्रवीण रस्तोगी, राजकुमार मोटवानी, शैलेंद्र सोनी रामू, रमेश जायसवाल, संदीप गुप्ता, राजा कौशल, अंकित चौरसिया, जया रहेजा, नीरज जायसवाल, दयाल यादव, नितिन गुप्ता, राजेश रस्तोगी काली, अश्विनी अग्रवाल, तैय्यब, अर्जुन गुप्ता, दिनेश तुलस्यानी, लक्ष्मण माखीजा, सुशील माखीजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुशील जायसवाल ने कहा कि हमें हमारी सेना, सैनिकों और भारत सरकार पर गर्व है। विश्व प्रकाश रूपन ने आपरेशन सिंदूर से जुड़े योजनाकारों एवं जल थल नभ तीनों सेनाओं की कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया, शैलेंद्र सोनी रामू ने बताया की आगामी सोमवार को ज़िलाधिकारी अयोध्या महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री जी को बधाई पत्र संगठन के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा।

# तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित




**स्वतंत्र भारत कुमारगंज (सं.)** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के प्रसार निदेशालय द्वारा प्राकृतिक खेती पर विश्वविद्यालय के कुलपति के दिशा निर्देशन एवं निदेशक प्रसार की अध्यक्षता में तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें कृषि विभाग के उपनिदेशक, एटीएम, बीटीएम, प्रगतिशील किसान एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में निदेशक प्रसार डॉ राम बटुक सिंह ने प्रशिक्षार्थिओं के प्राकृतिक खेती की मानव जीवन उपयोगीता वारे मे जानकारी दी। अपर निदेशक डॉ आर आर सिंह ने प्राकृतिक खेती से बढ़ते जमीन में कार्बन महत्व की जानकारी दी। डॉ के एम सिंह ने प्राकृतिक खेती के सिद्धांत एवं श्रीअन्न उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ एस पी सिंह ने प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे घनजीवामृत, बीजामृत, सतपर्णी, दसपर्णी नीमास्त्र पर विस्तृत जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के मृदा वैज्ञानिकों डॉ आलोक सिंह एवं महेंद्र सिंह द्वारा मृदा स्वास्थ्य पर विस्तृत जानकारी दी साथ ही साथ वैज्ञानिकों ने प्रयुक्त रसायनों खादों का मिट्टी में दुष्प्रभाव के जानकारी दी। डॉ संजीत कुमार ने प्राकृतिक खेती में प्रयुक्त होने वाले पारंपरिक बीजों का महत्व एवं उपयोगिता की दी। डॉ अनिल कुमार ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित उत्पादों की विपणन व्यवस्था की जानकारी दी। डॉ आर के आनंद फॉरेस्ट्री के महत्व एवं प्राकृतिक खेती से संबंध में बताया। प्रशिक्षण में महोबा, जौनपुर, फतेहपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, कन्नौज, देवरिया, अवागढ़, श्रावस्ती, बलरामपुर, औरैया, मैनपुरी, जिलों के प्रतिभागी रहे।

# विंध्या अग्रवाल ने बढ़ाया जिले का मान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम घोषित किए। कई छात्रों ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किए। उनमें से रिकाबगंज की कक्षा 10 की छात्रा विंध्या अग्रवाल ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2025 में 500 में से 489 अंक प्राप्त करके सुखियाँ बटोरी। विंध्या जे. बी. अकादमी की छात्रा हैं। विंध्या अग्रवाल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूँ। मैंने अपने परिवार और शिक्षकों को गौरवान्वित किए हैं। मैं प्रीतिदिन 10 घंटे पढ़ाई करती थीं। मुझमें आत्मविश्वास की कमी थीं, लेकिन मेरे माता-पिता ने हमेशा मेरा साथ दिया। मेरे पिता मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा हैं। उन्होंने हमेशा मुझ पर भरोसा दिखाया। उनके पिता जो कि खुद का डॉ. शरद अग्रवाल हैं। उनका सबसे बड़ा सहारा रहें हैं। विंध्या नीट एग्जाम की अच्छे से तैयारी करके एक सफल डॉक्टर बनकर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का उद्देश्य हैं।

# तिरंगा यात्रा निकालकर अधिवक्ता परिषद ने किया जयघोष




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया। इस पर अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या इकाई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आज कमिश्नरी गेट से विकास भवन तक भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली, तिरंगा यात्रा मे कदमताल करते हुए अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि जिस तरह से भारतीय सेना ने आतंकवादियों के अड्डों को नष्ट करके आतंकवादियों का सफाया किया है उससे हम सभी अधिवक्ता गण काफी प्रसन्न हैं और आगे भी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सेना पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाती रहेगी देश के सैनिकों को कोटि-कोटि नमन अधिवक्ता परिषद के महामंत्री रत्नेश सिंह ने कहा कि भारतीय सेवा ने देश का गौरव बढ़ाया है आज उनकी वजह से ही हमारा देश सुरक्षित है और समय-समय पर देश की सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलता रहेगा तिरंगा यात्रा में वरिष्ठ अधिवक्ता वेद प्रकाश मिश्रा, शरद त्रिपाठी ,मनीष कुमार पांडे, अमित जायसवाल, ओमप्रकाश त्रिपाठी, विजय कुमार मिश्रा, अमरीश सिंह सत्य प्रकाश मिश्रा, रजनीकांत त्रिपाठी सुनील कुमार साहू पूर्व शासकीय अधिवक्ता अनिल अग्रवाल सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा में बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अयोध्या के पदाधिकारियों ने तिरंगा यात्रा में बढ़ चढ़ हिस्सा लिया। संगठन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में प्रांतीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष श्याम पाल चोपड़ा, ज्ञान केसरवानी, कोयला व्यापारी संघ अध्यक्ष पवन जीवनी, सरदार सुरेन्द्र सिंह गांधी, महानगर उपाध्यक्ष जसबीर सिंह, सरदार अजीत सिंह, अर्जुन सिंह, अयोध्या व्यापार मंडल अध्यक्ष पंकज गुप्ता, महामंत्री नंदलाल गुप्ता, इलेक्ट्रोनिक्स डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद उमर, मंत्री पुनीत केसरवानी, सतनाम सिंह, राकेश तलरेजा, किशन बंका, महेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों व्यापारियों ने गांधी पार्क से चौक तक राष्ट्रध्वज लेकर भारतीय सेना की जय जयकार किया।

# 9 जुलाई को होगी राष्ट्रीय श्रमिक महासंघ की हड़ताल




**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** राष्ट्रीय श्रमिक महासंघों द्वारा 20 मई को होने वाली राष्ट्रीय हड़ताल अब 09 जुलाई को होगी। उक्त आशय की जानकारी वामदलों के पदाधिकारियों की हुई बैठक में दी गयी। बैठक में बताया गया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले जिसमें 26 निर्दोष लोगों की हत्या और उसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई की पृष्ठभूमि में देश में उत्पन्न राजनीतिक घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय श्रमिक महासंघों द्वारा लिया गया। बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा दिए गए बयान कि लाल सलाम बोलने वालों को धरती पर जीने का अधिकार छीन लेने की कड़े शब्दों में निन्दा की गई। लाल सलाम मेहनतकश अवाम की मुक्ति की हुंकार है। नेताओं ने कहा कि जब तक दुनिया में उत्पीड़न और अन्याय रहेगा दुनिया की हर बोली हर भाषा में लाल सलाम का नारा इस धरती पर गूंजता रहेगा। बैठक में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, एटक राज्य काउंसिल सदस्य अनिरुद्ध प्रताप मौर्य, किसान नेता विनोद सिंह, अयोध्या प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी मजदूर सभा ने दिया ज्ञापन



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो (अयोध्या)** समाजवादी मजदूर सभा के प्रान्तीय सचिव/प्रभारी अवध जोन अखिलेश चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामसभा सरेठी स्थित भूमि सं0-00189 में प्रापर्टी डीलरों द्वारा बड़े पैमाने पर हेर-फेर करके जमीन का सौदा किया जा रहा है, जिससे उपरोक्त भूमि के मालिकों के साथ मिलकर जमीन क्रेताओं के साथ चीटिंग की जा रही है और बाद में जमीन के मालिक और क्रेतागणों के बीच सौदेबाजी करके लाखों की काली कमाई की जा रही है। भू माफियाओं के विरूद्ध वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया गया जिसकी जांच सी0ओ0 अयोध्या के पास प्रतीक्षारत में चल रही है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यदि इनकी मदद शासन प्रशासन द्वारा नहीं हो पायेगी तो संगठन मजबूरन धरना प्रदर्शन/आन्दोलन करने को बाध्य हो सकता है। पत्र में कहा गया है कि प्रशासन प्रापर्टी डीलरों का मामला स्वयं संज्ञान में लेकर इस तरह के हो रहे खेल पर अंकुश लगाये। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले को जिलाधिकारी से मिलकर उनके समक्ष उठाया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष कैलाश कोरी, महानगर अध्यक्ष राजकपूर बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष महेश सोनकर, विश्वनाथ कोरी, राकेश कोरी, उमाकान्त पाण्डेय, बीरेन्द्र यादव, आर0टी0 यादव आदि शामिल रहें।

# महंत नृत्यगोपाल दास का 87वां जन्मोत्सव एक जून से



**स्वतंत्र भारत अयोध्या (सं)।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अध्यक्ष एवं मणिरामदास छावनी पीठाधीश्वर महंत नृत्यगोपाल दास महाराज का 87वां जन्म महा महोत्सव आगामी 1 जून से धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। दस दिवसीय इस जन्म महामहोत्सव का समापन 10 जून को होगा। इस संबंध में महंत नृत्यगोपाल दास महाराज के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री ने शुक्रवार को मणिरामदास छावनी में आयोजित प्रेसवार्ता दरम्यान बताया कि गुरुदेव महाराज के 87वें जन्म महा महोत्सव का शुभारंभ 1 जून से होगा। जिसमें शामिल होने हेतु उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम मिल चुका है। वह जन्म महोत्सव में किसी भी दिन सम्मिलित हो सकते हैं। जन्म महा महोत्सव का उदघाटन जगदगुरु शंकराचार्य भानु पीठाधीश्वर एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा किया जायेगा। महोत्सव में सुबह के सत्र में नित्य 1 जून से लेकर 8 जून तक सुरत शब्द योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम है। इसके प्रशिक्षक एवं निर्देशक चतराधाम वराहक्षेत्र, नेपाल के श्रीमज्जगदगुरु रामानंदाचार्य श्रीमत्स्वामी रामकृष्णा चार्य महाराज हैं, जिनके द्वारा योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं सायंकालीन सत्र में 1 जून से लेकर 9 जून तक नित्य 4 बजे से सायं 6 बजे तक श्रीमद वाल्मीकीय रामायण की कथा है। अंतर्राष्ट्रीय कथाव्यास आचार्य रामानंद दास महाराज अपने मुखारविंद से भक्तजनों को कथा का रसास्वादन करायेंगे। प्रतिदिन प्रातःकाल रामचरितमानस का अष्टोत्तर शत पाठ होगा। श्रीराम महायज्ञ में नित्य पूजन-अर्चन के बाद आहुतियां डाली जायेंगी। इसके अलावा प्रतिदिन विशाल अन्नक्षेत्र भी चलेगा। श्री दास ने बताया कि जन्म महामहोत्सव कार्यक्रम के क्रम में 9 जून को सायं 3 बजे से अखिल भारतीय विराट संत सम्मेलन है। जिसमें सम्मिलित होने के लिए देश भर के संत-धर्माचार्यों को आमंत्रित किया गया है। तमाम महापुरुषों के कार्यक्रम आ भी चुके हैं। संत सम्मेलन में शंकराचार्य, जगदगुरु रामानंदाचार्य व रामानुजाचार्य समेत अन्य धर्माचार्य शामिल होंगे। इसी दिन रात्रि 8 बजे मंदिर में फूलबंगला झांकी का कार्यक्रम भी है। अगले दिन 10 जून को सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक महाराज श्री का अभिषेक एवं मंगलाशासन का कार्यक्रम है। उसके बाद दोपहर 12 बजे से संत-महंत, धर्माचार्यों का विशाल भंडारा है। फिर उसके बाद जन्म महामहोत्सव का समापन हो जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सुमन देवी कमलाकर सिंह राजपूत डायरेक्टर बघेल कंस्ट्रक्शन, अध्यक्ष शिव कृपा मंडल एवं एसके इंग्लिश स्कूल वटवा अहमदाबाद, गुजरात हैं। महंत कमलनयन दास ने कहा कि जन्म महामहोत्सव के माध्यम से गुरुदेव के आदर्शों और देश में समता-समरसता स्थापित करना। सभी सुखी संपन्न रहें। भारत देश अखंड हो। प्रेसवार्ता में महेंद्र दास व विहिप प्रांतीय प्रवक्ता शरद शर्मा भी मौजूद रहे।

# नगरपालिका अध्यक्ष ने नगर विकास मंत्री से मिलकर रखी मांग-पत्र



**स्वतंत्र भारत देवरिया।** शुक्रवार को जिले के नव सृजित नगर पंचायत पथरदेवा में उत्तर प्रदेश के नगर विकास/ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा द्वारा विकास कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की अध्यक्ष श्वेता जायसवाल एवं प्रतिनिधि श्याम जायसवाल ने मंत्री जी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं बरहज नगर पालिका परिषद क्षेत्र के विकास से संबंधित अपनी मांग पत्र को मंत्री जी के समक्ष रखा,जिसके बाद मंत्री जी ने उन्हें आश्वासन दिया। कार्यक्रम के संयोजक पथरदेवा विधानसभा के विधायक/प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, भूपेंद्र सिंह,अलका सिंह, संजय सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पथरदेवा के सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष क्रांति कुमार सिंह को इस सफल आयोजन के लिए लोंगों ने धन्यवाद दिया।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## देवरिया की नगर पंचायत पथरदेवा में 43.58 करोड़ की लागत से विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा शुक्रवार को देवरिया जनपद की नगर पंचायत पथरदेवा पहुंचकर नगर पंचायत के विकास के लिए 43.58 करोड़ रुपए की लागत से कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें वंदन योजना के तहत 1.44 करोड रुपए की लागत के कार्य, कान्हा गौशाला बेसहारा पशु आश्रय स्थल हेतु 1.66 करोड़ रुपए के कार्य, मुख्यमंत्री वैश्विक नगर योजना के तहत वार्ड नंबर 01 के अंबेडकर नगर में 40 करोड़ रुपए से छठ घाट के जीर्णोद्धार के कार्य, वार्ड नंबर 03 और वार्ड नंबर 10 में 24-24 लाख रुपए से प्राथमिक विद्यालयों की कायाकल्प का कार्य कराया जाएगा। मंत्री ए.के. शर्मा ने पथरदेवा के शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी स्वयं कृषि मंत्री का सम्मान करते है। शाही जी की कार्य संस्कृति से पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को प्रेरणा मिलती है। शाही जी ने देवरिया जिले के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है।





ए.के. शर्मा ने बताया कि वर्ष 2022-23 में देवरिया जिले की नगरीय क्षेत्रों के विकास के लिए हेतिमपुर नगर पंचायत को 11.93 करोड रुपए, पथरदेवा नगर पंचायत को 17.76 करोड रुपए, तरकुलवा नगर पंचायत को 16.58 करोड रुपए दिए गए। गत वर्ष हेतिमपुर नगर पंचायत को 11 करोड रुपए, तरकुलवा नगर पंचायत को 12.50 करोड रुपए, पथरदेवा नगर पंचायत को 09 करोड रुपए दिए गए। इस वर्ष 2025-26 में हेतिमपुर नगर पंचायत को 17 करोड रुपए, तरकुलवा नगर पंचायत को 10 करोड रुपए तथा पथरदेवा नगर पंचायत को 18.50 करोड रुपए विकास कार्यों के लिए दिया गया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण कार्यों को आरडीएसएस योजना और बिजनेस प्लान के तहत जर्जर तारों पोल को हटाने, ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, नए ट्रांसफार्मर लगाने, 33 केवी और 11 केवी लाइनों को बढ़ाने आदि के कार्य कराए गए। देवरिया जिले में भी विद्युत व्यवस्था के सुधार हेतु सुदृढ़ीकरण के कार्य कराए गए। वर्ष 2023-24 में 31 करोड रुपए, 2024-25 में 27 करोड रुपए के कार्य कराए गए और इस वर्ष 2025-26 में इसके लिए 43.67 करोड़ रुपए मंजूर किया गया है। उन्होंने कहा कि देवरिया में बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिए 33 केवी और 11 केवी लाइनों को बढ़ाया जा रहा, 81 नए डिस्ट्रीब्यूटिव ट्रांसफार्मर लगाये जा रहा है। जिले में 311 ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि कराई गई। विगत दो वर्षों में जिले की विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए 100 करोड रुपए के कार्य कराए गए। उन्होंने कहा कि देवरिया में 247 मजरों के विद्युतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके अलावा अगर और कोई मजरा विद्युतीकरण से वंचित रह जाए तो मंत्री शाही या स्वयं मेरे संज्ञान में लाया जाए, जिससे कोई भी मजरा विद्युतीकरण से अधूरा न रह जाए। ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विकास में पिछड़ गया है, जिसके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए सतत प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश की सभी नगरीय निकायों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए विकास कार्यों में कराया जा रहा है। इसके लिए नगर विकास विभाग में नई योजनाए भी लाई गई हैं। हमारे नगर स्वच्छ और सुंदर बने इसमें नागरिकों का सहयोग बहुत जरूरी है। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, ईओ महेंद्र पांडेय, रोहित पांडेय, हिमांशु सिंह क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष बीरेंद्र यादव एवं अन्य निकायों के अध्यक्ष व सभासदगण, पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारीगण एवं हजारों की संख्या में नगरवासी, युवा व मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर

### बस स्टेशन प्रांगण में आज चलेगा हस्ताक्षर अभियान

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** देवरिया बस स्टेशन के जल्द निर्माण की मांग को लेकर आज 17 मई दिन -शनिवार को दिन में 11 बजे समाजवादी यूथ फ्रंटल संगठनों द्वारा देवरिया के बस स्टेशन प्रांगण में हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रणवीर यादव ने दी है।

### मिलावटी खाद्य व पेय पदार्थों की बिक्री पर नियंत्रण के उद्देश्य से चला प्रवर्तन अभियान

**स्वतंत्र भारत देवरिया।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश एवं सहायक आयुक्त (खाद्य), द्वितीय, देवरिया के निर्देशानुसार, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र के नेतृत्व में गठित विशेष सचल दल द्वारा ग्रीष्म ऋतु में होने वाले संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर नियंत्रण के उद्देश्य से एक प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह अभियान विशेष रूप से आइसक्रीम और आइसकैंडी जैसे उत्पादों की गुणवत्ता जांचने हेतु देवरिया नगरपालिका क्षेत्र में संचालित किया गया। अभियान के दौरान कसया रोड स्थित एक आइसकैंडी निर्माण इकाई से खाद्य सुरक्षा अधिकारियों श्री राम यादव, मानवेंद्र कुमार तथा सुश्री नेहा त्रिपाठी द्वारा आइसक्रीम एवं आइसकैंडी के तीन नमूने संग्रहित किए गए। इसी क्रम में देवरिया खास स्थित एक अन्य निर्माण इकाई से खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमचंद्र एवं घनश्याम वर्मा द्वारा दो और नमूने लिए गए। इस प्रकार कुल पाँच नमूने संग्रहित किए गए। जनपद में मिलावटी एवं निम्न गुणवत्ता वाली आइसकैंडी और आइसक्रीम के निर्माण एवं विक्रय पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अब तक कुल नौ नमूने एकत्र किए जा चुके हैं। इन नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### प्रधान सोना देवी की हुई मृत्यु, 25 साल से लगातार जीत रही थीं प्रधानी का चुनाव



**(फरिहा) आजमगढ़।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के बघौरा इमामपुर गांव की वर्तमान प्रधान सोना देवी यादव कि बीती रात मृत्यु हो गई है। और आज सुबह दस बजे उनके पार्थिक शरीर को दत्तात्रेय श्मशान घाट पर दाह संस्कार कर दिया गया है। वह पच्चीस साल से लगातार प्रधान थीं। उनके पति सत्यदेव यादव उर्फ कचहरी यादव रानी की सराय के पूर्व ब्लाक प्रमुख और समाज सेवी हैं। देश को आजादी जब से मिली और उसके बाद पंचायती राज का गठन हुआ था तब से लगातार सोना देवी यादव के घर में प्रधानी रही है हर पंच वर्षीय चुनाव में इसी परिवार के लोगों को विजय मिली है।सबसे पहले उक्त गांव के प्रधान बने रामनाथ यादव उसके बाद उनके बड़े बेटे हरपत यादव प्रधान हुए थे। उसके बाद महिला सीट होने पर हरपत यादव कि पत्नी गुलाबी देवी गांव कि प्रधान रही है। उसके बाद उनके लड़के सत्यदेव यादव उर्फ कचहरी यादव प्रधान और बाद में ब्लाक प्रमुख बने थे। तब उन्होंने वर्तमान प्रधान स्वर्गीया सोना देवी यादव को प्रधान बनाया जो 25 साल से लगातार आज तक प्रधान थीं दादा,ससुर ,सास ,और पति भी गांव के प्रधान थे। मृत्यु कि सूचना पर उनके घर शोक संवेदना देने वालों कि भीड़ लगी हुई थी। क्षेत्र के कई ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्य और प्रधान अधिवक्ता पत्रकार प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया ।

### अधिवक्ता उलझा, पुलिस पकड़ कर ले गई चौकी



**(लालगंज) आज़मगढ़।** स्थानीय तहसील परिसर में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में वरिष्ठ अधिवक्ता को अपशब्द कहने पर हंगामा हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस रविन्द्र राजभर को ले कर पुलिस चौकी चली गयी। कुछ देर बाद उसे छोड़ देने की सूचना पर अधिवक्ता नगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कई अधिवक्ता चौकी पर पहुँच कर चौकी प्रभारी से छोड़े जाने के सन्दर्भ में पूछताछ करने लगे । जिस पर ऊक्त को पुनः चौकी पर बैठा लिया गया। जानकारी के मुताबिक वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार अस्थाना शुक्रवार को उपजिलाधिकारी न्यायालय में एक मुकदमें की पत्रावली देख रहे थे । रविन्द्र राजभर पुत्र राम बरन निवासी तरवा अपने को अधिवक्ता बता कर उलझ गया, हंगामा सुनकर कई अधिवक्ता मौके पर पहुँच गए । सूचना पर पहुची पुलिस रविन्द्र राजभर को मौके से ले कर पुलिस चौकी चली गयी। अशोक कुमार अस्थाना द्वारा देवगांव कोतवाली में लिखित सूचना दे दिया गया है। वैसे तहसील परिसर में बहुत ऐसे लोग है जो अधिवक्ता की भेषभूषा में घूमते रहते है । देखना है कि एसोसिएशन के द्वारा ऐसे लोगो के विरुद्ध कौन सी कार्यवाही होती है।

# डीएम ने बरहज में पीपा पुल का किया निरीक्षण

## कार्य में देरी पर जताई नाराजगी, तीन दिन में निर्माण पूर्ण करने के दिए निर्देश





**स्वतंत्र भारत देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बरहज में सरयू नदी पर निर्माणाधीन पीपा पुल का निरीक्षण किया।

कार्य में देरी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी और तीन दिन के भीतर पुल का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि निर्माण में तकनीकी अड़चनें और जलस्तर में वृद्धि के कारण विलंब हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्या का तत्काल समाधान निकालते हुए दो या तीन दिनों पुल को यातायात के लिए चालू किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने परसिया देवार व बरहज के बीच स्थित घाघरा नदी पर बने मोहन सेतु का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परसिया देवार की ओर अप्रोच मार्ग का हिस्सा नदी की धारा में हुए कटान के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जबकि बरहज की ओर अप्रोच कार्य पूर्ण हो चुका है। बताया गया कि नदी की धारा में बदलाव के कारण मूल एस्टीमेट के अनुसार बनाए जा रहे अप्रोच मार्ग का हिस्सा पानी में समा गया, जिससे निर्माण कार्य बाधित हुआ। साथ ही, सेतु निगम व लोक निर्माण विभाग (क्कङ्घष्ठ) के बीच समन्वय की कमी के चलते कार्य आगे नहीं बढ़ सका। अब दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर लिया गया है।

**■ अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी अड़चनें व जलस्तर में वृद्धि के कारण विलंब हुआ कार्य**

पुल की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए 'मॉडर्न स्टडी' आई आई टी रुड़की द्वारा कराई गई है।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अध्ययन रिपोर्ट प्राप्त होते ही संशोधित एस्टीमेट शासन को शीघ्र भेजी जाय। युद्धस्तर पर कार्य कर पुल का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए।

# संदिग्ध हालात में ब्यूटीशियन कोर्स कर रही छात्रा ने लगाई फांसी

## परिजनों में मचा कोहराम

**(अतरौलिया) आजमगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के उपटापार बांसगांव (भुलई नगर) निवासिनी खुशबू पुत्री मिठाई लाल उम्र 19 वर्ष ने अपने ही दुपट्टे से पंखे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मिठाई लाल का परिवार रोज की भांति खाना खाकर रात्रि में अपने अपने कमरे सोने चला गया। सुबह जब परिवार के लोग सो कर उठे तो खुशबू के कमरे का दरवाजा अन्दर से बन्द था । जिसपर खुशबू की माता सरस्वती देवी ने बाहर से कई बार आवाज लगाई और दरवाजा पीट पीट कर बुलाने लगी। जब दरवाजा अंदर से नहीं खुला तो खुशबू की माँ ने परिवार वालों को बताया । जिसपर परिजनों ने दरवाजे की कुण्डी को तोड़कर अंदर गए तो देखा खुशबू दुपट्टे से कमरे में लगे पंखे के सहारे फांसी लगा ली थी। जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन फानन में परिवार वालों ने खुशबू को फंदे से नीचे उतारा तो देखा उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका 3 भाईयों की इकलौती बहन थी जो घर पे रहकर ही ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही थी। हालांकि परिवार वालों ने घटना की जानकारी अतरौलिया थाने पर दे दी। थाना अध्यक्ष अमित कुमार मिश्र व पुलिस सहित फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य संकलन में जुट गई । पुलिस ने शव का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस हृदय विदारक घटना से माँ सरस्वती देवी सहित परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

# कांवेंट स्कूल में प्रतिभावान छात्र छात्राएं हुई सम्मानित



**माहुल(आजमगढ़)।** माहुल के अशरफियां कांवेंट स्कूल में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हाई स्कूल और इंटर की सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में सर्व श्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्र छात्राओं का सील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। हर बर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष इंटर मीडिएट की परीक्षा में फहद मालिक 89.4% अंक पाकर स्कूल में प्रथम स्थान पर और शशांक गुप्ता 80%अंक पाकर द्वितीय और शिवम् प्रजापति 79%अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह हाई स्कूल की परीक्षा में जयंत मिश्र ने 89.2%, नैन्सी सिंह ने 88.4%और अथर्व तिवारी ने 86%अंक पाकर स्कूल में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बच्चों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित करने के उपरांत अशर्फियां इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ बदरुद्दीन ने कहा कि निरंतर ही एकाग्र मन से अध्ययन ही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल सविता यादव,अमरेश तिवारी जीशान अहमद,इसरार अहमद,अमीर खुशरू,आरिज खान, बंदना सोनी, सायमा,आयशा आदि रहे।।

# मामूली विवाद में चली गोली, महिला की मौत

## मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सहित पुलिस फोर्स पहुंची



मृतका की फाइल फोटो

**आजमगढ़।** अतरौलिया थाना क्षेत्र के नाऊपुर गांव में एक कार से बाइक में हल्का सा धक्का लगने के विवाद में चली गोली से दामाद को बचाने आई सास रमावती (55 वर्ष), पत्नी रामबली राजभर, की गोली लगने से मौत हो गई। घटना के मुख्य आरोपी विश्वकेतु सिंह, पुत्र भगवान सिंह, और भगवान सिंह, पुत्र अवध नारायण सिंह, दोनों नाऊपुर गांव के निवासी हैं। परिजनों के अनुसार, मृतका का दामाद संजीव पांडे अपनी चार पहिया वाहन से गांव स्थित अपनी ससुराल आ रहा था। रास्ते में विश्वकेतु सिंह, जो एक बच्चे का बाल कटवाकर मोटरसाइकिल से आ रहा था, कि दोनों वाहन की टक्कर हो गई। इस टक्कर को लेकर दोनों पक्षों में बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर विश्व केतु सिंह अपने घर गया, और अपने पिता भगवान सिंह के साथ आरपीएस स्कूल के समीप लाठी डंडे के साथ लड़ाई झगड़ा करने लगे, इसी दौरान किसी ने असलहा निकालकर फायर कर दिया, जिसमे बीच-बचाव करने आई रमावती को असलहे से निकली गोली पेट में जा लगी। गंभीर रूप से घायल रमावती को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर घटना स्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन सहित अतरौलिया थाने की फोर्स भी पहुंच गई । अपर पुलिस अधीक्षक ने बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया, इस दौरान आरोपी के छोटे-छोटे बच्चों व परिजनों से भी घटना के बारे में जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि गांव के ही व्यक्ति विश्व केतु सिंह व उनके पिता भगवान सिंह द्वारा घटना को किया गया है । घटना में मृतक का जमाई अपनी गाड़ी से जा रहा था, व विपक्षी मोटरसाइकिल से आ रहे थे, दोनों लोगों में टक्कर हुई, जिसमें कहा सुनी होने लगी, विपक्षी वापस अपने घर गया, और तमंचा लाकर फायर कर दिया ।

तहरीर प्राप्त हो चुकी है, सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। एफआईआर दर्ज कर ली गई है व भगवान सिंह को तत्काल हिरासत में ले लिया गया है। विश्व केतु सिंह फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है, जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। आरोपी भगवान सिंह को वर्ष 2004 में एक हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसकी जांच की जा रही है।

मृतका के दामाद संजीव पांडे ने बताया कि मैं गाड़ी लेकर अपनी ससुराल जा रहा था, कि सामने एक ट्रैक्टर खड़ा था । ट्रैक्टर वाले ने हॉर्न बजाया तो मैं गाड़ी साइड करने गया, मैं अपनी गाड़ी साइड करने लगा, इसी दौरान विश्व केतु सिंह आ गए, और मोटरसाइकिल पर दो बच्चों को बैठाये थे, इसी दौरान विश्व केतु सिंह गाड़ी के सामने आकर गाली गुप्ता देने लगे , मना करने पर घर से अपने पिता को बुलाकर लाठी डंडा लाकर मारने पीटने लगे, इसी दौरान विश्व केतु सिंह ने अपना असलहा निकाल लिए और मेरे ऊपर फायर करने की नियत से गोली चला दिए ।जैसे ही मेरी सास मुझे बचाने के लिए आगे आई मेरी सास को गोली लग गई और गोली लगने से उनकी मौत हो गई।

# एहयाउल उलूम हायर सेकेंडरी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन




**(मुबारकपुर) आजमगढ।** एहयाउल उलूम हायर सेकेंडरी स्कूल मुबारकपुर में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रफअत परवीन उप प्रधानाचार्य जी जी आई सी आज़मगढ़, समाजसेवी व भावी प्रत्याशी सैफ अली आदि के हाथों पुरस्कार वितरण किया गया । कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में पोजीशन लाने वाले कक्षा 10 के छात्र एवं छात्राओं और स्कूल में वार्षिक परीक्षा में कक्षा 6 से 9 तक कामयाब होने वाले छात्र एवं छात्राओं को को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष के हाजी मोहम्मद अकरम और संचालन मास्टर जमील अहमद नेवादवी ने की। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, उपाध्यक्ष हाजी मोहम्मद याकूब, मैनेजर अंसार अहमद. मौलाना अब्दुल अव्वल हरीरी, मास्टर अबू सैफ अंसारी, मोहम्मद इमरान, हाजी शम्सुलहक, हाजी मोहम्मद शमीम, इफ्तेखार अहमद, जलालुद्दीन, फैजान अहमद, हाजी सगीर अहमद, हाजी अब्दुर्रहमान, तहज़ीब अनवर, हाजी कमरुज्जमा सहित स्कूल स्टाफ मास्टर मोहम्मद आज़म प्रिंसिपल, मोहम्मद अशरफ, मास्टर मोहम्मद शाहनवाज, मास्टर अजीजुल हक, मास्टर अरशद जमाल, मास्टर मोहम्मद अरशद, मास्टर अश्वनी कुमार, मास्टर गुफरान अहमद, मास्टर नागेंद्र, मास्टर मोहम्मद राशिदअनवर, मास्टर मोहम्मद आसिफ, मास्टर जीशान अहमद, मास्टर मोहम्मद अजहरुद्दीन. मास्टर शरीफ अहमद, मास्टर खुर्शीद, मास्टर मोहम्मद अहमद, इश्तियाक अहमद,मोहम्मद अनीस मास्टर अबूसाद आदि उपस्थित थे।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल पुरनिया, लखनऊ**

ई–निविदा सूचना दिनांक 15.05.2025

निविदा सं0 एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. 03/EUDC-PURANIA/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड–बी०के०टी० लेसा, लखनऊ के उपखण्ड–बी०के०टी० के 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, साढ़ामऊ एवं मामपुरबाना से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत जमा योजना मद में एच०टी०/एल०टी० लाइनों व उपकेन्द्रों के निर्माण तथा अन्य तत्सम्बन्धी रनिंग विद्युतीय कार्य। ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशिः रू0 45000.00
2. 04/EUDC-PURANIA/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड–बी०के०टी० लेसा, लखनऊ के उपखण्ड–बी०के०टी० के 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, बौरूमऊ से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत जमा योजना मद में एच०टी०/एल०टी० लाइनों व उपकेन्द्रों के निर्माण तथा अन्य तत्सम्बन्धी रनिंग विद्युतीय कार्य । ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशिः रू0 25000.00
3. 05/EUDC-PURANIA/2025-26 विद्युत नगरीय वितरण खण्ड–डालीगंज, लेसा, लखनऊ के उपखण्ड पुरनिया के 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र पुरनिया से पोषित कार्यक्षेत्रान्तर्गत में जमा योजना के मद में एच०टी०/एल०टी० लाइनों/उपकेन्द्रों के निर्माण तथा अन्य तत्सम्बन्धी रनिंग विद्युतीय कार्य। ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 45000.00

ई–निविदा की अन्तिम तिथिः 26 मई 2025, 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रद्रशित की जायेगी।

पत्रांक–3000/वि0न0वि0म0–पुरनिया/निविदा प्रकाशन/2025–26 दिनांकः– 15.05.2025

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत नगरीय वितरण
मण्डल–पुरनिया लेसा, लखनऊ

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार कटिबद्ध

## प्राप्त समस्याओं पर अधिकारी त्वरित करें कार्यवाही : नीलम प्रभात

**मिर्जापुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने जनपद मुख्यालय के जिला पंचायत सभागार में आयोजित जन सुनवाई के दौरान महिलाओ की समस्याओं से सम्बन्धित शिकायतो को सुना। सदस्य राज्य महिला आयोग के समक्ष कुल दहेज की मांग, घरेलू हिंसा सहित अन्य कुल 7 पीड़ितो के द्वारा अपनी समस्याओ को रखा गया, जिसकी सुनवाई करते हुए उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायती पत्रो पर त्वरित कार्यवाही करते हुए समाधान कराया जाए। इस दौरान सदस्य राज्य महिला आयोग समक्ष दो महिलाओ ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनके पति के द्वारा उन्हें घर से निकाल दिया गया है तथा फोन पर बार-बार धमकी आदि दी जाती है जिसे सम्बन्धित




थानाध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि दोनो पक्षो को बुलाकर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। इसी प्रकार अन्य समस्याओ को भी सुनते हुए लोगो को समाधान हेतु निर्देशित किया गया। सदस्य राज्य महिला आयोग नीलम प्रभात ने शासकीय व निजी कार्यालयों, संस्थाओं, संगठन, उत्पाद, विक्रय, वितरण व सेवा केन्द्र, शिक्षण व प्रशिक्षण संस्थानो, नर्सिंग होमध्अस्पतालों आदि के अधिकारियों व सम्बन्धित प्रबंधको को निर्देशित करते हुए कहा कि महिलाओ का कार्य स्थल पर जहां कार्मिको की संख्या 10 से अधिक है उनमें महिलाओ लैंगिंग उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतो की जांच हेतु अनिवार्य रूप से आन्तरिक परिवाद समिति का तत्काल गठन किया जाए ताकि पीड़ित महिला कार्य स्थल पर हुए उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायत उस कार्यालय में गठित आन्तरिक परिवाद समिति में दर्ज करा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे कार्य स्थल जहां कार्मिको की संख्या 10 से कम है वहां की पीड़ित महिला उत्पीड़न की शिकायत जनपद में जिलाधिकारी द्वारा गठित कलेक्ट्रेट स्थित स्थानीय परिवाद समितिध्जिला प्रोबेशन कार्यालय में दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने कहा जिन कार्य स्थलो में समिति का गठन नही पाया जाएगा उनके ऊपर रूपया 50000 (पचास हजार रूपया) जुर्माना भी लगाया जा सकता हैं। जन सुनवाई के द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक सदर शक्ति प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विवेक जावला, क्षेत्राधिकारी शिखा भारती, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहें। सदस्य राज्य महिला आयोग श्रीमती नीलम प्रभात ने तहसील लालगंज अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुबार कला, लालगंज एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लालगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफको स्वास्थ्य परिधान में रहने हेतु निर्देशित किया। कस्तूरबा विद्यालय की बालिकाओं से मिलकर शिक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही वन स्टाप सेण्टर का निरीक्षण करते हुए सभी स्टाप के कार्यों की सराहना की।

## जन चौपाल में एडीओ आईएसवी व एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत लोहरौह व बड़गड़ा में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसवी व एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प,किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत लोहरौह के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसवी हरिओम बिंद ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना। जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय, पेंशन, राशन कार्ड की मांग ग्रामीणों ने रखी जिसमें एडीओ आईएसवी ने ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बड़गड़ा के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील पटेल ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास,हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय राशन कार्ड की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया की ग्राम पंचायत लोहरौह व बड़गड़ा में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ आईएसवी व एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय, राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान सचिव दिनेश कुमार, गौरव राणा,ग्राम प्रधान लोहरौह संजय सिंह, बड़गड़ा पानकली रोजगार सेवक राजेश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## शौच को निकली किशोरी का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**पड़री(मिर्जापुर)।** घर सेशौच के लिए गुरुवार की शाम शेषपुरा गांव के रमेश कुमार की 16 वर्षीया पुत्री साधना गुरुवार शाम को साढ़े छह बजेघर से निकली थी। काफी रात बीत जानेके बाद पता न चलनेपर चिंतित परिजनों नेखोजबीन शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।

# पेयजल का संकट गहराया, सूखे तालाब, दो दर्जन गांवों में टैंकर से हो रही पेयजल आपूर्ति

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकासखंड के पठारी क्षेत्रों में पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई है जिसे देखते हुए विकास खंड के दो दर्जन गाँव में टैंकर से पानी की आपूर्ति की जा रही है। ग्राम पंचायत कोटार के हरसड स्थित मुर्दहवा तालाब सहित दर्जन भर तालाबों में पानी न होने के कारण तालाब से धूल उड़ रही है तालाब में बच्चे क्रिकेट खेलते नजर आ रहे है। विद्युत आपूर्ति रात 9 बजे से सुबह आठ बजे तक हो रही है। दोपहर में मात्र दो घंटे ही विद्युत आपुर्ति होने से गर्मी में लोग परेशान हो रहे है। घर के बाहर तेज तपिश व घर के अंदर उमश से जीना दूभर हो गया है।

आलम यह है कि गर्मी का आगाज हो गया है हैंडपंपो व कूपों के पानी का जलस्तर घटता जा रहा है। ऐसी स्थिति में तालाबों में पानी होने से गाँव के कूप व हैंड पंप का जलस्तर




वर्करार रहता है। ग्रामीणों ने नहर संचालित करा कर तालाब भरवाने की मांग डीएम से की है। वही ग्राम पंचायतों से कूप की सफाई करवाने की मांग की है। दो दर्जन ग्राम पंचायतों में टैंकर से पानी सप्लाई हो रही है। क्षेत्र के पटपरा, बेलाही, मतवार, नदना, पिपरा, मनिगढा, थोथा, बैधा, देवरी, गोरगी गौरवा आदि सहित दो दर्जन गांवों में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।इस संबंध में बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की पानी की समस्या की जानकारी संज्ञान में आते ही हैंड पम्पों का रिबोर कराया जा रहा है। सभी सचिवों व ग्राम प्रधानों को टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करने का निर्देश दिया गया है।

## आम के पेड़ से गिरकर बालक घायल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी 12 वर्षीय बालक शुक्रवार को आम के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये।जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी गोपी कोल का 12 वर्षीय पुत्र सतीश घर के सामने स्थित आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय आम के पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने गंभीर रूप से घायल बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक हर्षवर्धन ने बालक का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक हर्षवर्धन ने बताया की आम के पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय बालक गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आया था। उपचार के बाद बालक के सीने व कमरें में गंभीर चोट को देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

## नकदी सहित तीन लाख का माल किया पार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के खोराडीह गांव मेंगुरुवार की रात कच्चे घर का खपरैल हटाकर घुसे चोरों ने नकदी सहित तीन लाख रुपये के जेवरात पार कर दिया। शुक्रवार की सुबह पीड़ित ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिसमौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई है। खोराडीह के पथरहिया पुरवा निवासी लालता के घर के सभी सदस्य गुरुवार को बारात मेंसम्मिलित होने के लिए अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। लालता घर पर अकेलेथे। गुरुवार की रात भोजन करनेके बाद बाहर दरवाजे पर सोए हुए थे। रात में घर को खाली व सुनसान देख चोर घर के उपर चढ़कर खपरैल हटाकर अंदर प्रवेश कर गएऔर कमरेका ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देनेके बाद फरार हो गए।

# ग्राम जन चौपाल में अधिकारी रहे नदारद, सचिवों ने की खानापूर्ति

**जिगना (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बजटा गाँव मेंशुक्रवार को पंचायत भवनपर संपन्न हुई चौपाल में ब्लाक स्तरीय अधिकारी नदारद रहे। एक मात्र सेक्रेटरी की उपस्थिति के चलते माहौल फीका रहा। कार्डधारकों ने कोटेदार की कारस्तानी उजागर की। सुबह दस बजे से चौपाल में आई महिलाओं व ग्रामीणों को भीषण गर्मी के मौसम मेंएक बजेदिन तक चौपाल शुरू होने का इंतजारकरना पड़ा। सेक्रेटरी मुश्ताक अहमद नेआवास व शौचालय की मांग को सूचीबद्ध किया। कार्ड धारकों नेएक स्वर में बताया किकोटेदार घटतौली करता है। दिव्यागों व पात्र जनो की अनदेखी कर मृतकों का राशनकार्ड अपनेचहेतों के नाम आवंटित कर रहा है।यद्यपि कोटेदार वकील कुमार नेआरोपों सेइंकार किया। प्रधान उषा देवी ने अध्यक्षता की। पंचायत सहायक पवन प्रजापति,श्रीकांत बिंद आदि रहे। सेक्रेटरी नेबताया कि अन्य कार्यों मेंव्यस्तता के कारण ब्लाक स्तरीय अधिकारी चौपाल में नहीं आए।

## पं. विजयानंद मिश्र मार्ग निर्माण में लीपापोती

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र की सबसे पुरानी सड़क पं. विजयानंद मिश्र मार्ग जो खैरा बाजार से सीखड़ कुल छह किलोमीटर की है इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चौड़ीकरण करते हुए दो लेन का पुनर्निर्मित किया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य अभी आधा अधुरा ही है। निर्माण कार्य मे जिनका मकान सड़क मे बाधा पहुंचा रहा था उन लोगों ने अपना अपना मकान स्वयम तुड़वा लिया किन्तु खैरा मे सरकारी स्कूल की चाहार दीवारी नही तोड़ी गई।


स्वतंत्र भारत
## वर्गीकृत

### सूचना
पहले मेरा नाम वैभव श्रीवास्तव था, जिसे बदलकर वैभव कुमार श्रीवास्तव पुत्र अनिल कुमार श्रीवास्तव कर दिया है। नि.- 566/17 जयप्रकाश नगर आलमबाग लखनऊ के नाम से जाना व पहचाना जाये।
सी.आर.-320/L-25

### सूचना
मेरा यूपी बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल वर्ष 1988 अनुक्रमांक 456940 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। राकेश धर पांडेय पुत्र विश्वनाथ पांडेय पता-ए 302 योगानंद, सीएचएस प्लाट नं.13 सेक्टर 15, नबी मुंबई, ठाणे।
सी.आर.-322/D-30

### सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RASHID HABIB FAROOQUI था जो अब बदलकर RASID HABIB FAROOQI हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। RASID HABIB FAROOQI S/O Sipte Habibullah Farooqi 189/170 Rani Mandi, Prayagraj UP.
सी.आर.-322/D-33

### सूचना
मेरा नाम अतीक अहमद खान मेरे पिता का नाम स्वर्गीय कबीर अहमद खान सा0 ग्राम अल्लीपुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ है, मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंग्रेजी में अशुद्ध ATEEQUE AHMAD KHAN दर्ज हो गया है । जबकि मेरा शुद्ध नाम ATIQUE AHMAD KHAN है।
सी.आर.-326/D-37

### सूचना
मैंने अपना नाम अफजाल से बदलकर अफजाल खान रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पता- गोपालपुर, मजगवां, जनपद-बलरामपुर (उ.प्र.)।
सी.आर.-325/L-25

### सूचना
सूचित किया जाता हैं कि पुष्पा लता देवी (PUSHPA LATA DEVI) मेरा गलत नाम है ,मेरा सही नाम पुष्प लता (PUSHP LATA ) है भविष्य में मुझे पुष्प लता के नाम से जाना व पहचाना जाय। पुष्प लता पत्नी धर्मेन्द्र कुमार निवासी- 576/385, गहरू, सरोजनी नगर, लखनऊ।
सी.आर.-324/L-38

### संबंध विच्छेद
मैंने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। धनपाल पुत्र जगनाथ नि.ग्रा. सरथौली थाना कांट-शाहजहांपुर।
सी.आर.-328/D-30

### NOTICE
I hitherto known as Tinnoo Singh S/O Virendra Pal Singh, Residing at Village-Paliya Patti, Paliya Patti, Shahjahanpur Uttar Pradesh- 242301, have changed my name and shall hereafter be known as Tejpratap Singh.
सी.आर.-328/D-31

### NOTICE
I hitherto known as Gokaran S/O Sudesh Singh, Residing at Village-Kiratpur Bihari, Jaitipur, Shahjahanpur Uttar Pradesh- 242301, have changed my name and shall hereafter be known as Swatantra.
सी.आर.-328/D-27

### सूचना
मैं शन्नो पत्नी मो0 इसरार निवासिनी-350, बारादरी मस्जिद, अशराफटोला, कस्बा सण्डीला जिला हरदोई यह सूचित करना चाहती हूँ कि मेरा एक मूल विक्रय विलेख दिनांकित 10/12/2019 जो उपनिबन्धक सण्डीला, हरदोई के कार्यालय में बही सं0-1, जिल्द सं0-6841 पृष्ठ सं0-171/204 क्रमांक 9737 पर पंजीकृत है यह मूल दस्तावेज दिनांक 08/04/2025 को अशराफटोला, कस्बा सण्डीला जिला हरदोई में कहीं गिर कर खो गया है उपरोक्त विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय की गयी सम्पत्ति गाटा सं0-266 मि. का जुज भाग रकबा 1000 वर्गफिट स्थित-ग्राम-टिकरादाऊदपुर परगना व तहसील-सण्डीला जिला हरदोई सूचनार्थी द्वारा श्रीमती जरीना बानों पत्नी मो0 एजाज निवासिनी-ग्राम-असही आजमपुर, परगना व तहसील- सण्डीला जिला हरदोई को विक्रय की जा रहीं है यह दस्तावेज जिस किसी को मिले या किसी को कोई आपत्ति हो तो मो0नं0-9621663713 एवं श्रीमती जरीना बानों पत्नी मो0 एजाज के मो0नं0 पर 9794750888 को सूचित करना सुनिश्चित करें!
सी.आर.-321/L

### किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर-खीरी
**गन्ना परिवहन ई-निविदा सूचना**
पेराई सत्र 2025-26 में इस मिल समिति के विभिन्न 29 वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर गन्ना की ट्रकों/ट्रेलरो से चीनी मिल केन कैरियर तक ढुलाई/लदाई आदि कार्यों हेतु अनुभवी गन्ना परिवहनकर्ता ठेकेंदारों/प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टरो से दिनांक 16/05/2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30/05/2025 को सांयकाल 6:55 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 31/05/2025 को प्रातः 11:00 बजे (टेक्निकल विड) एवं दिनांक 01/06/2025 को प्रातः 11:00 बजे कामर्शियल विड खोली जायेगी। उक्त निविदा www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।
प्रधान प्रबन्धक

**शान्ती देवी राम बदन महाविद्यालय नसीरपुर, जनपद-अम्बेडकरनगर : आवश्यकता है:** स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्राचार्य- 01 पद एवं परास्नातक कला संकाय में समाजशास्त्र, हिन्दी, गृह विज्ञान, भूगोल के 02-02 प्रवक्ताओं की तथा स्नातक कला संकाय में भूगोल में 02 प्रवक्ता की एवं हिन्दी, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान में 03-03 प्रवक्ताओं की तथा संस्कृत, प्राचीन इतिहास, राजनीति शास्त्र एवं शिक्षा शास्त्र में 01-01 प्रवक्ता की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता- उ0प्र0 सरकार/ यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित एवं डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार। वेतनमान- उ0प्र0 सरकार/ यू0जी0सी0 एवं अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत निर्धारित वेतनमान एवं अन्य सुविधाएं। नोट- इच्छुक अभ्यर्थी समस्त अंकपत्रों एंव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ सात दिनों के अन्दर कार्यालय में सम्पर्क करें या रजिस्टर्ड डाक से भेजे। नोट- कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
**प्रबन्धक : अशोक कुमार दूबे, मो.नं. 9935853799, 9792095949**

### शुद्धिपत्र
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है की न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी0जी0) / अपर कलेक्टर, लखनऊ द्वारा जारी सरफेसी एक्ट में विज्ञापन, जो इस अखबार में दिनांक 13 मई 2025 को प्रकाशित हुए हैं, वाद संख्या विज्ञापन के शीर्षक नाम निम्नानूसर पढ़ा जा सकता है :-
वाद संख्या:डी- 202510460001504 श्री हैदर रज़ा नकवी आदि
वाद संख्या: डी- 202510460001463 श्री राम किंकर यादव आदि
अन्य प्रकाशित विवरण यथावत सही और बिना किसी परिवर्तन के हैं।
प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 16 मई 2025 हिंदुजा हाउज़िंग फाइनेन्स लिमिटेड

### दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., पुरनपुर, जिला-पीलीभीत ई-निविदा सूचना
इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्न सामानों की आपूर्ति एवं ठेके के कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदाएँ अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा की नियम व शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in एवं संघ कार्यालय लखनऊ की बेवसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि | निविदा अपलोड करने की तिथि | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि | कामर्शियल बिड की तिथि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C.I. Sluice Valve | 26-05-2025 | 05-06-2025 | 06-06-2025 | 06-06-2025 | 5000/- |
| 2. | Cast Steel Item | 26-05-2025 | 05-06-2025 | 06-06-2025 | 06-06-2025 | 5000/- |
| 3. | Refractory Item | 27-05-2025 | 06-06-2025 | 07-06-2025 | 07-06-2025 | 5000/- |
| 4. | Packing & Jointing | 27-05-2025 | 06-06-2025 | 07-06-2025 | 07-06-2025 | 3000/- |
| 5. | Nut Bolt | 28-05-2025 | 09-06-2025 | 10-06-2025 | 10-06-2025 | 5000/- |
| 6. | Lighting Materials | 28-05-2025 | 09-06-2025 | 10-06-2025 | 10-06-2025 | 5000/- |
| 7. | Heavy Chemicals | 30-05-2025 | 10-06-2025 | 11-06-2025 | 11-06-2025 | 5000/- |
| 8. | Black Polyethene Sheets Poly Propylene Sheets Thread Trolly, Trolly Wheel | 30-05-2025 | 10-06-2025 | 11-06-2025 | 11-06-2025 | 5000/- |
| 9. | Nickel Screen | 02-06-2025 | 11-06-2025 | 12-06-2025 | 12-06-2025 | 5000/- |
| 10. | C/F Copper Liner Brass Supporting Liner | 02-06-2025 | 11-06-2025 | 12-06-2025 | 12-06-2025 | 5000/- |
| 11. | Tools & Tackles | 02-06-2025 | 11-06-2025 | 12-06-2025 | 12-06-2025 | 3000/- |
| 12. | P.V.C. Cables | 04-06-2025 | 12-06-2025 | 13-06-2025 | 13-06-2025 | 5000/- |
| 13. | Computer Stationery | 04-06-2025 | 12-06-2025 | 13-06-2025 | 13-06-2025 | 5000/- |
| 14. | Welding accessories | 05-06-2025 | 13-06-2025 | 14-06-2025 | 14-06-2025 | 3000/- |
| 15. | Servicing Testing/repairing/A.V.R./Relay/Alternator | 05-06-2025 | 13-06-2025 | 14-06-2025 | 14-06-2025 | 3000/- |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
पत्रांक : 138/लेखा-क्रय/2025-26 दिनांक: 15-05-2025 प्रधान प्रबंधक
सी.आर.-327/D-

**हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**
**न्यायालय अपर जिला जज (FTC)2 इलाहाबाद/ प्रयागराज**
**प्रोवेट वाद स.798 सन 2024**
मनीष कुमार गुप्ता उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र संतोष कुमार गुप्ता निवासी ग्राम पोस्ट बेलवां परगना सिकंदरा तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज...... ........याची/प्रार्थी
बनाम
संतोष कुमार उम्र लगभग 52 वर्ष
संदीप कुमार उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्रगण स्व. चैलू निवासीगण- ग्राम व पोस्ट बेलवां परगना सिकंदरा तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज...........प्रतिवादी
चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के05 के26 दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि-26.05.2025**
**न्यायाधीश**
सी.आर.-322/D-CN

**वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 नियम 1 और 5)**
**न्यायालय एम. ए. सी. टी.उत्तरी प्रयागराज**
**सी.पी.न.- 1284 सन 2019**
**निर्मला यादव आदि........वादिनी**
**बनाम**
**डेलही गुजरात फ्लीट कैरियर आदि**
...
बृजेश कुमार पुत्र अमृत निवासी ग्राम चकनेंदु पोस्ट सियाडीह हंडिया जिला प्रयागराज वाहन ट्रैक्टर संख्या यू पी 70 एफ सी -0522......प्रतिवादी
चूँकी वादिनि ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है । 2025 के 06 के 09 दिवस को बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया
**नियत तिथि - 09.06.2025**
**न्यायाधीश**
सी.आर.-322/D-CN

### पूर्वोत्तर रेलवे
**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: ETender-GSU-TRD-L03-25-26**
**दिनांक: 15-05-2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
**क्रम सं.-01,** कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में अमृत भारत योजना के अंतर्गत भटनी यार्ड के प्लेटफार्म संख्या 2 एवं 3 पर पीपी शेल्टर के निर्माण कार्य के कारण आ रहे अवरोधों को हटाने से संबंधित 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: ETender-GSU-TRD-L03-25-26, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 60,01,157.91, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 1,20,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 06-06-2025 upto 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 06 माह।
• खुली ई-निविदा दिनांक 06-06-2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति**
मुजाधि/विद्युत-35 वाराणसी
**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

**अदालती सूचना अनसूची 7 (धारा290)**
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0), मोहम्मदी खीरी**
**मुत0 उत्तराधिकार वाद सं0- 24/2022**
**ता0 पेशी- 22.05.2025**
**मनीराम पुत्र हेमराज निवासी अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी**
**बनाम**
पुत्तूलाल पुत्र किसा निवासी अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुत्तूलाल पुत्र किसा निवासी अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी की निम्नवर्णित सम्पत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाणपत्र हेतु ने एक प्रार्थनापत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22.05.2025 को निश्चित हुई है।
अतः यदि किसी पक्ष को अथवा किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत तिथि अथवा किसी कार्य दिवस में न्यायालय में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा 22.05.2025 को प्रार्थनापत्र की सुनवाई एक पक्षीय रूप से कर प्रार्थनापत्र निस्तारित कर दिया जाएगी।
**सम्पत्ति का विवरण-**
इण्डियन बैंक शाखा अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी
में मृतक के नाम बचत खाता सं0 50293186596
में धनराशि मु0 377234/- रुपया मय ब्याज
**न्यायालय की आज्ञा से**
**मुन्सरिम**
**न्यायालय सिविल जज जू0डि0**
**मोहम्मदी खीरी**
सी.आर.-323/D-CN

अदालती सूचना ता. पेशी 30.06.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर वाद सं. 557 वर्ष 2024 अन्तर्गत धारा 125 सी.आर.पी.सी थाना रौजा जनपद शाहजहांपुर श्रीमती अभिलाषा पांडेय बनाम संजय शुक्ला बनाम संजय शुक्ला पुत्र श्री गणेशप्रसाद शुक्ला निवासी 36/100 खास बाजार शिवाला थाना फीलखाना जिला कानपुर-208001 मो.9305615413....विपक्षी चूंकि उपरिनिमांकित श्रीमती अभिलाषा पांडेय वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि हर्जा खर्चा भरण पोषण दिलाया जावे। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 06 के 30 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 05 के 16 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।**
सी.आर.-328/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 10.07.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 633 वर्ष 2019 आर.सी इण्डस्ट्रीज बनाम मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर आदि बनाम 1- मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर कार्यालय गांधीगंज शाहजहांपुर द्वारा भागीदार/पार्टनर 2- श्रीमती आशा गोयल पत्नी स्व. विशनचंद्र गोयल पार्टनर मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर कार्यालय गांधीगंज शाहजहांपुर 3- मोहित गोयल पुत्र स्व. विशनचंद्र गोयल पार्टनर मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर कार्यालय गांधीगंज शाहजहांपुर... प्रतिवादीगण हरगाह आर.सी इण्डस्ट्रीज वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत बसूली धनराशि के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 07 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 16 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**
सी.आर.-328/D-CN

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।


स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

स्वतंत्र भारत

# देश विदेश

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, शनिवार, 17 मई, 2025



# विजय शाह की टिप्पणी को हथियार बना रहा पाक

## भारत में मुस्लिमों के प्रति कथित नफरत के तौर पर कर रहा पेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादास्पद बयान दिया था, जिसे लेकर देश में लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले का संज्ञान लिया और मंत्री से माफी मांगने को कहा है।

इस बीच पाकिस्तान ने मंत्री विजय शाह के बयान को एक टूल का तरह इस्तेमाल कर प्रोपेगैंडा चलाने का काम किया है। पाकिस्तान के सरकारी चैनल पीटीवी ने इस बयान को भारत में मुस्लिम के प्रति कथित नफरत के प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया है। पाकिस्तान के चैनल्स ने एक प्रोपेगैंडा के तहत विजय शाह के बयान को इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है और पीटीवी के अलावा जीओ न्यूज, द डैली जंग सहित कई पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट्स



ने इस बयान पर खबरें प्रकाशित कर दुनिया में मुस्लिम समुदाय में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। पीटीवी ने बुधवार देर रात प्रसारित अपने प्राइम टाइम कार्यक्रम में कहा है, भारत के हिन्दू बीजेपी के सीनियर नेता विजय शाह ने एक वफादार मुस्लिम महिला अफसर को दहशतगर्दों की कतार में खड़ा कर दिया है। मोदी के भारत में मुस्लिम के प्रति नफरत इस हद तक बढ़ चुकी है कि अब सेना के उच्च अधिकारी और महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। पीटीवी, जीओ न्यूज और जंग टीवी ने आरोप लगाया कि भारत में मुसलमानों को मुख्यधारा से बाहर धकेला जा रहा है और अब जो लोग सेना जैसी संस्थाओं में भी अपनी सेवा दे रहे हैं, उन्हें संदेह की नजर से देखा जा रहा है। पाकिस्तान द्वारा कर्नल सोफिया के बहाने भारत की छवि को अल्पसंख्यक विरोधी राष्ट्र के रूप में प्रचारित करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ पाकिस्तानी टीवी चैनल्स ही नहीं, पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल्स से भी इस मुद्दे को लेकर नफरती एजेंडे और भारत के खिलाफ दुष्प्रचार को तेज कर दिया गया है।

# पाक मीडिया ने ही खोल दी अपने विदेश मंत्री की पोल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तानी सीनेट में एक विदेशी अखबार की

### इशाक डार ने संसद में फर्जी खबर के जरिए दिखाया बड़बोलापन

### फैक्ट चेक में फर्जी निकली तस्वीर

फर्जी तस्वीर का जिक्र कर झूठा दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना संघर्ष में भारतीय वायुसेना पर भारी पड़ी। इस दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने ब्रिटिश अखबार डेली टेलीग्राफ के एक लेख की तस्वीर का हवाला दिया। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया ने ही अपने विदेश मंत्री के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। फैक्ट चेक में विदेशी अखबार की



तस्वीर फर्जी निकली है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को पाकिस्तानी सीनेट में बताया कि ब्रिटिश अखबार टेलीग्राफ ने लिखा कि पाकिस्तानी वायुसेना, आकाश में निर्विवाद किंग रही। इस पर पाकिस्तान के एक जाने-माने अखबार डॉन ने ही फैक्ट चेक कर अपने विदेश मंत्री के दावे को खारिज कर दिया। अखबार ने बताया कि इशाक डार ने जिस खबर का जिक्र किया, वह फर्जी है और वह सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल एक फर्जी तस्वीर है। पाकिस्तानी अखबार ने वायरल तस्वीर की जांच की तो उसे तस्वीर में कई खामियां नजर आईं। जांच में पता चला कि डेली टेलीग्राफ ने ऐसी कोई खबर प्रकाशित ही नहीं की। पाकिस्तानी अखबार ने फैक्ट चेक के जरिए पता लगाया कि वायरल तस्वीर में जो लेख है, उसमें स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादकीय में नहीं हो सकतीं। पेज का लेआउट भी डेली टेलीग्राफ के लेआउट से मेल नहीं खाता। पाकिस्तान के कई अन्य पत्रकारों ने भी इस तस्वीर का फैक्ट चेक किया और इस खबर को फर्जी पाया। एक यूजर ने डेली टेलीग्राफ की तस्वीर को एआई जेनरेट बताया और संसद में दिए उप-प्रधानमंत्री के दावे को शर्मनाक करार दिया।

# माउंट एवरेस्ट पर भारतीय पर्वतारोही की मौत

**काठममांडू।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर मौजूदा मार्च-मई पर्वतारोहण सीजन के दौरान दो पर्वतारोहियों की मौत की पुष्टि हुई है। इन मृतकों में एक

### इस सीजन पहली बार हुआ ऐसा

भारत से और दूसरा फिलीपींस से था। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल के पर्वतारोहण अधिकारियों ने दी। 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही सुब्रत घोष ने एवरेस्ट के 8,849 मीटर (29,032 फीट) ऊंचे शिखर को सफलतापूर्वक फतह तो किया, लेकिन गुरुवार को हिलेरी स्टेप के नीचे लौटते समय उनकी मौत हो गई।

नेपाल के स्नोई होराइजन ट्रेक्स एंड एक्सपेडिशन कंपनी के आयोजक बोधराज भंडारी ने बताया, वह



हिलेरी स्टेप से नीचे आने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं उनकी मौत हो गई। उनके शव को बेस कैंप तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। मौत का कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। हिलेरी स्टेप को 'डेथ जोन' भी कहा जाता है। यह 8,000 मीटर (26,250 फीट) से ऊपर का इलाका है। यहां प्राकृतिक ऑक्सीजन का स्तर इंसान के जीवित रहने के लिए पर्याप्त नहीं होता। फिलीपींस के 45 वर्षीय पर्वतारोही फिलीप सैंटियागो की मौत बुधवार देर रात साउथ कोल में हुई। नेपाल पर्यटन विभाग के अधिकारी हिमाल गौतम ने बताया कि वह चौथे उच्च शिविर (हाई कैंप) तक पहुंचे, लेकिन अत्यधिक थकान के कारण जब वह अपने टेंट में आराम कर रहे थे, तभी उनकी मृत्यु हो गई।

दोनों पर्वतारोही एक ही अंतरराष्ट्रीय अभियान दल का हिस्सा थे, जिसका आयोजन बोधराज भंडारी द्वारा किया गया था। नेपाल ने इस सीजन के लिए 459 पर्वतारोहण परमिट जारी किए हैं। इस हफ्ते लगभग 100 पर्वतारोही और उनके गाइड पहले ही शिखर तक पहुंच चुके हैं।

# भारत-चीन को लड़ा रहे पश्चिमी देश : रूस

**मॉस्को।** पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य संघर्ष के दौरान खुल कर भारत का साथ देने वाला रूस अब चाह रहा है कि भारत और चीन के संबंधों में तनाव कम हो। इसके लिए प्रयास भी शुरू हो गये हैं। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि दरअसल पश्चिमी देश भारत और चीन को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की खबर के मुताबिक, लावरोव ने मॉस्को में 'सीमाओं के बिना संस्कृति : सांस्कृतिक कूटनीति की भूमिका और विकास' विषय पर आयोजित डिप्लोमैटिक क्लब की बैठक में यह टिप्पणी की। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों पर गौर करें, जिसे पश्चिम ने अपनी नीति को स्पष्ट रूप से चीन विरोधी रुझान देने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र कहना शुरू कर दिया है- इस उम्मीद के साथ भी कि इससे हमारे महान मित्रों और पड़ोसी देशों भारत व चीन के बीच टकराव पैदा किया जा सकेगा। चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए स्थापित चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के मुखर आलोचक लावरोव ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य गठबंधन एयूकेयूएस के गठन के बाद इसकी आलोचना कम कर दी है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

# बंगाल में बेरोजगार हुए शिक्षकों ने प्रदर्शन किया

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती मामले में 26,000 शिक्षकों की नौकरी जाने के मामले में सीएम ममता बनर्जी की अगुवाई वाली राज्य सरकार के खिलाफ शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे एसएससी शिक्षकों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प में कई शिक्षक घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने भारी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने साल्ट लेक में राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय की घेराबंदी करने के लिए रेलिंग के घेरे को तोड़ दिया और लोहे के गेट तोड़ दिए।

## एक नज़र

### अमेरिका में मेंढक की भ्रूण तस्करी

**मोनरो।** रूसी मूल की वैज्ञानिक और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता केसेनिया पेट्रोवा पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण की तस्करी करने का आरोप लगा है। उनके वकील ने बृहस्पतिवार को अदालत से अपील की कि पेट्रोवा को लुइसियाना के हिरासत केंद्र से वापस मैसाचुसेट्स लाया जाए, जहां तीन महीने पहले उन पर केस दर्ज हुआ था। 30 वर्षीय पेट्रोवा को पहले से ही निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा बुधवार को पेट्रोवा की रिहाई पर सुनवाई की गई, जिसके बाद उन पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण के नमूने तस्करी से लाने का आरोप लगाया गया। लुइसियाना के न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान आरोपों पर विचार किया।

### गाजा में फिर 20 लोग मरे

**गाजा।** इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच शुक्रवार सुबह एक बार फिर इस्राइल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। इस हवाई हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। साथ ही कई अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट की माने तो वहां उपस्थित पत्रकार ने इंडोनेशियन अस्पताल में 20 शवों को गिनने की पुष्टि की। वहीं दूसरी ओर घायलों और बचावकर्मियों ने बताया कि कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

### करतारपुर गलियारा फिर खोलने की मांग

**अमृतसर।** अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज ने करतारपुर कॉरिडोर को फिर से खोलने की मांग की है। यह श्रद्धालुओं को पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा दरबार साहिब में मत्था टेकने की सुविधा प्रदान करता है। यह गलियारा सात मई से बंद है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सात मई को तड़के पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। करतारपुर गलियारा पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक से जोड़ता है। जत्थेदार ने कहा कि सिख रोजाना उन गुरुद्वारों तक खुली पहुंच के लिए प्रार्थना करते हैं, इसलिए करतारपुर साहिब कॉरिडोर को बंद रखना उचित नहीं है।

### सऊदी के अलावा भी कई मुस्लिम देशों ने खदेड़े पाक भिखारी

**रियाद।** सऊदी अरब से बीते साल जनवरी से अब तक 5033 पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजा गया है। अधिकृत जानकारी के अनुसार यह आंकड़ा बीते 16 महीनों का है। सऊदी अरब के अलावा पाकिस्तान से लोग मलयेशिया, इराक, यूएई, ओमान और कतर जैसे देशों में भी भीख के लिए जाते हैं। ये सभी इस्लामिक मुल्क हैं और पाकिस्तान के गरीब तबके के लोगों को लगता है कि यहां भीख मांगकर भी गुजारा किया जा सकता है। सऊदी अरब तो हर साल ही हजारों पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजता है। उसने पाक सरकार से भी कहा था कि इन्हें रोकने के लिए कदम उठाए। सऊदी अरब, इराक, मलयेशिया, ओमान, कतर और यूएई से कुल 5402 भिखारियों को वापस भेजा गया है। यह आंकड़ा जनवरी 2024 से अब तक का है। इनमें से 4850 लोगों को सऊदी अरब समेत इन देशों ने 2024 में वापस भेज दिया था। इसके अलावा 552 पाकिस्तानी भिखारियों को इस साल ही लौटाया गया है।

### 'विद्या बालन को डिनर का ऑफर पूर्व सीएम की पत्नी पर टिप्पणी'

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह इन दिनों अपने विवादास्पद बयान की वजह से सुर्खियों में हैं। पिछले दिनों उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब विजय शाह किसी विवाद में फंसे हैं। इससे पहले भी उनसे जुड़े कई ऐसे मामले हैं, जिसके बाद उनकी आलोचना हुई थी। इससे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। इतना ही नहीं, उन्होंने मध्यप्रदेश में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन को डिनर का निमंत्रण देने के बाद भी विवाद खड़ा हुआ था। फिलहाल, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के आदेश के बाद विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# शहबाज शरीफ भारत के साथ वार्ता को तैयार, शर्तों में कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि



पाकिस्तान शांति के लिए भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। उन्होंने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कामरा एयरबेस के दौरे के दौरान यह टिप्पणी की। हालांकि, शहबाज ने यह भी कहा कि शांति की शर्तों में कश्मीर का मुद्दा भी शामिल है। संघर्ष विराम के लिए बनी सहमति के बाद शहबाज शरीफ का किसी सैन्य ठिकाने पर यह दूसरा दौरा था। इस दौरान उनके साथ उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी एयरबेस पर मौजूद थे। इससे पहले शहबाज शरीफ ने बुधवार को सियालकोट में पसरूर छावनी का दौरा किया, जहां उन्होंने पाकिस्तानी जवानों से बातचीत की।

# ब्रह्मोस के आगे पिट गए पाक-चीनी एयर डिफेंस सिस्टम

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। भारत ने बीते दिनों जिस सटीकता और सर्तकता से ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है, उससे देश-विदेश के एक्सपर्ट्स भी भारतीय सशस्त्र बलों की पीठ थपथपा रहे हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के जाने माने वारफेयर

### अमेरिकी विशेषज्ञ हुए मुरीद

एक्सपर्ट जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की है। जॉन स्पेंसर ने कहा है कि इस ऑपरेशन, और बाद में पाकिस्तान को जवाब देने में भारत ने अटैक और डिफेंस का गजब का संगम दिखाया है। उन्होंने कहा है कि भारत ने यह संदेश भी दे दिया है कि वह पाकिस्तान में कहीं भी और कभी भी हमला कर सकता है। जॉन स्पेंसर मॉडर्न वॉर




इंस्टीट्यूट में अर्बन वॉरफेयर स्टडीज के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। रिटायर्ड कर्नल जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान जिन चीनी एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल करता है, वे कभी भी भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। स्पेंसर ने इंडिया टुडे को बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान में घुस कर हमला किया। वहीं भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को भी सफलतापूर्वक खदेड़ा। स्पेंसर ने आगे यह भी कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली किसी भी चीनी वायु रक्षा प्रणाली को भेदने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, चीनी वायु रक्षा प्रणाली और मिसाइलें भारत की प्रणालियों की तुलना में कमजोर हैं। भारत का संदेश स्पष्ट था। भारत पाकिस्तान में कहीं भी, कभी भी हमला कर सकता है। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर कायराना हमले शुरू कर दिए थे। हालांकि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर हमलों को नाकाम कर दिया। वहीं 10 मई को जब पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की तब भारत ने करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के कई एयर बेस को तबाह कर दिया।

# आवारा कुत्तों से बचने को तीसरी मंजिल पर चढ़ गई गाय


**पुणे।** आवारा कुत्तों ने दौड़ाया, बचने के लिए इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई गाय महाराष्ट्र में पुणे की पारंपरिक इमारत 'वाड़ा' के लोगों की नींद शुक्रवार सुबह उस समय शोरगुल से खुल गई, जब आवारा कुत्तों से बचने के लिए एक गाय इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार पेठ इलाके के परदेसी वाड़ा में सुबह करीब 6 बजे की है। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा, 'आवारा कुत्तों के पीछा किए जाने पर एक जर्सी गाय इमारत के परिसर में घुस गई। वह एक संकरी लकड़ी की सीढ़ी से तीसरी मंजिल पर चढ़ गई।'

# न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में औपचारिक रूप से भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते

### 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित

हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाया गया। न्यूयॉर्क स्टेट सीनेटर जेरेमी कूनी ने यह प्रस्ताव पेश किया। जेरेमी कूनी वर्तमान में न्यूयॉर्क स्टेट सीनेट में सेवारत भारतीय मूल के




एकमात्र सदस्य हैं। कूनी के प्रस्ताव को बुधवार को एक समारोह में पारित किया गया। इस कार्यक्रम में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय प्रधान के साथ-साथ न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग भी शामिल हुए।

# सिंधु जल संधि को लेकर भिड़े उमर अब्दुल्ला और महबूबा

**श्रीनगर।** तुलबुल नौवहन परियोजना को पुनर्जीवित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पूर्ववर्ती महबूबा मुफ्ती के बीच सोशल मीडिया पर सार्वजनिक बहस छिड़ गई। महबूबा मुफ्ती ने सरकार पर भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त होने के बीच उकसाने वाले कदम उठाने का आरोप लगाया। हालांकि, अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मुफ्ती इस विचार का विरोध करके सस्ते प्रचार के लिए और पाकिस्तान में कुछ लोगों को खुश करने की कोशिश कर रही हैं। तुलबुल नेविगेशन परियोजना का उद्देश्य बांदीपुरा जिले में झेलम से बहने वाली वुलर झील को पुनर्जीवित करना है। परियोजना 1987 में शुरू की गई थी, लेकिन 2007 में पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण इसे रोक दिया गया था कि यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन करती है। पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को भारत द्वारा संधि को निलंबित करने के बाद, अब्दुल्ला ने गुरुवार को वुलर झील पर परियोजना में काम फिर से शुरू करने का आह्वान किया। एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि पाकिस्तान के साथ जल समझौते को स्थगित रखा गया है, मुझे आश्चर्य है कि क्या हम परियोजना को फिर से शुरू कर पाएंगे। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि उत्तरी कश्मीर में वुलर झील। वीडियो में आप जो सिविल कार्य देख रहे हैं, वह तुलबुल नेविगेशन बैराज है। इसे 1980 के दशक की शुरुआत में शुरू किया गया था, लेकिन सिंधु जल संधि का हवाला देते हुए पाकिस्तान के दबाव में इसे छोड़ना पड़ा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि अगर तुलबुल परियोजना पूरी हो जाती है तो इससे झेलम नदी का इस्तेमाल नौवहन के लिए करने में मदद मिलेगी।

## पढ़ाई के सफ़र को किया याद!

कहा जाता है कि आपकी पढ़ाई-लिखाई ही आपका भविष्य तय करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके पसंदीदा एण्डटीवी एक्टर्स कितने पढ़े-लिखे हैं? ये जाने-पहचाने चेहरे, जो हर दिन अपने मजबूत और दिल को छू जाने वाले किरदारों से दर्शकों का दिल जीतते हैं, असल ज़िंदगी में भी शैक्षणिक रूप से काफी होशियार रहे हैं। उनकी यही पढ़ाई एंटरटेनमेंट की दुनिया में आज इस मुकाम तक लाने में मददगार साबित हुई है।'भीमा' में कैलाशा बुआ का किरदार निभा रहीं नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''एक्टिंग में मेरे अनुभव को शिक्षा ने गहराई दी है। मेरे पास फाइन आर्ट्स में एमए और पीएचडी की डिग्री है और मुझे गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफविजुअल एण्ड परफॉर्मिंग आर्ट्स की हेड बनने का सम्मान मिला है। शिक्षा मेरे लिये हमेशा से एक मार्गदर्शक रही है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में प्यारी कटोरी अम्मा का किरदार निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, ''विज्ञान में गहरी रुचि होने के कारण मैंने डीएवी कॉलेज, देहरादून से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पोस्टग्रेजुएट डिग्री के लिये पढ़ाई



की थी। हालांकि, परफॉर्मिंग आर्ट्स के लिये मेरा झुकाव ज्यादा था और इसलिये मैंने 1984 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से ग्रेजुएशन किया। मेरे लिये शिक्षा का मतलब है बौद्धिकता को भावना, तर्क तथा रचनात्मकता से मिलाना। मेरे एक्टिंग कॅरियर में इसकी बड़ी भूमिका रही है।'''भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का मशहूर किरदार निभाने वालीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''मेरी असल जिन्दगी में शिक्षा का हमेशा बड़ा महत्व रहा है।

## 'सरू' ने लोगों के दिलों को छू लिया!

हाल ही में शुरू हुआ नया फिक्शन शो 'सरू' एक ऐसी लड़की की कहानी है जो राजस्थान के खरेस गांव से है। वो अपनी पढ़ाई के लिए समाज की सोच से लड़ती है और कभी हार नहीं मानती। इस कहानी को पर्दे पर ज़िंदा किया है डेब्यू कर रहीं मोहक मटकर ने, जो सरू बनी हैं, और शगुन पांडे ने, जो वेद का किरदार निभा रहे हैं। दोनों कलाकारों ने सिर्फ एक्टिंग नहीं की, बल्कि गांव के माहौल और संस्कृति में पूरी तरह उतरकर अपने किरदारों को निभाया है। शो की कहानी, इसका ट्रीटमेंट और राजस्थान की खूबसूरत लोकेशंस दर्शकों को खूब पसंद आ रही हैं। और अब, पब्लिक रिव्यू सामने आ चुका है और साफहै कि ये शो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। हर तरफ और सोशल मीडिया पर शो को लेकर जमकर तारीफें हो रही हैं। कुल मिलाकर, 'सरू' ने लोगों के दिलों को छू लिया है। इतनी तारीफें मिलने के बाद मोहक और शगुन दोनों बहुत खुश और



दर्शकों के शुक्रगुज़ार हैं। सरू का किरदार निभा रहीं मोहक मटकर ने कहा, ''दोस्तों, फैमिली और सोशल मीडिया पर जो मैसेज मिल रहे हैं, वो दिल को छू लेने वाले हैं। लोग कह रहे हैं कि उन्हें सरू की कहानी बड़ी अपनी-सी लग रही है। ये बस शुरुआत है। आगे की कहानी और भी मज़ेदार और इमोशनल होगी।'' वेद बिड़ला का रोल निभा रहे शगुन पांडे ने कहा, ''लोग वेद और सरू के रिश्ते को लेकर भी बहुत अच्छा रिस्पॉन्स दे रहे हैं। हम आगे भी उन्हें इस कहानी से बांधे रखना चाहेंगे।'' मालूम हो कि 'सरू' रोज शाम साढ़े सात बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण







